kanwhizztimes

@kanwhizztimes lucknow

@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-97 ❐ गुरुवार, 07 मई 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12




इंडिया गठबंधन कुछ ही सप्ताह में समाप्त होने वाला है तथा इसका श्रेय लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जाएगा। श्री गांधी जब चुनाव चल रहे होते हैं, तो आप अंडमान-निकोबार छुट्टी मनाने चले जाते हैं और चीन के इशारे पर उनके लिए दुष्प्रचार करते हैं। श्री गांधी आप एक अयोग्य नेता हैं।

संबित पात्रा


मान का बयान देश को तोड़ने वाला: भाजपा 11

मुख्यमंत्री ने 7.56 लाख पेंशनर्स को जारी की पेंशन 12


## ईसी नियुक्ति कानून पर सुनवाई टालने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार की उस याचिका को स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिसमें 2023 के उस कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई टालने की मांग की गई थी, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और दो उप-आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली समिति से भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को हटा दिया गया था।

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह मामला शबरिमला मामले से भी 'अधिक



❐ अदालत बोली–मामला सबरीमाला से भी ज्यादा महत्वपूर्ण, केंद्र की स्थगन मांग खारिज

महत्वपूर्ण' है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ-सदस्यीय संविधान पीठ वर्तमान में केरल के शबरिमला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और विभिन्न धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के उस अनुरोध को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह शबरिमला मामले की सुनवाई में व्यस्त हैं, इसलिए इस मामले को स्थगित किया जाए। न्यायमूर्ति दत्ता ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाले वर्तमान ● शेष पेज 11 पर

## 'रक्षा त्रिवेणी संगम' से आत्मनिर्भर भारत को मिलेगी नई गति : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रक्षा त्रिवेणी संगम के रूप में टेक्नोलॉजी, ज्ञान और इनोवेशन को एक मंच पर लाने का ऐतिहासिक प्रयास है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के विजन को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री योगी बुधवार को संगम नगरी में आयोजित नॉर्थ टेक सिंपोशियम के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज की आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम की तरह यह सिंपोशियम भी टेक्नोलॉजी, इंडस्ट्री और सैन्य शक्ति के संगम का प्रतीक बना है। उन्होंने कहा कि




भारत की परंपरा वसुधैव कुटुंबकम की रही है, लेकिन उदारता की रक्षा के लिए शक्ति और सामर्थ्य भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आधुनिक युद्ध अब केवल जल, थल और वायु तक सीमित नहीं है, बल्कि साइबर, स्पेस और डेटा आधारित मल्टी-डोमेन ऑपरेशन का स्वरूप ले चुका है। ऐसे में तकनीकी आत्मनिर्भरता और रक्षा उत्पादन में स्वदेशी क्षमता बढ़ाना समय की मांग है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद कानून-व्यवस्था में सुधार और 'जीरो टॉलरेंस' नीति के कारण निवेश का माहौल बेहतर हुआ है। इसी का परिणाम है कि राज्य में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर तेजी से विकसित हो रहा है। लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और चित्रकूट जैसे नोड्स में हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज भारत रक्षा उत्पादों के आयातक से निर्यातक देश बन रहा है और उत्तर प्रदेश इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य में स्किल्ड मैनपावर, एमएसएमई नेटवर्क और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर डिफेंस सेक्टर को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। समापन सत्र में विंग कमांडर ने कहा कि नॉर्थ टेक सिंपोशियम ने पिछले दो दिनों में टेक्नोलॉजी, विशेषज्ञता और इनोवेशन का प्रभावी मंच प्रदान किया। उन्होंने बताया कि आधुनिक सैन्य क्षमता अब टेक्नोलॉजी आधारित तैयारी पर निर्भर है, जो केवल सेना, उद्योग, शैक्षणिक संस्थानों और सरकार के मजबूत समन्वय से ही संभव है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार और एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में डिफेंस इंडस्ट्री के लिए तेजी से विकसित ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### नगर निगम के अपर नगर आयुक्त के खिलाफ विजलेंस जांच शुरू

**लखनऊ।** नगर निगम के अपर नगर आयुक्त के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपों ने प्रशासनिक गलियारों में हलचल मचा दी है। उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान ने नगर निगम प्रयागराज में तैनात अपर नगर आयुक्त अरविंद कुमार राय के खिलाफ खुली जांच शुरू कर दी है। विजिलेंस ने वर्ष 2010 से 2025 के बीच उनके और उनके परिवार के नाम खरीदी गई सभी आवासीय व व्यावसायिक संपत्तियों का पूरा ब्योरा तलब किया है। इस संबंध में लखनऊ विकास प्राधिकरण, नगर निगम और जिला प्रशासन को पत्र भेजकर एक सप्ताह के भीतर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### स्मार्ट मीटर की खामियां जस की तस : उपभोक्ता परिषद

**लखनऊ।** वर्ष 2019 से 2022 के बीच लगे 12 लाख स्मार्ट मीटरों में जो खामियां केंद्र सरकार की टीम ने पाई थीं, वही कमियां मौजूदा समय में लग रहे स्मार्ट मीटरों में भी हैं। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने स्मार्ट मीटर की पुरानी खामियों को नजरअंदाज कर के प्रदेश भर में नए सिरे से स्मार्ट मीटर लगाने पर सवाल उठाए हैं। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि ऊर्ज़ा दक्षता सेवा लिमिटेड (ईईएसएल) द्वारा प्रदेश में लगाए गए 12 लाख स्मार्ट मीटरों की जांच केंद्र सरकार की उच्च स्तरीय समिति ने की थी। सितंबर 2023 में टीम ने रिपोर्ट सौंपी थी। रिपोर्ट में जो कमियां गिनाई गई थीं, वे अब लग रहे स्मार्ट मीटरों में भी हैं। अवधेश ने कहा कि अगर आरडीएसएस के तहत लग रहे इन स्मार्ट मीटरों में उपभोक्ता हितों के मानकों को ध्यान में रखकर आगे बढ़ाया गया होता तो पूरी परियोजना सवालों के घेरे में नहीं आती। तब रिपोर्ट में बताया गया था कि उपभोक्ताओं को तीन से छह महीने के विलंब से एसएमएस अलर्ट नहीं मिल रहे। चेक मीटर की स्थापना में अनियमितता बरती गई थी।

## ट्रंप ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को रोका

### ईरान के साथ अंतिम समझौते की दिशा में बड़ी प्रगति का दावा

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए जारी ''प्रोजेक्ट फ्रीडम'' को रोक दिया है और दावा किया कि ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के समझौते की दिशा में बातचीत में प्रगति हुई है।

ट्रंप ने मंगलवार को ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा, ''ईरान के प्रतिनिधियों के साथ एक पूर्ण और अंतिम समझौते की दिशा में बड़ी प्रगति हुई है। ट्रंप ने कहा, ''पाकिस्तान और अन्य देशों के अनुरोध, ईरान के खिलाफ अभियान के दौरान मिली जबरदस्त सैन्य सफलता और ईरान के प्रतिनिधियों के साथ पूर्ण एवं अंतिम समझौते की दिशा में हुई महत्वपूर्ण प्रगति के आधार पर हमने आपसी सहमति से यह तय किया है कि नाकाबंदी पूरी तरह से लागू रहेगी लेकिन 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' (होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही) को थोड़े समय के लिए रोक दिया जाएगा।

अमेरिका और ईरान दो माह से चले आ रहे युद्ध को खत्म करने के करीब आ रहे हैं और दोनों देशों के बीच बातचीत एक संक्षिप्त समझौते के विवरण पर केंद्रित है। एक्सियोस की एक रिपोर्ट में बुधवार को यह दावा किया गया।

रिपोर्ट में कई अमेरिकी अधिकारियों और मामले के जानकार सूत्रों के हवाले से कहा गया कि अमेरिका को कई अहम प्रावधानों पर ईरान के जवाब का इंतजार है और अभी तक वे किसी अंतिम समझौते पर नहीं पहुंचे हैं। प्रस्तावित ढांचे में एक 14-सूत्री समझौता है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच फौरन युद्धविराम शुरू हो जाएगा और फिर 30 दिन तक विस्तृत बातचीत होगी। इस योजना के तहत ईरान अस्थायी रूप से परमाणु संवर्धन रोक देगा, जबकि अमेरिका को ईरान से प्रतिबंध हटाकर उसे अरबों डॉलर की संपत्ति जारी करनी होगी। दोनों पक्षों से होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव



कम करने की भी उम्मीद है, जिसमें परिवहन पर रोक और समुद्री नाकेबंदी कम करना शामिल है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एक पाकिस्तानी सूत्र ने कहा कि बातचीत 'बहुत जल्द' खत्म हो सकती है। फरवरी के आखिर में लड़ाई शुरू होने के बाद से पाकिस्तान ने एक अहम बिचौलिए की भूमिका निभाई है, इस्लामाबाद में बातचीत की मेजबानी की है और दोनों पक्षों के बीच बातचीत को आसान बनाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को रोकने की घोषणा किये जाने के कुछ ही घंटों बाद कूटनीतिक प्रयासों ने ज़ोर पकड़ लिया, हालांकि व्यापक समुद्री प्रतिबंध अभी भी लागू हैं। एक्सियोस के अनुसार, अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ़ और जैरेड कुशनर प्रत्यक्ष और बैक चैनल संचार के माध्यम से बातचीत का नेतृत्व कर रहे हैं। कुछ अहम मुद्दे अभी भी अनसुलझे हैं, खासकर ईरान के संवर्धन पर रोक की अवधि। जहां एक ओर अमेरिका 20 साल तक की अवधि पर ज़ोर दे रहा है, वहीं ईरान ने पांच साल का प्रस्ताव रखा है। ख़बरों के मुताबिक, 12 से 15 साल की अवधि पर एक संभावित समझौते को लेकर चर्चा चल रही है। विचाराधीन अतिरिक्त प्रावधानों में अधिक कठोर अंतरराष्ट्रीय निरीक्षण, भूमिगत परमाणु सुविधाओं पर सीमाएं और ईरान के अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को संभवतः हटाना या स्थानांतरित करना शामिल है। प्रगति के संकेत मिलने के बावजूद, अमेरिकी अधिकारियों ने आगाह किया है कि ईरान के नेतृत्व के भीतर मौजूद मतभेद अंतिम मंज़ूरी की प्रक्रिया को जटिल बना सकते हैं। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने इस प्रक्रिया की जटिलता को स्वीकार करते हुए प्रतिबद्धताओं और रियायतों के क्रम को लेकर स्पष्टता की आवश्यकतापर ज़ोर दिया है।

### युद्ध शक्तियां अधिनियम 'असंवैधानिक,' राष्ट्रपति के पास होती हैं, सैन्य अभियान की शक्तियां : रुबियो

**वॉशिंगटन।** ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियानों को चुनौती देने वाले प्रस्तावों पर कांग्रेस में संभावित मतदान से पहले अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने युद्ध शक्तियां अधिनियम (वार पावर्स एक्ट) को 'पूरी तरह असंवैधानिक' करार देते हुए कहा कि 'राष्ट्रपति के पास हमेशा सैन्य अभियान की शक्ति होती है।

श्री रुबियो ने विस्तृत प्रेस वार्ता में वार पावर्स एक्ट पर तीखा हमला बोला, हिजबुल्लाह को ईरान की विदेश नीति का हथियार बताया और परमाणु हथियार संपन्न ईरान के खतरे को लेकर कड़ी चेतावनी दी। साथ ही उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य संकट से निपटने को लेकर प्रशासन की नीति का भी बचाव किया। उन्होंने कहा, वार पावर्स एक्ट 100 प्रतिशत असंवैधानिक है। यह केवल मेरी या मौजूदा राष्ट्रपति की राय नहीं है। जिस दिन से यह कानून बना, तब से हर राष्ट्रपति का यही रुख रहा है। श्री रुबियो ने कहा कि प्रशासन कांग्रेस को सूचित करने संबंधी प्रावधानों का पालन करता है, लेकिन इससे कानून की संवैधानिक वैधता स्वीकार नहीं होती। उन्होंने कहा, ''हम इस कानून को संवैधानिक नहीं मानते, लेकिन कांग्रेस के साथ बेहतर ● शेष पेज 11 पर

## बीएसएफ हेडक्वार्टर के बाहर आइईडी ब्लास्ट

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब में मंगलवार रात दो अलग-अलग स्थानों पर सुरक्षा प्रतिष्ठानों के पास हुए धमाकों के बाद राज्य में हाई अलर्ट जारी किया गया है। सुरक्षा एजेंसियों ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है।

पहली घटना जालंधर में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) मुख्यालय के बाहर और दूसरी अमृतसर के खासा इलाके में एक आर्मी कैंप के पास हुई। इन घटनाओं ने सुरक्षा बलों और पंजाब पुलिस को बहु-एजेंसी जांच के लिए प्रेरित किया है। हालांकि अब तक इन विस्फोटों में किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है।

पहला धमाका रात करीब 8:15 बजे जालंधर में हुआ, जहां बीएसएफ पंजाब मुख्यालय के गेट के बाहर खड़ी एक स्कूटर में विस्फोट हो गया। इसमें इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस



❐ खालिस्तान लिबरेशन आर्मी ने जालंधर,अमृतसर में हुए आईईडी विस्फोटों की ली जिम्मेदारी, राज्य में अलर्ट

(आईईडी) के इस्तेमाल की बात कही जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धमाके के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इसके कुछ घंटों बाद, रात करीब 10:30 बजे अमृतसर के खासा स्थित आर्मी कैंप के पास एक और विस्फोट की खबर मिली।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि धमाके की आवाज 1.5 किलोमीटर दूर तक सुनी गई और इसका प्रभाव इतना तेज था कि पास की दीवारें तक हिल गईं। जालंधर में हुए धमाके की जिम्मेदारी खालिस्तानी संगठन खालिस्तान लिबरेशन आर्मी (केएलएफ) ने एक पोस्ट शेयर कर ली है। हालांकि, पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही। पोस्ट में लिखा है कि ल्लपांच मई 2026 को रात आठ बजे पंजाब में जालंधर के फ्रंटियर हेडक्वार्टर बीएसएफ एक आइईडी हमला किया गया। केएलएफ (खालिस्तान लिबरेशन आर्मी) आज हमले की जिम्मेदारी लेती है, जिसके दौरान दो बीएसएफ सिपाही मारे गए और तीन जख्मी हो गए। यह हमला ऑपरेशन नवा सवेरा का हिस्सा है, जो कि तब तक जारी रहेगा, जब तक हमारे भाई शहीद रणजीत सिंह के खून का बदला पूरा नहीं होता और खालिस्तान आजाद नहीं होता। पोस्ट में आगे लिखा है, एक बार फिर ● शेष पेज 11 पर

## अमेरिका ने पेशावर में अपना वाणिज्य दूतावास बंद करने का फैसला किया

वाशिंगटन। अमेरिका ने अपने राजनयिक कर्मियों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का हवाला देते हुए पाकिस्तान के पेशावर में स्थित अपने वाणिज्य दूतावास को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की घोषणा की है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने मंगलवार को एक बयान में कहा, ''अमेरिकी विदेश मंत्रालय पेशावर स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की घोषणा कर रहा है। खैबर पख्तूनख्वा से राजनयिक संपर्क की जिम्मेदारी अब इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास को सौंप दी जाएगी। बयान में कहा गया है, ''यह निर्णय हमारे राजनयिक कर्मियों की सुरक्षा और संसाधनों के कुशल प्रबंधन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'' इसमें यह भी कहा गया है कि पेशावर में प्रत्यक्ष उपस्थिति में ● शेष पेज 11 पर

## आतंकी हमले की साजिश में दो युवकों को एटीएस ने पकड़ा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। यूपी एटीएस ने एक बड़े आतंकी नेटवर्क का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि आरोपी पाकिस्तान गैंगस्टरों और आईएसआई एजेंट के संपर्क में थे। आरोपी देश के संवेदनशील संस्थानों, पुलिस ठिकानों और सुरक्षाबलों पर हमले के साजिश रच रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों में कुशीनगर निवासी कृष्णा मिश्रा (20) और बाराबंकी निवासी दानियाल अशरफ (23) शामिल है। एटीएस के मुताबिक दोनों संदिग्ध आतंकी पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी, आबिद जट और हम्माद के संपर्क में थे, जो आईएसआई के इशारे पर काम कर रहे थे। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपियों



के मोबाइल फोन में पाकिस्तानी नंबर सेव मिले हैं। सोशल मीडिया के जरिए इनकी वीडियो कॉलिंग और वॉइस नोट्स के साक्ष्य भी मिले हैं। व्हाट्सएप ग्रुप कॉल के जरिए संदिग्ध विदेशी नंबरों से बातचीत कर देशविरोधी साजिशें रची जा रही थीं। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि दानियाल अशरफ ने एक अन्य राज्य के पुलिस स्टेशन की रेकी कर उसका वीडियो और लोकेशन पाकिस्तान स्थित गैंगस्टरों को भेजी थी। ● शेष पेज 11 पर

## रवींद्र जयंती पर होगा पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह : शमिक

एजेंसी

कोलकाता। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने बुधवार को कहा कि नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह आगामी नौ मई को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में होगा और इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगे।

श्री भट्टाचार्य ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''शपथ ग्रहण समारोह 9 मई को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में होगा। एक सुचारू और गरिमापूर्ण शपथ ग्रहण समारोह के लिए तैयारियाँ चल रही हैं, और यह सुनिश्चित करने के लिए कि सब कुछ ठीक रहे, हम प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इससे पहले श्री भट्टाचार्य ने, राज्य के लिए भेजे गए भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक सुनील बंसल, ज्योतिर्मय सिंह महतो और सौमित्र खान के साथ मिलकर, मंगलवार शाम को मुख्य सचिव दुष्यंत नारीवाला से



मुलाकात की और इस कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। विधायकों की एक बैठक 8 मई को तय की गई है, जहाँ नेतृत्व से शपथ ग्रहण से पहले अहम फैसले लेने की उम्मीद है ।राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर अटकलें बढ़ रही हैं, लेकिन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने इस पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया हालाँकि, नबन्ना स्थित राज्य सचिवालय में प्रवेश करने से पहले, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने ज़ोर देकर कहा कि चुनाव के बाद होने वाली हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उन्होंने पार्टी के उस कड़े रुख को दोहराया, जिसे उन्होंने भाजपा का ''तृणमूलीकरण'' कहा। श्री भट्टाचार्य ने कहा, '' कुछ लोग भाजपा का झंडा लेकर ये सब हरकतें कर रहे हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चुनाव नतीजों के बाद तृणमूल कांग्रेस से भाजपा में पाला बदलने वालों को पार्टी में जगह नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा, ''हम अवसरवादी लोगों को भाजपा की विचारधारा और विरासत को कमज़ोर नहीं करने देंगे। यह पार्टी दशकों की कड़ी मेहनत और बलिदान से बनी है।'' उन्होंने आगे कहा, ''अगर कोई भी भाजपा कार्यकर्ता या नेता हिंसा करते हुए पाया जाता है, तो उसे पार्टी से निकाल दिया जाएगा। ● शेष पेज 11 पर

## भारत-वियतनाम रणनीतिक साझेदारी होगी प्रगाढ़ : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और वियतनाम ने अपनी समग्र रणनीतिक साझेदारी को और अधिक प्रगाढ़ बनाने का निर्णय लिया है और दोनों देश एक-दूसरे के विजन तथा लक्ष्यों में सहयोग करते हुए, विकसित राष्ट्र बनने की अपनी आकांक्षाओं को मिलकर साकार करेंगे।

श्री मोदी ने भारत यात्रा पर आये वियतनाम के राष्ट्रपति तो लम के साथ बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता में परस्पर संबंधों के पहलुओं पर व्यापक बातचीत की। इसके बाद श्री मोदी ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि श्री तो लम ने अपनी भारत यात्रा की शुरुआत बोध गया से की है। उन्होंने कहा,'' यह हमारे दोनों देशों की साझा सभ्यतागत और आध्यात्मिक परंपरा को दर्शाता है। उनकी इस यात्रा और सार्थक चर्चाओं से, हम अपनी सद्भावना को कई ठोस परिणामों में बदल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच एक दशक से समग्र रणनीतिक साझेदारी है और इस

### परस्पर सहयोग से दोनों बनेंगे विकसित राष्ट्र



दौरान संबंधों में व्यापक प्रगति हुई है । दोनों देशों के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी और पर्यटन संबंध मजबूत हुए हैं। इस मजबूत नींव पर आगे बढते हुए '' आज हम अपने संबंधों को और अधिक मजबूत समग्र रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जा रहे हैं। अब हम अपनी साझेदारी को और ऊँचे लक्ष्यों की ओर अग्रसर करेंगे। संस्कृति, संपर्क, क्षमता निर्माण के साथ-साथ, सुरक्षा, सततता और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला हर क्षेत्र में हमारा सहयोग नए स्तर पर पहुँचेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल और आर्थिक चुनौतियों के इस दौर में अपनी प्रतिभा, सुशासन और आर्थिक सुधार के बल पर, भारत और वियतनाम दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के रूप में उभर रहे हैं। अब हमारी प्रगाढ़ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से, हम एक-दूसरे के तेज विकास के सहायक बनेंगे। श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में परस्पर सहयोग पर सहमति व्यक्त की है और यह बुद्ध की शिक्षाओं की भावना पर आधारित है। उन्होंने कहा ,'' जैसा कि बुद्ध की शिक्षाओं की भावना है कि यदि आप किसी और के लिए दीप जलाते हैं, तो वह आपके अपने मार्ग को भी प्रकाशमान करता है। इसी भावना के साथ, हम एक-दूसरे के विजन और लक्ष्यों में सहयोग करते हुए, विकसित राष्ट्र बनने की अपनी आकांक्षाओं को मिलकर साकार करेंगे। हम साथ चलेंगे, साथ बढ़ेंगे, और साथ जीतेंगे। श्री मोदी ने कहा कि भारत और वियतनाम की साझेदारी में विरासत एवं विकास दोनों का महत्व है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जब भारत से बौद्ध अवशेष वियतनाम गए, तो उनके दर्शन डेढ़ करोड़ से अधिक, यानि पूरे वियतनाम की आबादी के 15 प्रतिशत लोगों ने किया था। उन्होंने कहा , ''हमारी साझा विरासत को ● शेष पेज 11 पर

# एडीजी एनसीसी मेजर जनरल गौरव गौतम ने कैडेट्स में भरा राष्ट्रसेवा का जोश

❒ भारतीय सेना की उत्तरी कमान और मध्य कमान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




प्रयागराज। एनसीसी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सशक्त धुरी है, जहां अनुशासन, नेतृत्व, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का विकास होता है। यह विचार बुधवार को ह्लनॉर्थ टेक सिम्पोजियम 2026ङ्क के तहत प्रयागराज पहुंचे एनसीसी निदेशालय उत्तर प्रदेश के एडीजी मेजर जनरल गौरव गौतम (वीएसएम) ने एनसीसी कैडेट्स से संवाद कर उनमें राष्ट्रसेवा की भावना को और प्रखर किया।

भारतीय सेना की उत्तरी कमान और मध्य कमान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज में कैडेट्स को संबोधित किया। उन्होंने कैडेट्स को भविष्य की चुनौतियों के प्रति सजग रहने और एनसीसी से मिले मूल्यों को जीवन के हर क्षेत्र में अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण, अनुशासन, उच्च शिक्षा, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जागरूकता को सफलता का आधार बताते हुए युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उनके संबोधन से कैडेट्स में उत्साह और राष्ट्रसेवा का जज्बा और अधिक मजबूत हुआ।

इस दौरान मेजर जनरल गौतम ने कैडेट्स, जेसीओ, जवानों और अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनका परिचय प्राप्त किया।

संवाद सत्र के बाद उन्होंने एनसीसी ग्रुप मुख्यालय का निरीक्षण भी किया, जहां अधीनस्थ 12 बटालियनों के कमांडिंग ऑफिसर और पीआई स्टाफ मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता और गतिविधियों के प्रभावी संचालन पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि टीमवर्क, नवाचार और कठोर प्रशिक्षण के जरिए एनसीसी उत्तर प्रदेश निदेशालय को देश का सर्वश्रेष्ठ बनाया जाए। इस अवसर पर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर उपेंद्र सिंह कांदिल ने कहा कि ऐसे संवाद सत्र युवाओं में ह्लराष्ट्र प्रथमङ्क की भावना को मजबूत करते हैं और उन्हें मानसिक, शारीरिक व नैतिक रूप से सक्षम बनाते हैं।

कार्यक्रम के अंत में मेजर जनरल गौतम ने सभी अधिकारियों, कैडेट्स और कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें कर्तव्य, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# फरार अभियुक्तों के घर मुनादी, नोटिस चस्पा कोर्ट में हाजिर न होने पर कुर्की की तैयारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज। जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र में दर्ज एक मामले में फरार चल रहे तीन अभियुक्तों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर मुनादी/नोटिस चस्पा की गई है। कोर्ट में हाजिर न होने पर अब उनकी संपत्ति कुर्क करने की तैयारी है।

यह कार्रवाई राकेश तिवारी, शिवम तिवारी और सुमित तिवारी के विरुद्ध की गई है। उनके खिलाफ 05 मार्च 2026 को आशुतोष तिवारी पुत्र लल्लन तिवारी निवासी दर्शनी कटरा, कोरांव की लिखित तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 69/26, धारा 118(2), 109, 131, 117, 115(2), 352, 351(2) उगट्ट के तहत दर्ज किया गया था।पुलिस के अनुसार, अभियुक्तगण लगातार घर से फरार चल रहे हैं। इसके बाद माननीय न्यायालय ने 16 मार्च 2026 को उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था, लेकिन वे फिर भी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आए।तत्पश्चात, माननीय न्यायालय के आदेश पर अभियुक्तों की संपत्ति कुर्क करने के लिए धारा 84 उगट्ट के तहत कार्रवाई शुरू की गई है। इसी क्रम में आज, 06 मई 2026 को अभियुक्तों के घर पर विधिक तरीके से मुनादी/नोटिस चस्पा की गई।।यह कार्रवाई बडोखर चौकी इंचार्ज प्रहलाद कुमार पाल और उपनिरीक्षक अरविंद कुमार ने की। विवेचक द्वारा इस मामले में पहले भी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के लिए कई प्रयास किए गए हैं, और यह प्रयास अभी भी जारी हैं।

## गैस बुक की 18 अप्रैल को: आज तक नहीं मिला डीएसी कोड, सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत

**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के कोरांव अमिलिया चंदापुर निवासी शीनू सिंह पत्नी निलेश प्रताप सिंह को 18 अप्रैल 2026 को गैस बुक कराने के बावजूद अब तक एलपीजी सिलेंडर नहीं मिला है। उन्हें वंशिका इंडेन गैस एजेंसी, लेडियारी से कनेक्शन मिला हुआ है। शीनू सिंह ने 18 अप्रैल 2026 को गैस बुक की थी, लेकिन उन्हें आज तक न तो व्ङ्मए (डिलीवरी एक्नॉलेजमेंट कोड) कोड प्राप्त हुआ है और न ही गैस सिलेंडर मिला है। इस संबंध में उन्होंने 06 मई को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत दर्ज कराई है, जिसका संदर्भ संख्या 92617500051778 है। यह समस्या केवल शीनू सिंह तक सीमित नहीं है। क्षेत्र के कई अन्य कनेक्शन धारक भी इसी तरह की परेशानी का सामना कर रहे हैं। उन्हें अपनी शिकायतों के लिए कहां संपर्क करना है, इसकी जानकारी के अभाव में उनकी सुनवाई नहीं हो पा रही है। स्थानीय निवासियों ने इस गंभीर मुद्दे पर प्रयागराज के जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित किया है, ताकि उपभोक्ताओं को हो रही असुविधा का समाधान किया जा सके।

## कोरांव के मेजा में अवैध खनन जारी, बसहरा नटवा का डेरा और साजी में पत्थर का अवैध खनन

**कोरांव, प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के जमुनापार क्षेत्र में मेजा और कोरांव तहसीलों में अवैध खनन का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। यह गतिविधि ऐसे समय में हो रही है जब शासन-प्रशासन अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दे रहा है। स्थानीय पुलिस और अन्य विभागों की कथित मिलीभगत से यह अवैध कार्य बदस्तूर जारी है। मेजा तहसील क्षेत्र के बसहरा पाल बस्ती, नटवा का डेरा के पास पहाड़ी पर मजदूरों द्वारा बड़े पैमाने पर पत्थर तोड़ा जा रहा है। यहां से बोल्डर पत्थरों का अवैध परिवहन भी लगातार हो रहा है। इससे क्षेत्र की प्राकृतिक धरोहरों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। इसी तरह, कोरांव तहसील क्षेत्र के साजी गांव में नहर के किनारे ग्राम समाज और काश्तकार की भूमि पर भी बोल्डर पत्थर का अवैध खनन बेरोकटोक चल रहा है। इन गतिविधियों के कारण पर्यावरण पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। अवैध खनन के कारण जंगली जानवर और पक्षी अपने प्राकृतिक आवास से पलायन कर रहे हैं। खनन से बने गहरे गड्ढे बारिश में पानी से भर जाते हैं, जिससे जानवरों के घायल होने का खतरा बढ़ जाता है। क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों ने पुलिस आयुक्त और जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए अवैध खनन और परिवहन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

## शंकरगढ़ वन रेंज में अवैध पेड़ कटान जारी: छूट प्रजाति की आड़ में गैर-छूट पेड़ों की कटाई

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज जनपद मुख्यालय से लगभग 30 से 40 किलोमीटर दूर शंकरगढ़ वन रेंज में गैर-छूट प्रजाति के पेड़ों की अंधाधुंध कटाई जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में नीम, आम, महुआ, शीशम, सागौन सहित विभिन्न प्रजातियों के पेड़ों को लगातार काटा जा रहा है।यह कटाई छूट प्राप्त प्रजातियों की आड़ में की जा रही है, जिससे पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। यदि समय रहते इस पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया, तो क्षेत्र की हरियाली पूरी तरह समाप्त हो सकती है।पेड़ों की कटाई के लिए न तो कोई अनुमति ली जा रही है और न ही वन विभाग से ट्रांजिट परमिट (टीपी) प्राप्त किया जा रहा है। इससे सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है।वन माफियाओं पर कभी-कभार जुर्माना लगाकर राजस्व जमा किया जाता है, जिसे उच्चाधिकारियों की नजर में कार्रवाई के रूप में पेश किया जाता है। आरोप है कि नियुक्त वन कर्मचारी और वन क्षेत्राधिकारी अक्सर अपने कार्यस्थल पर अनुपस्थित रहते हैं।।इसके अतिरिक्त, शंकरगढ़ क्षेत्र में पीपीजीसीएल कंपनी के क्रेशर प्लांट से व्यापक पैमाने पर प्रदूषण फैल रहा है। इससे दमा के मरीजों को परेशानी हो रही है और किसानों की फसलें भी प्रभावित हो रही हैं। इस अनुपात में नए पेड़-पौधे नहीं लगाए गए हैं, जिससे हरियाली लगातार कम हो रही है।क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी और डीएफओ प्रयागराज से इस मामले की गहन जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## गन्ने के खेत में मिला शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**बिजनौर , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद बिजनौर के धामपुर थानान्तर्गत आमखेड़ा गांव में एक 40 वर्षीय व्यक्ति का शव गन्ने के खेत में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।मृतक की पहचान जयप्रकाश उर्फ मोनू (40) के रूप में हुई है। धामपुर सीओ अभय पांडे ,धामपुर कोतवाल मृदुल कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना स्थल का गहनता से निरीक्षण किया।मृतक के भाई अशोक ने जयप्रकाश की हत्या किए जाने की आशंका जताई । अशोक के अनुसार, जयप्रकाश दो साल पहले अपने पैतृक गांव परमावाला से 5 बीघा जमीन बेचकर छोटे भाई के साढ़ू के पास आमखेड़ा गांव में रहने आया था। पुलिस इस मामले में विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ताकि मौत का सही कारण स्पष्ट हो सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भाषा विवि में सम सेमेस्टर की परीक्षाओं का कुलपति ने किया निरीक्षण

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में संचालित सम सेमेस्टर परीक्षाओं की व्यवस्था का कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं, अनुशासन, प्रश्नपत्र वितरण प्रक्रिया तथा परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।कुलपति प्रो. तनेजा ने विभिन्न परीक्षा कक्षों का भ्रमण करते हुए विद्यार्थियों से संवाद किया और परीक्षा संबंधी अनुभवों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए परीक्षा नियंत्रक एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है कि परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता और अनुशासन के साथ संपन्न हों, जिससे विद्यार्थियों को एक निष्पक्ष वातावरण प्राप्त हो सके। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था तथा समयबद्ध प्रश्नपत्र वितरण की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक, केंद्राध्यक्ष एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने मिलकर परीक्षा व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने में अपनी भूमिका निभाई।परीक्षा नियंत्रक विकास ने विद्यार्थियों से अपील की है कि, वे परीक्षा के दौरान नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधियों से दूर रहें। वहीं, केंद्राध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र त्रिपाठी ने बताया आज कुल 2326 विद्यार्थियों में से 2310 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे।

# सिगरा स्थित नगर निगम कैंपस में पुराने भवन की जगह नये अत्याधुनिक सदन भवन का निर्माण का कार्य में तेज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



वाराणसी। सिगरा स्थित नगर निगम कैंपस में पुराने जर्जर भवन के स्थान पर अब अत्याधुनिक नगर निगम सदन भवन के निर्माण का कार्य गति पकड़ चुका है। महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल की उपस्थिति में बुधवार को इस महत्वाकांक्षी परियोजना के स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 28 अप्रैल को बरेका मैदान से वर्चुअली रखी गई आधारशिला का शिलापट्ट स्थापित किया गया। इस अवसर पर विधि-विधान से पूजन अर्चन के साथ निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत हुई ।इस अवसर पर महापौर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में काशी को यह नई सौगात मिल रही है। उन्होंने कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस को 12 महीने की निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य हर हाल में गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया । इस भवन का निर्माण ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन) माध्यम से कराया जा रहा है। ऐसे में डिजाइन से लेकर निर्माण तक की पूरी जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस की होगी, जिससे प्रोजेक्ट में तेजी और पारदर्शिता बनी रहेगी।? 96.99 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला ?यह नया सदन भवन काशी की सांस्कृतिक महत्ता का प्रतीक बनेगा। गंगा और काशी की विशेष थीम पर आधारित इस बी+जी+4 (बेसमेंट, भूतल प्लस चार मंजिल) भवन का मुख्य आकर्षण इसका शिवलिंग स्वरूप प्रारूप होगा। परियोजना के तहत भूतल पर रिकॉर्ड रूम, कैश काउंटर, मीटिंग रूम और ग्रीन रूम प्रस्तावित हैं। प्रथम तल पर 180 पार्षदों की क्षमता का सदन हॉल, पर्यावरण, लाइसेंस व न्याय विभाग होगा।

# प्राविधिक शिक्षा परिषद ने अल्पसंख्यक संस्थाओं से मांगा आवेदन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ निजी अल्पसंख्यक संस्थाएं 30 मई तक यू-राइज पोर्टल पर करें आवेदन

लखनऊ । प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा सत्र 2026-27 से निजी क्षेत्र की सम्बद्ध संस्थाओं को अल्पसंख्यक संस्था के रूप में मान्यता दिए जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इस संबंध में प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश दिनांक 30 अप्रैल 2025 के अनुपालन में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

परिषद के सचिव डॉ. संतोष कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था आयोग, नई दिल्ली द्वारा घोषित संस्थाओं को राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यक संस्था के रूप में ट्रीट किए जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए यू-राइज पोर्टल (www.urise.up.gov.in) को 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक खोला गया है।प्राविधिक शिक्षा परिषद से पूर्व से सम्बद्ध सभी निजी संस्थाएं अपने ट्रठ ख्रधद्दद्बठ्ठ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी। आवेदन के साथ संस्थाओं को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था आयोग को प्रेषित आवेदन पत्र, आयोग द्वारा जारी प्रमाणपत्र की प्रति, 100 रुपये के गैर न्यायिक स्टाम्प पर शपथ-पत्र, संस्था की बायलॉज, प्रबंध समिति का विवरण एवं सदस्यों के अल्पसंख्यक होने के प्रमाण, संबंधित नियामक संस्थाओं (AICTE/PCI/COA) की स्वीकृति, तथा परिषद की सम्बद्धता से जुड़े नवीनतम प्रमाणपत्र अपलोड करने होंगे।यू-राइज पोर्टल के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सभी इच्छुक संस्थाओं से निर्धारित समयावधि में आवेदन करने की अपील की गई है।

## पिछले साल की तुलना में इस बार अप्रैल में राजस्व मदों में 2416.42 करोड़ रूपये की वृद्धि

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार के खजाने में अप्रैल माह में 20 हजार 621.24 करोड़ रुपये का राजस्व आया है। यह पिछले साल अप्रैल माह से 2416.42 करोड़ रुपये अधिक है।उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर आर्थिक मजबूती की दिशा में अग्रसर है। बेहतर वित्तीय प्रबंधन, पारदर्शी कर व्यवस्था, निवेश अनुकूल वातावरण एवं प्रभावी प्रशासनिक मॉनिटरिंग के परिणामस्वरूप प्रदेश के कर एवं करेत्तर राजस्व संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है।उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के माह अप्रैल 2026 में राज्य सरकार के प्रमुख कर एवं करेत्तर राजस्व मदों में कुल 20 हजार 621.24 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अप्रैल माह में यह प्राप्ति 18 हजार 204.82 करोड़ रुपये थी। इस प्रकार प्रदेश को गत वर्ष की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के अप्रैल माह में 2416.42 करोड़ रुपये अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है।

# आत्मनिर्भर भारत के लिए टेक्नो नेशनलिज्म और इकोनॉमिक पैट्रियोटिज्म को दें बढ़ावा : प्रो. राज कुमार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में सोमवार को टेड एक्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिशिर दीक्षित एवं डॉ.विजेंद्र चौहान, टेड एक्स मेंटर प्रो. संजय कुमार द्विवेदी, प्रो. सार्तिक बाघ, सेंटर फॉर स्टडी ऑफ सोशल इंक्लूजन, बीबीएयू की डॉयरेक्टर प्रो. जया श्रीवास्तव एवं फैकल्टी कार्डिनेटर डॉ. पारिस्मिता मोहंती उपस्थित रहीं। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि में विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं की केंद्रीय भूमिका पर विशेष जोर दिया और कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रत्येक युवा को सक्रिय रूप से योगदान देना होगा। उन्होंने बताया कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु स्वदेशी वस्तुओं और विचारधाराओं को बढ़ावा देना, वोकल फॉर लोकल जैसी पहलों को अपनाना, तथा टेक्नो नेशनलिज्म और इकोनॉमिक पैट्रियोटिज्म को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकसित भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब देश की अर्थव्यवस्था 30 ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक पहुंचे। इसके लिए युवाओं को केवल नौकरी खोजने तक सीमित न रहकर रोजगार सृजक बनना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में मौजूद असमानताओं को दूर करने का सबसे प्रभावी माध्यम शिक्षा है। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय विकास प्रक्रिया तथा समावेशी विकास में महिलाओं की भागीदारी पर प्रकाश डाला। प्रो. मित्तल ने पर्यावरणीय चुनौतियों जैसे ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण संरक्षण पर भी गंभीरता से विचार रखने की आवश्यकता बताई और कहा कि हमें नए-नए नवाचारों पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए चौधरी अजित सिंह

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय पर स्वर्गीय चौधरी अजित सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय के नेतृत्व में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का संचालन रोहित अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय चौधरी अजित सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने कहा कि चौधरी अजित सिंह किसानों के सच्चे हितैषी और उनकी आवाज थे। उन्होंने हमेशा किसानों, मजदूरों और गरीब वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनके सिद्धांत और विचार आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे चौधरी साहब के बताए मार्ग पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का कार्य करें। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए चौधरी अजीत सिंह के योगदान को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।


## आवश्यकता है

माँ शान्ति देवी विधि महाविद्यालय में गाढ़ा अमिलिया कोरॉव, प्रयागराज (प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भईया) राज्य विश्व विद्यालय प्रयागराज से सम्बद्ध) एल.एल.बी. (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम हेतु) में छह सहायक आचार्यों की आवश्यकता है। **सम्पर्क-गाढ़ा अमिलिया कोरॉव, प्रयागराज**

**प्रबंधक:**
**लालजी सिंह**
**मोबाइल: 9936138480**



## भारतीय रेल

**"सार्वजनिक सूचना"**

रेलवे एवं परिसरो के सभी उपभोक्ताओ को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज ए. सी. सिरोपरि कर्षण तारो को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या उसके बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख को और उस तारीख से सिरोपरि कर्षण लाइन को सभी समय हमेशा के लिए विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उस सिरोपरि लाइन के समीप दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

**सेक्शन (खण्ड):** लखनऊ मंडल के उत्तरी रेलवे के अंतर्गत जौनपुर स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग का विद्युतीकरण कार्यः किमी 828/29 (चेनज 828/849.000) से किमी 830/40 एवं 41 (चेनज 830/861.000) तक, संबंधित टर्नआउट्स एवं क्रॉसओवर्स सहित तथा जौनपुर में मौजूदा SSP में संशोधन

**मण्डल (डिवीजन):** लखनऊ **दिनाँक:** 10.05.2026

**के वी ट्रैक्शन लाइन का आरंभ 25 सड़क "उपयोगकर्ताओं हेतु अधिसूचना"**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रेल खंड **"लखनऊ मंडल के उत्तरी रेलवे के अंतर्गत जौनपुर स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग का विद्युतीकरण कार्यः किमी 828/29 (चेनज 828/849.000) से किमी 830/40 एवं 41 (चेनज 830/861.000) तक, संबंधित टर्नआउट्स एवं क्रॉसओवर्स सहित तथा जौनपुर में मौजूदा SSP में संशोधन"** पर 25 केवी विद्युत ट्रैकशन का सुभारंभ किया जाएगा। सभी समपार फाटक हाइट गेज का निर्माण सड़क की सतह से स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई 4.78 मीटर पर अत्यधिक ऊंचाई भारो को ट्रैक्शन लाइन (कांटेक्ट तार), जो की समपार फाटक पर रेल लेवल से 5.5 मीटर न्यूनतम ऊंचाई पर हो, के खतरनाक संपर्क में आने से बचाव के उद्देश्य से किया गया है।

"एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारित वाहनों के लिए उर्युक्त निर्धारित ऊंचाई का अवलोकन करें तथा यह भी ध्यान रखें कि सड़क वाहनों में लदा हुआ भार हाइट गेज में किसी भी परिस्थिति में न टकराए।

अधिक ऊँचे भार से निम्न खतरे है :-

1. हाइट गेज को नुकसान और तत्पश्चात सड़क व रेल लाइन का अवरोध।
2. स्वयं वाहन अथवा ले जाये जाने वाले सामान अथवा उपकरण को खतरा।
3. बिजली के तारों से संपर्क अथवा खतरनाक समीपता के कारण आग फैलने व जान माल को खतरा।

**No: 136/Elect./C/Dy.CEE/LKO/Warning/02 Date: 18.04.2026**

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण) उत्तर रेलवे, लखनऊ
1505/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## ☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☚

**महत्वपूर्ण जानकारी**

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों में वृद्धि-2026**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी :-

**03009/03010 डानकुनि-आनन्द विहार (ट)-डानकुनि ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन — 14 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 03009 आगमन | रेलगाड़ी सं. 03009 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 03010 आगमन | रेलगाड़ी सं. 03010 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 00:30 | डानकुनि | 23:30 | -- |
| 13:30 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 15:00 |

**चलने के दिनः 03009 डानकुनि** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 09.05.2026 से 27.06.2026 (23.05.2026 को छोड़कर) और **03010 आनन्द विहार (ट.)** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 10.05.2026 से 28.06.2026 (24.05.2026 को छोड़कर) तक।
**स्थान** : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव** : बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल, शेखपुरा, नवादा, तिलैया, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय, मिर्जापुर, प्रयागराज, गोविंदपुरी, इटावा एवं टूंडला स्टेशन।

**06597/06598 यशवंतपुर-योग नगरी ऋषिकेश-यशवंतपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन — 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 06597 आगमन | रेलगाड़ी सं. 06597 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 06598 आगमन | रेलगाड़ी सं. 06598 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 07:00 | यशवंतपुर | 19:45 | -- |
| 10:15 | -- | योग नगरी ऋषिकेश | -- | 17:55 |

**चलने के दिनः 06597 यशवंतपुर** से प्रत्येक गुरूवार को दिनांक 07.05.2026 से 09.07.2026 तक और **06598 योग नगरी ऋषिकेश** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 09.05.2026 से 11.07.2026 तक।
**स्थान** : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव** : यलहंका, हिंदुपुर, धर्मवरम, अनंतपूर, डोन, कर्नूलु सिटी, काचीगुडा, काजीपेट, बल्हारशाह, नागपुर, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट, मथुरा, हजरत निजामुद्दीन, गाजियाबाद, मेरठ नगर, मुजफ्फरनगर, टपरी, रूड़की एवं हरिद्वार स्टेशन।

**04525/04526 सहारनपुर जं. - अम्बाला कैंट. - सहारनपुर अनारक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन — 142 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04525 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04525 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04526 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04526 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 04:40 | सहारनपुर | 22:30 | -- |
| 06:45 | -- | अम्बाला कैंट | -- | 20:20 |

**चलने के दिनः 04525 सहारनपुर** से और **04526 अम्बाला कैंट** से प्रतिदिन दिनांक 15.07.2026 तक।
**स्थान** : सामान्य।
**ठहराव** : पिलखनी, सरसावा, कलानौर, यमुनानगर जगाधरी, जगाधरी वर्कशॉप, दराजपुर, मुस्तफाबाद, बराड़ा, तंदवाल, केसरी एवं दुखेड़ी स्टेशन।

**07443/07444 तिरुपति-छपरा-तिरुपति ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 07443 आगमन | रेलगाड़ी सं. 07443 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 07444 आगमन | रेलगाड़ी सं. 07444 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:55 | तिरूपति | 12:30 | -- |
| 21:40 | 21:50 | लखनऊ | 15:50 | 16:00 |
| 07:45 | -- | छपरा | -- | 05:00 |

**चलने के दिनः 07443 तिरूपति** से दिनांक 07.05.2026 (गुरूवार) को और **07444 छपरा** से दिनांक 12.05.2026 (मंगलवार) को।
**स्थान** : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव** : रेणिगुंटा, राजमपेटा, कड़पा, ताड़िपत्रि, डोन, कर्नूलु सिटी, गढवाल, वनपर्ति रोड, महबूबनगर, शादनगर, काचीगुडा, मलकाजगिरी, कामारेड्डी, निजामबाद, हुजूर साहेब नांदेड, पूर्णा, हिंगोली, वाशिम, अकोला, मलकापुर, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर एवं सीवान स्टेशन।

**उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।**

रेलमदद हेल्पलाइन नं. **139**

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें


**उत्तर रेलवे** सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# योगी सरकार में बदली शिक्षामित्रों की हालत : प्रशिक्षण डिजिटलाइजेशन और स्पष्ट जिम्मेदारी से बनी कार्य-संस्कृति

❐ शिक्षा सुधार और गुणवत्ता में शिक्षामित्र बने व्यवस्था की मजबूत कड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ । योगी सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से शिक्षामित्रों को तकनीकी और शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाया है। उन्हें न केवल 'सहयोगी' की भूमिका से बाहर निकाला बल्कि शिक्षा व्यवस्था का सक्षम एवं जिम्मेदार अंग बनाया। लगातार प्रशिक्षण, डिजिटल साधनों से जोड़ने और जिम्मेदारी तय करने के बाद जब शिक्षामित्रों ने खुद को इस नई भूमिका के अनुरूप साबित किया, तब सरकार ने उन्हें मानदेय बढ़ोतरी का लाभ देकर उनके योगदान को सम्मानित किया। सरकार ने सुधार को जमीन पर उतारते हुए शिक्षामित्रों की स्थिति और भूमिका दोनों को मजबूत किया है। सरकार ने सबसे पहले शिक्षामित्रों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने पर ध्यान दिया। पहले जहां उन्हें 3,500 रुपए मानदेय मिलता था, उसे बढ़ाकर 10,000 रुपए किया गया और अब 1 अप्रैल 2026 से यह 18,000 रुपए प्रतिमाह हो गया है। इससे शिक्षामित्रों के जीवन स्तर में सुधार आया है। यह बढ़ोतरी उनके वर्षों से किए जा रहे कार्य को मान्यता देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। योगी सरकार के समन्वित प्रयासों ने दिखाया कि किसी वर्ग को सक्षम बनाकर सम्मान व आर्थिक संबल दिया जाए, तो वह व्यवस्था को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाता है। शिक्षामित्रों की बदली हुई भूमिका इसका स्पष्ट उदाहरण है।

### प्रशिक्षण और डिजिटल सशक्तीकरण से बढ़ी क्षमता

सरकार ने केवल मानदेय बढ़ाने तक ही काम सीमित नहीं रखा, बल्कि शिक्षामित्रों को बेहतर शिक्षण के लिए तैयार करने पर भी जोर दिया। उन्हें विषय आधारित प्रशिक्षण, बच्चों को समझकर पढ़ाने की तकनीक, बुनियादी साक्षरता और मूल्यांकन की विधियों से जोड़ा गया। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षामित्रों को दीक्षा प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया, जहां उन्हें ई-कंटेंट, स्मार्ट क्लास और ऑनलाइन शिक्षण का प्रशिक्षण मिला। इससे वे तकनीक का उपयोग कर बच्चों को बेहतर तरीके से पढ़ाने में सक्षम हुए।

### जवाबदेही तय, भूमिका हुई स्पष्ट

विद्यालयों में शिक्षामित्रों की भूमिका को स्पष्ट किया गया और उनकी नियमित निगरानी की व्यवस्था लागू की गई। नामांकन अभियान और मिशन प्रेरणा जैसे कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई, जिसका सकारात्मक असर स्कूलों में बच्चों के नामांकन और पढ़ाई के स्तर पर देखने को मिला है।

### शिक्षा सुधार के केंद्र में शिक्षामित्र

सरकार की सुनियोजित नीति से आज शिक्षामित्र केवल सहायक नहीं, बल्कि शिक्षा सुधार की प्रक्रिया का अहम हिस्सा बन चुके हैं। उनकी तकनीकी समझ, प्रशिक्षण और जिम्मेदारी ने उन्हें शिक्षा व्यवस्था की एक मजबूत कड़ी के रूप में स्थापित कर दिया है।

# तुष्टिकरण की राजनीति को जनता ने नकारा, देश विकास और राष्ट्रवाद के साथ खड़ा है: डॉ. राजेश्वर सिंह

❐ हिंदुओं की आस्था की कीमत पर वोट बैंक की राजनीति अब स्वीकार नही

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि भारतीय राजनीति में तुष्टिकरण की राजनीति का अंत अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है और इसी कारण समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की घबराहट जनता के सामने उजागर हो रही है।

उन्होंने कहा कि देश की जनता अब जातिवाद, परिवारवाद, तुष्टिकरण, घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली राजनीति तथा अपराधियों के महिमामंडन को स्वीकार करने वाली नहीं है।डॉ. सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तुष्टिकरण के मॉडल की विफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि वोट बैंक की राजनीति के लिए हिंदुओं की आस्था को कुचलने वाली सोच को जनता ने नकार दिया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में दुर्गा पूजा पंडालों पर रोक, सड़कों पर नमाज़ की राजनीति को बढ़ावा, रोहिंग्या एवं घुसपैठियों को संरक्षण तथा जनसांख्यिकी बदलकर चुनावी लाभ लेने के प्रयासों के खिलाफ जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता मुख़्तार अंसारी और अतीक अहमद जैसे गुंडों वाली फ़ातिहा पॉलिटिक्स को पूरी तरह अस्वीकार कर चुकी है। देश और प्रदेश की जनता विकास, सुरक्षा, राष्ट्रवाद तथा अपनी संस्कृति और सनातन पर गर्व करने वाली राजनीति चाहती है, न कि हिंदुओं की कीमत पर होने वाला तुष्टिकरण। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि करोड़ों हिंदुओं के आराध्य प्रभु श्रीराम मंदिर और सनातन आस्था से जुड़े विषयों को जनता भूली नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता यह भी याद रखती है कि किस प्रकार हिंदू देवी-देवताओं का उपहास किया गया और आस्था का मज़ाक उड़ाया गया। इसी कारण अब विपक्ष अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती देखकर संवैधानिक संस्थाओं और अधिकारियों पर प्रश्न उठाने लगा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही सर्वोच्च होती है। कोई भी नेता अधिकारियों के दम पर चुनाव नहीं लड़ता। यदि ऐसा होता तो देश में कोई भी सरकार कभी चुनाव नहीं हारती। चुनाव जनता जिताती है और जनता ही हराती है।डॉ. सिंह ने कहा कि देश की जनता का संदेश स्पष्ट है –ह्लहिंदुओं की आस्था की कीमत पर तुष्टिकरण की राजनीति अब स्वीकार नहीं की जाएगी।

# जाम ही जाम से जनता त्रस्त, चिनहट का तिराहा और विधायक चौराहा बना मुसीबत का चौराहा

❐ बीते करीब दो दशकों से सड़क चौड़ीकरण का मिल रहा अश्वासन, लगातार हो रही मांग के बावजूद चिनहट का तिराहा और विधायक चौराहा नहीं हो रहा चौड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चिनहट, लखनऊ। राजधानी के चिनहट क्षेत्र स्थित अयोध्या राजमार्ग पर स्थित चिनहट तिराहा और कस्बे में स्थित विधायक चौराहा इन दिनों लगातार लगने वाले जाम के कारण लोगों के लिए बड़ी मुसीबत का कारण बनता जा रहा है।

हालात ऐसे हैं कि सुबह से लेकर देर रात तक यहां वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती है। जिससे आम जनता, व्यापारी और राहगीर सभी त्रस्त हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कें चौड़ी न होने और बढ़ते ट्रैफिक दबाव के चलते यह समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। स्कूल जाने वाले बच्चे, आफिस जाने वाले कर्मचारी और मरीजों को लेकर जा रहे वाहन तक जाम में फंसकर घंटों परेशान होते हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि संबंधित जिम्मेदार विभाग इस समस्या को लेकर उदासीन बना हुआ है। कई बार शिकायतों के बावजूद न तो सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू हुआ और न ही ट्रैफिक व्यवस्था में कोई ठोस सुधार देखने को मिला है। व्यापारियों का कहना है कि जाम के कारण उनके कारोबार पर भी असर पड़ रहा है, क्योंकि ग्राहक इस मार्ग से आने से कतराने लगे हैं। वहीं, आए दिन लगने वाले जाम से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। इसी तरह से अयोध्या हाइवे के तिराहे पर ई रिक्शा वाले बीच सड़क पर ई रिक्शा कतार से खड़ी कर कस्बे के भीतर जाने वाला सतरिख मार्ग पूरी तरह से बंद कर देते है कुछ कहने पर ये ई रिक्शा वाले मारपीट पर उतारू हो जाते है। मजे की बात यह है कि सामने ट्रैफिक बूथ है जहां ट्रैफिक पुलिस कर्मी दिन पर रहते हे। वहीं दूसरी ओर स्थानीय पुलिस भी तिराहे पर मौजूद रह कर मूक दर्शक बनी रहती है। जिसका खामियाजा रहागीरों को उठाना पड़ रहा है।

# लखनऊ में फ्रूट होराइज़न-2026 में सहभागिता करेंगे शिवराज सिंह चौहान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 06 और 07 मई को उत्तर प्रदेश में लखनऊ के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान श्री चौहान ह्लफ्रूट होराइज़न 2026ङ्क से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में यह दो दिवसीय आयोजन देश में फल उत्पादन, गुणवत्ता, प्रसंस्करण और निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम का मकसद किसानों, वैज्ञानिकों, निर्यातकों और अन्य संबंधित पक्षों को एक मंच पर लाकर फल क्षेत्र को नई दिशा देना है।तय कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 06 मई की सायंकाल लखनऊ में निर्यातकों और अन्य हितधारकों के साथ सीधा संवाद करेंगे। देर शाम प्रगतिशील निर्यातकों के साथ बैठक होगी, साथ ही निर्यातकों, निदेशकों और अन्य हितधारकों के साथ भी उनकी चर्चा होगी। इस संवाद में फल निर्यात बढ़ाने, बाजार की चुनौतियों को समझने और बेहतर रणनीति बनाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इससे देश के फल कारोबार को मजबूत करने और किसानों को बेहतर अवसर दिलाने की दिशा में मदद मिलेगी।07 मई को मुख्य कार्यक्रम आईसीएआर के केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमानखेड़ा, लखनऊ में आयोजित होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सुबह 10 बजे से किसानों, पौधशाला से जुड़े लोगों और प्रसंस्करण क्षेत्र के हितधारकों के साथ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह का संवाद होगा। इसके बाद मुख्य सत्र होगा, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही और दिनेश प्रताप सिंह भी भाग लेंगे। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ वैज्ञानिक, केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## चिनहट में कूड़े के ढेर से लोगों का सांस लेना दूभर




**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** राजधानी के चिनहट क्षेत्र में गंदगी अब गंभीर समस्या का रूप ले चुकी है। जगह-जगह फैले कूड़े के ढेर और खाली प्लॉटों मे नगर निगम द्वारा खाली प्लाट को डंपिंग ग्राउंड बनाए जाने से इलाके की तस्वीर बिगड़ती जा रही है। हालात ऐसे हैं कि कई स्थानों बारिश मे उठती दुर्गंध और फैलती गंदगी से लोगों का रहना तक मुश्किल हो गया है।स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर निगम की उदासीनता और क्षेत्रीय प्रतिनिधि की अनदेखी के चलते समस्या दिन-ब-दिन विकराल होती जा रही है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदारों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जो दोनों की मिलीभगत को दर्शाता है द्यकुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि जिम्मेदारों की कथित मिलीभगत के चलते खाली जमीनों पर लगातार कूड़ा डाला जा रहा है, जिससे चिनहट धीरे-धीरे कूड़ाघर में तब्दील होता जा रहा है। वहीं, पार्षद को समस्या की जानकारी होने के बावजूद अब तक सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो सकी है।

## सीएचसी पर चार दिन लगेगा एचपीवी वैक्सीनेशन कैंप




**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बेटियों के स्वस्थ भविष्य को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चिनहट में अब सप्ताह के चार दिन ড্ড वैक्सीनेशन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार और शुक्रवार को किशोरियों के लिए यह टीकाकरण उपलब्ध रहेगा।चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को इस वैक्सीनेशन के लिए आधार कार्ड के साथ चिनहट सीएचसी भेजे, ताकि पंजीकरण और रिकॉर्ड सही तरीके से किया जा सके।ড্ড वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव में बेहद प्रभावी मानी जाती है। समय पर लगाया गया यह टीका भविष्य में कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम करता है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक किशोरियों को इस अभियान से जोड़ें।डॉक्टरों के अनुसार, ह्लथोड़ी सी जागरूकता आपकी बेटी की बड़ी सुरक्षा बन सकती है।

## अर्जन देव की शहादत पर सुखमनी साहिब पाठों का आयोजन प्रारम्भ



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । सिखों के पांचवें गुरु अर्जन देव की शहादत (शहीदी दिवस) के उपलक्ष्य में विभिन्न गुरुद्वारों में सुखमनी साहिब के पाठों का आयोजन शुरू हो गया है, जो उनकी सर्वोच्च शहादत को नमन करने और मानवता के लिए शांति की प्रार्थना करने का एक पवित्र अवसर माना जाता है।लखनऊ के आलमबाग गुरुद्वारा में बुधवार को अयोजन हुआ, जिसमें 100 महिलाओं ने भाग लिया। यह धार्मिक कार्यक्रम 6 मई से 14 जून तक चलेगा।इस दौरान प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक सुखमनी साहिब का पाठ किया जाएगा। प्रत्येक रविवार को सुबह 5:30 से 7 बजे तक विशेष पाठ का आयोजित होगा।इस दौरान शहीदी कीर्तन समागम का आयोजन भी किया जाएगा। यह समागम 13 जून को शाम 6:30 से 10:30 बजे तक तथा 14 जून को सुबह 5:30 से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित होगा। इस अवसर पर अमृतपाल सिंह अमृतसर गुरबानी कीर्तन का गायन करेंगे।

## नोटिस खत्म, कार्रवाई गायब: नगर निगम की जमीन पर अतिक्रमण बरकरार



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर निगम द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने को लेकर सख्ती के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। जोन-04 क्षेत्र में जारी नोटिस की 15 दिन की समय सीमा खत्म होने के बावजूद अब तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिससे नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, ग्राम टेराखास स्थित भूमि को नगर निगम ने अपनी संपत्ति बताते हुए उस पर अवैध कब्जा होने की पुष्टि की थी। इस संबंध में 09 अप्रैल 2026 को संबंधित पक्ष को नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर कब्जा हटाने का निर्देश दिया गया था।नगर निगम के रिकॉर्ड के मुताबिक, 18 फरवरी 2025 को किए गए निरीक्षण में इस जमीन पर अतिक्रमण की पुष्टि हुई थी। साथ ही यह भी सामने आया था कि उक्त भूमि पर अवैध रूप से प्लॉटिंग कर बेचने की कोशिश की जा रही थी, जो पूरी तरह नियमों के खिलाफ है।हैरानी की बात यह है कि नोटिस अवधि समाप्त हुए अब करीब 27 दिन बीत चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे न सिर्फ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि अवैध कब्जाधारियों के हौसले भी बुलंद हो रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा स्थायी रूप ले सकता है। वहीं सूत्रों की मानें तो कभी भी बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन अभी तक इसकी कोई स्पष्ट तारीख तय नहीं की गई है।

# निगोहां में 'अनंत विजय क्रिकेट अकादमी' का शुभारंभ, अब यहीं से बनेगा अगला धोनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। क्षेत्र में छिपी खेल प्रतिभाओं को तराशने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 'अनंत विजय क्रिकेट अकादमी' का बुधवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। पूजा-अर्चना के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सूबेदार सुनील सिंह, लेवल-1 क्रिकेट कोच प्रमोद कुमार, डॉ. आलोक कुमार शुक्ला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।अतिथियों ने कहा कि यह अकादमी ग्रामीण व शहरी युवाओं को पेशेवर प्रशिक्षण देकर उनके खेल कौशल को निखारेगी और उन्हें जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगी।

चेयरमैन आनंद शेखर सिंह व चेयरपर्सन रीना सिंह ने बताया कि यहां आधुनिक सुविधाओं, अनुभवी कोचिंग, फिटनेस प्रोग्राम और नियमित अभ्यास मैचों की व्यवस्था की गई है।?? खास पहलः बालिकाओं के लिए पंजीकरण पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है, जिससे बेटियों को भी खेलों में आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा। स्थानीय लोगों व अभिभावकों ने इस पहल को क्षेत्र के युवाओं के लिए नई उम्मीद बताते हुए कहा कि अब गांव की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

# इंदिरा नगर में भव्य भंडारे का आयोजन

❐ हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता





लखनऊ । में ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगल के पावन अवसर पर इंदिरा नगर स्थित जराहरा रोड पर त्रिदेव प्रॉपर्टी के कार्यालय पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।इस धार्मिक आयोजन का नेतृत्व समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी शिवराज यादव द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने भंडारे का आनंद लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुई, जिसके पश्चात भंडारे का शुभारंभ किया गया। सुबह 11:00 बजे से प्रारंभ हुआ भंडारा शाम 5:00 बजे तक निरंतर चलता रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी, बूंदी, शरबत और ठंडे पानी का प्रसाद वितरित किया गया।भंडारे के साथ-साथ भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजन में मुख्य अतिथियों के रूप में उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री अभिषेक मिश्रा, पूर्व राज्य मंत्री राम सिंह राणा, पूर्व राज्य मंत्री राज्यपाल कश्यप, राजा चतुर्वेदी और दीपक रंजन, पार्षद मुकेश चौहान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इसके अलावा त्रिदेव प्रॉपर्टी के समस्त कार्यकर्ता, आयोजक मंडल एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। आयोजन की व्यवस्था सुव्यवस्थित रही और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजकों की सराहना की।इस अवसर पर आयोजक शिवराज यादव ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा और सद्भावना बढ़ती है।

# श्रद्धा का सागर उमड़ा, सेवा की विरासत को नमन

❐ बागेश्वर द्विवेदी की पुण्यतिथि पर मस्तीपुर बना आस्था का धाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहा, लखनऊ। क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी एवं बाबा जयगुरुदेव के अनुयाई स्वर्गीय बागेश्वर द्विवेदी की पांचवीं पुण्यतिथि पर मस्तीपुर गांव में भव्य श्रद्धांजलि सभा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां हजारों लोगों ने पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का आयोजन नागेश्वर द्विवेदी, जगदीश द्विवेदी, मनोज द्विवेदी, जयशंकर और विजयशंकर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। ग्रामीणों के साथ-साथ किसान, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी पहुंचकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने बागेश्वर द्विवेदी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। वे हर जरूरतमंद के साथ बिना भेदभाव के खड़े रहते थे और उनकी यही सोच उन्हें लोगों के दिलों में आज भी जीवित रखे हुए है।

भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। खास बात यह रही कि हाईवे से गुजर रहे राहगीर भी इस पुण्य आयोजन से प्रभावित होकर रुक गए और प्रसाद ग्रहण कर अपनी श्रद्धा प्रकट की। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति गीतों और आध्यात्मिक माहौल ने सभी को भावुक कर दिया।यह आयोजन न केवल एक महान समाजसेवी को श्रद्धांजलि देने का अवसर बना, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय मूल्यों को आगे बढ़ाने का प्रेरक संदेश भी दे गया।

## नगर निगम मुख्यालय में विकास कार्यों और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक

लखनऊ। नगर निगम मुख्यालय में बुधवार शाम महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार की उपस्थिति में विभिन्न विभागों की मैराथन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियंत्रण विभाग, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), सीएनडीएस, नगर निगम के समस्त जोनल सेनेटरी ऑफिसर्स, लखनऊ स्वच्छता अभियान, एलएसए और लायन एनवायरो के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में शहर में चल रही विकास परियोजनाओं, निर्माण कार्यों और स्वच्छता व्यवस्था की बिंदुवार समीक्षा करते हुए महापौर ने अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक की शुरुआत डूडा के कार्यों की समीक्षा से हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों की अपडेटेड प्रोग्रेस रिपोर्ट सहित तैयार कर आगामी 11 मई 2026 को आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक में प्रस्तुत की जाए।

# पायनियर माण्टेसरी स्कूल के मेधावियों ने लहराया परचम

❐ संजना और अक्षत ने किया विद्यालय टॉप

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । आईसीएसई और आईएससी परीक्षा परिणाम घोषित होते ही मेधावी छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को गले लगाकर और मुंह मीठा कर अपनी सफलता का जश्न मनाया। विकास नगर स्थित पायनियर माण्टेसरी स्कूल के मुताबिक इस वर्ष उनका परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिसमें आईसीएसई परीक्षा में संजना ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया, जबकि जैनब अंसारी ने 92 प्रतिशत अंक हासिल किए।

इसके अलावा आदित्य त्रिपाठी, सैफुल, यथार्थ पटेल, शौर्य वर्धन तथा कृशिव ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं आईएससी परीक्षा में अक्षत सोनी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। अनुष्का शर्मा और माही ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि राघवेंद्र ने 93 प्रतिशत और राजवीर ने 92 प्रतिशत अंक हासिल किए। शिवांश वर्मा व उत्कर्ष वर्मा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, वहीं अनिकेत और अंजलि ने क्रमशः 84 व 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. ब्रजेन्द्र सिंह ने मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जांच अधिकारियों की निष्पक्षता पर टिकी जिले की निगाहें

❐ लघु सिंचाई के एक्सईएन के भ्रष्टाचार व भाई भतीजावाद के विरुद्ध भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व भाकियू ने की थीं शिकायतें

❐ डीडीओ व एक्सईएन आरईडी की दो सदस्यीय टीम कर रही प्रकरण की जांच, एक्सईएन की तैनाती जनपदों में शोषण से लाभार्थी किसानों में हाहाकार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। लघु सिंचाई विभाग के एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार की भ्रष्ट गतिविधियों की गत दिनों भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद रेखा वर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर की थी। प्रकरण की जांच सीडीओ ने डीडीओ व एक्सईएन आरईडी की दो सदस्यीय टीम को सौंपी है और उसे तय समय में जांच पूर्ण कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। उधर एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार के शोषण से उनकी तैनाती वाले जनपदों के किसानों में खासा कोहराम मचा है।

ऐसे में हर एक की नजरें जांच टीम द्वारा प्रकरण की होने वाली निष्पक्ष जांच व उसकी शुचिता पर टिकी हुई हैं। बता दें कि पूर्व सांसद के साथ ही भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने भी एक्सईएन लघु सिंचाई की भ्रष्ट करतूतों के विरूद्ध मोर्चा खोलते हुए प्रकरण से जुड़ा शिकायती पत्र विभागीय अधीक्षण अभियंता को सौंपा है।

इन शिकायती पत्रों के अनुसार एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार अपनी तैनाती वाले जनपदों में मध्यम व गहरी बोरिंगों के सापेक्ष अपने करीबी ठेकेदारों, चिन्हित फर्मों के संचालकों और डीलरों से खुली बाजार से काफी अधिक कीमतों पर पंपसेट्स और समर्सिबल खरीदवा रहे हैं। हरदोई व लखनऊ जनपदों में तो समर्सिबल व एसेसरीज के नाम पर एक्सईएन ने करीब 95हजार रूपये प्रत्येक सेट के हिसाब से पेमेण्ट किया है जो खुले बाजार मूल्य से लगभग 30हजार रूपये अधिक है। यह रकम धन लोलुप एक्सईएन स्वयं हड़प कर विभाग और किसानों को तगड़ा चूना लगा रहे हैं। शिकायती पत्रों की मानें तो गत वित्तीय वर्ष में सीतापुर व खीरी के जिन लाभार्थी किसानों ने अपनी इच्छा से मुफीद कीमतों पर समर्सिबल खरीदा है, उसमें कमीशन न मिलने के कारण एक्सईएन उसका भुगतान नहीं कर रहे हैं। साथ ही लखनऊ व हरदोई जनपदों की तर्ज पर यह प्रति समर्सिबल व एसेसरीज करीब 30हजार रूपये की अतिरिक्त मांग कर रहे हैं। एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार ने खीरी जिले में टेण्डर तिथि खत्म होने के बाद भी अपनी करीबी फर्म सुप्रीम इण्टरप्राइजेज को टेण्डर दे दिया जिसके अभिलेखीय साक्ष्य हैं। एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार ने जिले में कार्यभार संभालते ही अपनी करीबी फर्मों व ठेकेदारों के ग्रुप्स को ही शत प्रतिशत विभागीय कार्य दिलाने की मुहिम सी छेंड़ दी जिसका अंदर ही अंदर जिले के डीलरों में भारी विरोध भी है।

### पड़ोसी जिले के बड़े हाकिम पर उठ रहे सवाल

चर्चाओं पर गौर करें तो विभाग में एक बड़े पद पर पड़ोसी जनपद के मूल निवासी साहब आसीन हैं। अपने चहेते एक्सईएन की इन करतूतों का कच्चा चिट्ठा उनके सामने भी उजागर हो चुका है। इसके बाद भी वह विभाग में अपने चहेते अधीनस्थों को अधिक से अधिक मलाई कटवाने के चक्कर में मूकदर्शक बने हुए हैं और अपनी आंखों के सामने ही विभाग की फजीहत होते देख रहे हैं। विश्वस्त सूत्र बताते हैं कि अगर यह बड़े हाकिम चाहें तो सभी को एक साथ एक टेबल पर बिठा कर आपस का यह अंर्तिवरोध खत्म करा सकते हैं। मगर साहब का संरक्षण पाने के बाद उनके चहेते मातहत अफसर पूरे विभाग पर हावी होने की मुहिम सी छेंड़े हुए हैं।

### 'गब्बर' में बी बैक सून !

इसी विभाग के एक जेई सीतापुर में करीब 18 वर्ष नौकरी कर चुके हैं। अपनी पूरी नौकरी यहां उन्होंने कुछ एक चिन्हित ब्लाकों में ही गुजार दी। एक माननीय का आशीर्वाद पा कर उनके पास स्थानीय निकाय समेत अन्य विभागों का भी मलाईदार प्रभार रहा। गत वर्ष जब स्थानान्तरण नीति के तहत उन्हें लघु सिंचाई विभाग के मण्डल से बाहर स्थानान्तरित होना था तो जाने क्या जुगाड़ लगा कर उन्होंने नियम विरूद्ध मण्डल के ही हरदोई जिले में अपनी तैनाती करा ली। अब जब हरदोई में उनके भ्रष्टाचार की दाल नहीं गल पा रही है तो वह फिर यहीं वापस इसी जिले व जिले के उसी ब्लाक में पुनः लौट कर फिर से माल काटने की फिराक में हैं।

# खैराबाद में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित, श्रमिकों को बताए गए अधिकार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



खैराबाद, सीतापुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विधिक साक्षरता एंव जागुरुकता शिविर का आयोजन दिन मंगलवार को साम नगर के चंद्र मैरिज लॉन के हाल मे किया गया इस शिविर का मूल्य उद्देश्य लोगोको अपने अधिकारों के प्रति के जागुरुकता के साथ सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने के लिए जागुरुकता अभियान चलाया जा रहा है इस शिविर मे मूल रूप से श्रमिकों को अपने लिए बने कानून के साथ योजनाओं का लाभ मिले।

आलोक यादव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर ने सम्बोधन मे कहा श्रमिको को उनके अधिकारो से उन्हे कोई वंचित नही कर सकता हम सब का कर्तव्य है उनकी रक्षा सुरक्षा की गांरटी ले ,जज विजय भान ने कहा कि श्रमिकों का देश की तरक्की मे अहम योगदान है उसके बगैर देश का निर्माण संभव नहीं इस मौके पर सुजीत वाजपेई - डिप्टी एल ए डी सी ने भी सम्बोधन किया संचालन भूपेन्द्र कुमार दीक्षित - एल ए डी सी ने किया। जिला श्रम अधिकारी हिमानी भरद्वाज ने कहा कि श्रमिको के जीवन रक्षा उनके बच्चो के भरण पोषण से लेकर पढ़ाई तक जिम्मा लेती है 18वर्ष से लेकर 60वर्ष से कम श्रमिकों को श्रम पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कराये अपने अधिकार जाने इस कार्यक्रम के आयोजक समाज सेवी अमित पुरी ने अतिथियों को बुके व स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया इस मौके पर उपेंद्र अवस्थी लकी अवस्थी,सोमू अवस्थी ,रंजीत रस्तोगी ,अक्षय पुरी ,दिलीप जोशी आदि लोग मौजूद रहे।

# श्री ओमप्रकाश सिंह स्टेशनरी बैंक बना शिक्षा का सहारा

❐ निःशुल्क सामग्री पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




कमलापुर, सीतापुर। पारवती विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल, कसमंडा में संचालित ॒श्री ओमप्रकाश सिंह स्टेशनरी बैंकॢ आज क्षेत्र में शिक्षा सहयोग का एक प्रेरणादायी मॉडल बनकर उभरा है। इस सराहनीय पहल के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, पटरी, बॉक्स आदि वितरित किए गए, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

इस स्टेशनरी बैंक की स्थापना शिक्षक सत्य प्रकाश सिंह द्वारा विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर एवं अभावग्रस्त परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों की सहायता के उद्देश्य से की गई थी। आज यह पहल न केवल सैकड़ों बच्चों के लिए उपयोगी साबित हो रही है, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति सहयोग और संवेदनशीलता का भी संदेश दे रही है।कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस प्रकार के नवाचार शिक्षा को समावेशी और सशक्त बनाते हैं। उन्होंने अन्य शिक्षकों एवं समाज के जागरूक लोगों से भी इस तरह के प्रयासों को अपनाने और आगे बढ़ाने की अपील की।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अमरेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ शिक्षक विनय पाल सिंह, स्टेशनरी बैंक संस्थापक शिक्षक सत्य प्रकाश सिंह, शिक्षक रवि प्रकाश सिंह, अंकित सिंह, परिचारक नंदराम एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।यह पहल समाज के अन्य शिक्षकों और संस्थाओं के लिए एक बड़ा संदेश है कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। यदि हर विद्यालय इस प्रकार का सहयोगी कदम उठाए, तो कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। यह स्टेशनरी बैंक न केवल सामग्री बांट रहा है, बल्कि बच्चों के सपनों को भी नई उड़ान दे रहा है !

## खुदागंज पुलिस के हत्थे चढ़ा वांछित हत्यारोपी, भेजा जेल

शाहजहांपुर। थाना खुदागंज पुलिस टीम ने हत्या से संबंधित अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बीती 26 मार्च को थाना खुदागंज क्षेत्र के गांव बखौरा निवासी बबली देवी ने गांव के ही सुरजीत के खिलाफ पति की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बबली देवी का आरोप था कि सुरजीत ने उसके पति अनिल को शराब पिलाई और चारपाई पर झटके से गिरा दिया। जिससे उसके पति के सिर पर चारपाई का पाया लग गया और उसके पति की मौत हो गई। इसी क्रम में आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चिरचिरा पुलिया से म्युना की ओर जाने वाले मार्ग पर वांछित अभियुक्त सुरजीत को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सुरजीत को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना खुदागंज के एसआई शिवमोहन सिंह के साथ हेड का. अजय देवल आदि मौजूद रहे।

# डीएम का औचक निरीक्षण, स्वास्थ्य केंद्र व विद्यालय में मिली खामियां

❐ 4 माह से अपडेट नहीं रजिस्टर, एएनएम पर कार्रवाई के निर्देश, लापरवाही पर आंगनबाड़ी व आशा कार्यकत्रियों को नोटिस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर ने आज वीएचएसएनडी सत्र के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर केन्द्र उरदौली, विकास खण्ड महोली का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से वार्ता करते हुये वजन मशीन एवं अन्य उपकरणों की जानकारी लेते हुये उसका परीक्षण किया।

उन्होंने एचआरपी रजिस्टर का अवलोकन किया, जो विगत 04 महीनों अद्यतन नही था, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये जिलाधिकारी ने ए0एन0एम0 मधू के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्री के एच0आर0पी0 रजिस्टर का अवलोकन करते हुये ड्यू लिस्ट की जानकारी लेते हुये त्रुटियां मिलने पर सुधार के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिला से दूरभाष के माध्यम से वार्ता करते हुये दिये गये उपचार का फीडबैक लिया। आंगनबाड़ी सहायिका मनोरमा व आशा कार्यकत्री किरन द्वारा कार्यो बरतनें व कार्यों में रूचि न लेने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सी0एच0ओ0 प्रज्ञा त्रिवेदी से वार्ता करते हुये ओ0पी0डी रजिस्टर एवं बी0पी0 रजिस्टर का अवलोकन करते हुये गर्भवती महिला से दूरभाष के माध्यम से वार्ता की एवं जनसंख्या की भी जानकारी ली।इसके पश्चात प्राथमिक विद्यालय उरदौली प्रथम, विकास खण्ड महोली में का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों की उपस्थिति की जानकारी लेते हुये रजिस्टर का अवलोकन किया। रसोई घर पहुंचकर पके हुये भोजन की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने रसोइया को निर्देश दिये कि बच्चों को मैन्यू के अनुसार ही भोजन दिया जाये एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाये, यह सुनिश्चित किया जाये। कक्षा-1 के प्रगतिशील बच्चे से वार्ता करते हुये पुस्तक भी पढ़वायी। साप्ताहिक आंकलन ट्रेकर रजिस्टर एवं निपुण तालिका रजिस्टर का अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अनूप श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीतापुर में गेहूं खरीद 40% पार, डीएम ने धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

❐ 153 केंद्रों पर जारी खरीद, 3045 किसानों से 19,471 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया

❐ लक्ष्य के सापेक्ष कम खरीद पर एजेंसियों को डीएम की सख्त चेतावनी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत जनपद में संचालित 153 केन्द्रों पर गेहूँ खरीद प्रगतिमान है। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा दिनांक 05.05.2026 को समस्त क्रय एजेन्सियों की गेहूँ खरीद की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को सम्पन्न हुयी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी सीतापुर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 153 क्रय केन्द्र संचालित है और सभी क्रय केन्द्रों पर खरीद हो रही है। अब तक जनपद को आवंटित कम लक्ष्य 47500 मी टन के सापेक्ष 3045 किसानों से 19471.13 मी.टन, गेहूँ की खरीद की गयी है, जो लक्ष्य का 40.99 प्रतिशत है। किसानों को 4267.89 लाख का भुगतान पी.एफ.एम.एस. प्रणाली के माध्यम से किसानों के बैंक खाते में कराया गया है।

एजेंसीवार खरीद की में पाया गया कि खाद्य विभाग द्वारा 4924.20 मी0टन गेहूँ क्रय किया गया जो लक्ष्य का 74.61 प्रतिशत, पी.सी.एफ. द्वारा 5109.30 मी0टन गेहूँ क्रय किया गया जो लक्ष्य का 28.07 प्रतिशत, पी.सी.यू. द्वारा 5398.72 मी0टन गेहूँ क्रय किया गया जो लक्ष्य का 37.23 प्रतिशत, यू.पी.एस.एस. द्वारा 991.25 मी0टन गेहूँ क्रय किया गया जो लक्ष्य का 22.53 प्रतिशत, कृषि उत्पादन मण्डी समिति द्वारा 397.15 मी0टन गेहूँ क्रय किया गया जो लक्ष्य का 39.72 प्रतिशत, भारतीय खाद्य निगम द्वारा 1526.60 नी0टन गेहूँ क्रय किया गया जो लक्ष्य का 54.52 प्रतिशत है। एजेंसीवार खरीद ने कय संस्था पी.सी.एफ. यू.पी.एस.एस. व पी.सी.यू. की लक्ष्य के सोपक्ष कम खरीद पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि सभी क्रय केन्द्रों पर नियमानुसार खरीद करते हुए लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित कराये। इसके अतिरिक्त किसानों को 48 घंटे में भुगतान कराये जाने के निर्देश दिये गये गेहूँ के प्रेषण की समीक्षा में पाया गया कि जनपद में 18347.22 मी.टन खरीद के सापेक्ष कुल 4405 मी.टन गेहूं का सम्प्रदान भा0खा0नि0 में कराया गया, जिसमें क्रय संस्था पी.सी.एफ. यू.पी.एस.एस. व मंडी समिति द्वारा बहुत कम गेहूँ का सम्प्रदान किया गया। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी तथा सभी क्रय एजेन्सियों को निर्देश दिये गये कि परिवहन ठेकेदारों को निर्देशित कर तत्काल क्रय केन्द्रों पर भण्डारित गेहूँ जी.पी.एस. युक्त वाहन से भा0खा0नि0को प्रेषित कराया जाये तथा क्रय केन्द्रों पर जो गेहूँ अवशेष है, उसको सुरक्षित भण्डारित कराया जाये। यदि किसी तरह गेहूँ के भीगने या खरीद में किसी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

बैठक में उपस्थित भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भन्डारण डिपो पर पर्याप्त संख्या में लेबर इत्यादि की व्यवस्था की जाये व ट्रकों की अनलोडिंग समय से करायी जाये। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से गेहूँ क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करें सभी क्रय केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में बोरे की उपलब्धता व अन्य व्यवस्थाएं रखी जायेगी और नियमानुसार किसानों से खरीद करायी जाये। किसी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# मुठभेड़ में घर में घुसकर चोरी करने वाले 02 वांछित गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। थाना कोतवाली पुलिस टीम ने मुठभेड़ के दौरान घर में घुसकर चोरी करने वाले 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी के जेवरात व नकदी समेत 02 तमंचा और कुछ कारतूस बरामद किए हैं। पकड़े गए अभियुक्त जनपद लखीमपुर खीरी के थाना उचैलिया क्षेत्र के गांव रहीमापुर निवासी मंगूलाल उर्फ राजेश और जनपद आजमगढ़ के थाना बरदह क्षेत्र के गांव जमुअहा निवासी लालजी मौर्या हैं। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।बीती रात थाना कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि चोरी के मुकदमें से वांछित अभियुक्त मंगूलाल उर्फ राजेश और लालजी मौर्या नहर के रास्ते से उमरगंज की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने उमरगंज की ओर पुख्ता रोड पर पहुंचकर घेराबंदी की। कुछ ही देर बाद पुलिस को दो संदिग्ध व्यक्ति उमरगंज की ओर से आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें टार्च की रोशनी से रुकने का संकेत किया, तो दोनों व्यक्ति पीछे मुड़कर भागने लगे, पुलिस ने पीछा किया तो उन लोगों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस टीम ने खुद का बचाव करते हुए दोनों अभियुक्तों को पकड़ लिया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने 02 तमंचा, जिनकी नाल में एक-एक खोखा कारतूस फंसा हुआ और 02 जिन्दा कारतूस बरामद किए। साथ ही चोरी की एक जोड़ी पायल, एक टाप्स और 1670 रूपए बरामद किए। पुलिस पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि करीब 10 दिन पहले रात में उन्होंने आनन्द बिहार कालोनी में बन्द मकान का ताला तोड़कर एक जोडी पायल, झुमकी और नकदी चोरी किए थे। इसके बाद पडोस के मकान में जीने के रास्ते उतरकर उसके कमरे का ताला व बक्से का ताला तोड़कर रखी साडियां चोरी की थी। चोरी की गई साडियों को राहगीरों को बेच दिया था और चोरी किए गए जेवरात आपस में बाट लिए थे। चोरी की गई नकदी और चारी की साड़ियां बेचकर जो रुपये उन्हें मिले, वो उन्होंने ऐशोआराम में खर्च कर दिए।

## दिव्यांगों और निराश्रित महिलाओं की आवाज़ बुलंद, प्रशासन से ठोस कार्यवाही की मांग

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के प्रबंधक सचिव बिन्दू मौर्या व प्रदेशाध्यक्ष हरीशंकर गुप्ता के संयुक्त नेतृत्व में सैकड़ों दिव्यांगजन व निराश्रित महिलाएं विकास भवन के सामने धरना स्थल पर एकत्रित हुए। नारेबाजी करते हुए सभी लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया।फाउंडेशन ने इस दौरान वर्षों से लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए स्पष्ट कहा—अब सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस समाधान चाहिए।सबसे गंभीर मुद्दा जिला पुरुष एवं महिला अस्पताल का सामने आया, जहां पर्चा और दवा काउंटर लंबे समय से बंद पड़े हैं। इसका सीधा असर गरीब और दिव्यांग मरीजों पर पड़ रहा है। फाउंडेशन ने इन सेवाओं को तत्काल पुनः शुरू करने की मांग की।वहीं, महिला एवं बाल विकास विभाग की स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाली दिव्यांग एवं निराश्रित महिलाओं को अब तक लाभ न मिलने पर नाराजगी जताई गई। फाउंडेशन ने शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो।इसके अलावा, जनपद में दिव्यांगजनों के लिए समुचित आश्रम की स्थापना, समाज कल्याण विभाग की पारिवारिक लाभ योजना के लंबित मामलों में त्वरित कार्रवाई, तथा पति-पत्नी दोनों दिव्यांग होने वाले परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर अंत्योदय राशन कार्ड उपलब्ध कराने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।फाउंडेशन ने यह भी कहा कि जिला स्तरीय दिव्यांग समिति की बैठकें नियमित नहीं हो रही हैं, जिससे समस्याएं लंबित बनी रहती हैं। हर माह बैठक आयोजित कर समयबद्ध समाधान की मांग की गई।सबसे अहम मांग के रूप में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु मॉल, वी-मार्ट, होटल, वाहन शोरूम एवं विद्यालयों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की बात जोरदार तरीके से उठाई गई।इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजयपाल, गुड्डू, कासिम, बीरेंद्र, कालिंदी, फूलमती, श्यामा देवी, स्वामी दयाल, पृथ्वी पाल सहित सैकड़ों दिव्यांगजन एवं निराश्रित महिलाएं मौजूद रहीं।

## आठ दिवसीय आध्यात्मिक महाकुंभ का समापन



**शाहजहांपुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रामचन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के मार्गदर्शन में रामचन्द्र मिशन आश्रम में दो चरणों आयोजित आठ दिवसीय बाबूजी महाराज की 127वीं जयंती समारोह का आज समापन हो गया। इस अंतिम चरण में हजारों अभ्यासियों ने ध्यान साधना कर गुरुसत्ता को प्रणाम किया और मानव कल्याण और विश्व शांति की कामना की तथा बाबूजी महाराज के आदर्शों का पालन करने का संकल्प लिया।इस मौके पर दाजी ने आध्यात्मिक चेतना का विस्तार करने के लिए हमें अपने अहंकार को त्यागना होगा। ऐसा करने से भाईचारा स्वतः विकसित होगा और शिकायतें दूर हो जाएंगी। अभ्यासियों को अपने माता-पिता और गुरु के प्रति निष्ठावान रहना चाहिए। हम सभी अपने महान गुरुओं की आध्यात्मिक संतान हैं। उन्होंने मतभेदों को दूर कर आपसी सद्भाव के साथ बाबूजी महाराज के संदेश को घर घर तक पहुंचाने का आवाहन किया और कहा कि बाबू जी का संदेश था कि अभ्यासियों को सिंह के समान बनने और अपने मिशन की प्रगति के लिए भाइयों की तरह जुड़े रहे। आयोजन को सफल बनाने में मिशन संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवाल, माधो गोपाल अग्रवाल, एके गर्ग, केंद्र प्रभारी सर्वेश चंद्रा, आश्रम प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह, राज गोपाल अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, ममता सिंह, सुयश सिन्हा, शालिनी श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, कृष्णा भारद्वाज, राकेश सक्सेना आदि का विशेष सहयोग रहा। उत्सव समाप्त होने के बाद दाजी मिशन के आदि गुरु लालाजी महाराज की जन्मस्थली फतेहगढ़ आश्रम के लिए रवाना हो गए।

## शादी से एक दिन पहले प्रेमी युगल के पेड़ पर लटके मिले शव

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना परौर क्षेत्र के गांव कुबेरपुर में एक आम के पेड़ पर प्रेमी युगल के शव लटके मिले। बृहस्पतिवार को युवती की शादी थी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुटी है।जानकारी के अनुसार, थाना परौर क्षेत्र के गांव कुबेरपुर निवासी 18 वर्षीय शुभेंद्र का गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों ने युवती की शादी तय कर दी थी और बृहस्पतिवार को युवती की बरात आनी थी। उसके घर में मंगलवार को हल्दी का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद रात में किसी समय युवती घर से निकल गई। सुबह परिजन सो कर उठे, तो युवती घर में नहीं थी। परिजनों ने उसकी तलाश की, तो युवती और उसके प्रेमी शुभेन्द्र का शव फंदे से पेड़ पर लटका मिल। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पेड़ से उतार कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुटी है। युवती और शुभेन्द्र एक ही बिरादरी के थे। शुभेन्द्र के परिजनों ने बताया कि मंगलवार रात गांव में दो बरातें आई थीं। उन्होंने सोचा था कि बेटा बरात में होगा। इसलिए उसकी तलाश नहीं की। इधर, एसपी देहात दीक्षा भंवरे अरुण ने बताया कि बुधवार को सुबह युवक और युवती के शव कुबेरपुर गांव के पास आम के पेड़ पर फंदे से लटके मिले हैं। दोनों बालिग और एक ही बिरादरी के थे। मामला आत्महत्या का लग रहा है। घटना की जांच कराई जा रही है।

# पुलिस ने 171 मोबाइल किए बरामद, स्वामी को लौटाए

❐ मोबाइल स्वामियों ने पुलिस को दिया धन्यवाद, की भूरि-भरि प्रशंसा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। जनपद की सर्विलांस सेल, एसओजी और थाने पर संचालित साइबर हेल्प डेस्क कर्मियों की संयुक्त पुलिस टीम ने गुम हुए 171 मोबाइल बरामद कर उनके स्वामी को लौटाए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई जा रही है।

मोबाइल पाकर उनके स्वामियों द्वारा पुलिस को धन्यवाद दिया और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भूरि-भरि प्रशंसा की गई।एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि गुम हुए मोबाइल फोन के संबंध में शिकायतकर्ताओं द्वारा पुलिस अथवा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से शिकायत की जाती है। जिन पर सर्विलांस सेल द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जाती है। इसी क्रम में पुलिस की संयुक्त टीम ने गुम हुए 171 मोबाइल फोन बरामद किए और उनके स्वामियों को सुपुर्द किए। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपए है। कहा कि मोबाइल गुम होने के बाद साइबर अपराध की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए मोबाइल खो जाने पर उसकी रिपोर्ट थाना पुलिस व सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज करें, ताकि ट्रैकिंग शीघ्र आरंभ हो सके। इसके अलावा साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें। संबंधित सिम को बंद कराकर दोबारा री-इश्यू कराएं, जिससे किसी भी प्रकार के दुरुपयोग की संभावना समाप्त हो जाए। मोबाइल खरीदते समय उसका आईएमआई नंबर सुरक्षित रखें। किसी भी अनजान व्यक्ति या लिंक पर व्यक्तिगत जानकारी या बैंकिंग डिटेल साझा न करें। एसपी ने सभी से अपील की है कि वे भविष्य में अधिक सतर्कता बरतें, अगर किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन खो जाता है या चोरी हो जाता है, तो वह तुरंत निकटतम थाना या सर्विलांस पुलिस को इसकी सूचना दें, ताकि पुलिस आवश्यक कार्यवाही कर सके।

# पिलग्रिम इंटरप्रिटेशन सेंटर से निखरेगा नैमिषारण्य का तीर्थ अनुभवः जयवीर सिंह

❐ 3.72 करोड़ की परियोजना को मंजूरी ,विकास भी, विरासत भी की मूल भावना को करेगा चरितार्थ, पुरानी धर्मशाला बनेगी आधुनिक इंटरप्रिटेशन सेंटर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में सीतापुर स्थित पवित्र तीर्थ स्थल नैमिषारण्य को भव्यतम स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में पौराणिकता और नवाचार को समाहित करते हुए नैमिष स्थित पुरानी धर्मशाला को आधुनिक शिपलग्रिम इंटरप्रिटेशन सेंटरश के रूप में विकसित किया जाएगा। खास बात ये है कि विरासत भवन की मूल संरचना को सुरक्षित रखते हुए उसे आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। प्रदेश सरकार ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 3.72 करोड़ रुपए की मंजूरी देते हुए, पहली क़िस्त के रूप में 2.98 करोड़ रुपए जारी किए हैं।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि नैमिषारण्य के इस इंटरप्रिटेशन सेंटर में श्रद्धालुओं को स्थानीय इतिहास, धार्मिक महत्व और सांस्कृतिक विरासत की विस्तृत जानकारी मिलेगी। इसके लिए भवन के भीतर अलग-अलग थीम पर आधारित गैलरियां बनाई जाएंगी, जिनमें कॉस्मिक ऑर्डर, जीवन का विकास, सभ्यता का उदय, महाकाव्य और ज्ञानोदय जैसे विषयों को रोचक प्रस्तुत होगी। परियोजना के तहत पूरे परिसर का समग्र विकास किया जाएगा, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। योजना अंतर्गत आधुनिक प्रवेश लॉबी, आकर्षक एम्फीथिएटर, सुव्यवस्थित कै.फ़ेटेरिया, मूर्तिकला मार्ग और स्वच्छ शौचालय ब्लॉक विकसित किए जाएंगे। इसके साथ ही मौजूदा भवन का नवीनीकरण और नई इमारत का निर्माण किया जाएगा, जिसे इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि पूरे क्षेत्र का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक वातावरण और अधिक सजीव व आकर्षक बन सके। भवन के स्वरूप को पारंपरिकता और आधुनिकता के संतुलन के साथ विकसित किया जा रहा है। बाहरी हिस्से को खुली ईंटों की आकर्षक फिनिशिंग देकर इसे स्थानीय स्थापत्य की झलक प्रदान की जाएगी, वहीं अंदरूनी गलियारों को थीम आधारित पेंटिंग्स से सजाया जाएगा, जो धार्मिक और सांस्कृतिक कथाओं को सजीव रूप में प्रस्तुत करेंगी। इससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं/पर्यटकों को समृद्ध सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त होगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्इस पहल से नैमिषारण्य क्षेत्र में पर्यटन को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित इंटरप्रिटेशन सेंटर तीर्थ यात्रियों को आधुनिक और समृद्ध अनुभव प्रदान करेगा, जिससे उनकी यात्रा सहज और ज्ञानवर्धक बनेगी। स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। मंत्री ने इसे विकास भी, विरासत भीश के मूल मंत्र के साथ प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को सशक्त करने और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी पहल बताया।

# आयुष्मान भारत योजना से लाखों परिवारों को मिला स्वास्थ्य सुरक्षा का संबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ 199.99 करोड़ रुपए की धनराशि आयुष्मान लाभार्थियों के उपचार पर किए गए व्यय

बदायूँ । जनपद बदायूं में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के फलस्वरूप अप्रैल 2017 से दिसंबर 2025 तक जनपद में कुल 10,96,174 आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

इस अवधि में लगभग 199.99 करोड़ रुपए की धनराशि विभिन्न उपचारों पर व्यय की गई है, जो इस योजना की व्यापकता और उपियो गिता को दर्शाता है। आयुष्मान भारत योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्गों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का कैशलेस उपचार अधिकृत अस्पतालों में उपलब्ध कराया जाता है। जनपद में सरकारी एवं निजी अस्पतालों को इस योजना से जोड़ा गया है, जिससे लाभार्थियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं अपने ही जिले में प्राप्त हो रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न स्तरों पर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। ग्राम पंचायतों, स्वास्थ्य केंद्रों एवं कैंपों के माध्यम से पात्र परिवारों का चयन कर उन्हें गोल्डन कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, लाभार्थियों को योजना की प्रक्रिया, अस्पतालों की सूची एवं उपचार की सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी जा रही है, जिससे वे बिना किसी असुविधा के योजना का लाभ उठा सकें। आयुष्मान भारत योजना ने जनपद के गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है। पहले जहां गंभीर बीमारी के इलाज के लिए लोगों को कर्ज लेना पड़ता था या उपचार अधूरा छोड़ना पड़ता था, वहीं अब इस योजना के माध्यम से वे निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज प्राप्त कर रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना स्वास्थ्य क्षेत्र में एक क्रांतिकारी पहल है, जो समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का कार्य कर रही है। अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को योजना से जोड़ा जाए तथा कोई भी लाभार्थी इस सुविधा से वंचित न रहे। जनपद में योजना के सफल संचालन से यह स्पष्ट है कि सरकार की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। भविष्य में भी इस योजना के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के प्रयास जारी रहेंगे।

## समय रहते इलाज से बच सकती है टीबी रोगी की जान : डॉक्टर वीनेश

बदायूँ । टीबी यानी Tuberculosis को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से जागरूक रहने और समय पर जांच कराने की अपील की है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर वीनेश कुमार के अनुसार टीबी एक संक्रामक और गंभीर बीमारी है, जो समय रहते इलाज न मिलने पर जानलेवा साबित हो सकती है। उनका कहना है कि दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, बुखार, वजन कम होना और कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत जांच करानी चाहिए। यह बीमारी संक्रमित व्यक्ति के खांसने और छींकने से हवा के जरिए फैलती है, इसलिए सतर्कता बेहद जरूरी है। डॉक्टर वीनेश ने बताया कि सरकार द्वारा टीबी का इलाज मुफ्त उपलब्ध कराया जाता है। मरीजों को निर्धारित समय तक नियमित दवा लेना जरूरी है। बीच में दवा छोड़ने से बीमारी और गंभीर रूप ले सकती है। वहीं, उन्होंने संतुलित और पौष्टिक आहार लेने, तंबाकू व नशे से दूर रहने तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है।

## मदर्स डे पर माताओं के सम्मान में हुआ भव्य कार्यक्रम

उझानी/बदायूँ। एपीएस इंटरनेशनल स्कूल, उझानी में बुधवार को मदर्स डे उत्साह और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। पीटीएम के साथ आयोजित इस विशेष समारोह में बड़ी संख्या में बच्चों की माताएं शामिल हुईं।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। चेयरपर्सन पूनम अग्रवाल, निदेशक निलांशु अग्रवाल, निदेशिका नंदिता अग्रवाल, प्रधानाचार्य रविंद्र भट्ट, उप-प्रधानाचार्या मीनाक्षी शर्मा व संयोजिका रिद्धिमा धरेजाउफ्द्धथफ्द्ध--- ने माताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। विद्यालय परिसर को मातृ-प्रेम से जुड़े पोस्टरों से सजाया गया था। फन गेम्स और पैंपरिंग स्टॉल रहे आकर्षण का केंद्र माताओं के लिए फन गेम्स, ग्रुप एक्टिविटीज व पैंपरिंग स्टॉल लगाए गए। व्यस्त दिनचर्या से कुछ पल का सुकून देने वाले स्टॉल्स को खूब सराहा गया। विजेता माताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। फोटो शूट व पोर्ट्रेट ड्राइंग ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने अपनी माताओं को हस्तनिर्मित कार्ड भेंट कर निस्वार्थ प्रेम व त्याग को याद किया। छात्रों ने मंच से मां द्वारा दी गई सीख भी साझा की।प्रधानाचार्य रविंद्र भट्ट ने कहा कि मां प्यार का सागर है, उसकी ममता शब्दों में नहीं बांधी जा सकती। उन्होंने बच्चों से मां की सीख पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजिका रिद्धिमा धरेजा रहीं। कला विभाग से रचना यादव, मनोज सक्सेना, अर्चना पांडेय व विवेक सिंह का विशेष योगदान रहा।

# सीयूजी नंबर अब मेरे ही पास रहेगा उसे मैं ही उठाऊंगा : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देवरिया । उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया के नवागत जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकार वार्ता कर अपनी प्राथमिकताएं गिनायीं। उन्होंने कहा कि मेरी कोशिश रहती है कि सभी के साथ संवाद बनाए रखें। सीयूजी नंबर अब मेरे ही पास रहेगा, उसे मैं ही उठाऊंगा और इस पर सीधे मुझसे ही बात होगी।

उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल एवं महिला विकास पर फोकस रहता है। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण समाधान में संवाद की अहम भूमिका होती है। मेरा प्रयास रहेगा कि सभी से संवाद बना रहे और जो भी समस्या है उसका समाधान प्राथमिकता के साथ हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि मीडिया जन समस्याओं को सामने लाने में अहम भूमिका निभाती है। इससे मिलने वाली जानकारी से कार्यों में जहां सुधार लाने की गुंजाइश रहती है, वहीं योजनाओं के क्रियान्वयन में कमियों को दूर करने में सहयोग मिलता है।उन्होंने कहा कि मेरी कोशिश रहती है कि सभी के साथ संवाद बनाए रखें। सीयूजी नंबर अब मेरे ही पास रहेगा, उसे मैं ही उठाऊंगा और इस पर सीधे मुझसे ही बात होगी। उन्होंने कहा कि जनपद में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अच्छी टीम है। सभी के प्रयास व सहयोग से जनपद को विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में अग्रणी रखा जाएगा। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी विजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त) राम शंकर उपस्थित रहे।

# फर्रुखाबाद में कालिंदी एक्सप्रेस के रूट परिवर्तन को लेकर स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फर्रुखाबाद । कालिंदी एक्सप्रेस के रूट चेंज को लेकर फर्रुखाबाद विकास मंच के जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा के नेतृत्व में लोगों ने रेलवे स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि नई दिल्ली से फर्रुखाबाद होकर कानपुर जाने वाली कालिंद्री एक्सप्रेस को मार्ग परिवर्तन करके शिकोहाबाद इटावा होते हुए कानपुर किया जा रहा है, जबकि कालिंदी एक्सप्रेस फर्रुखाबाद से पिछले 40 वर्षों से लगातार चल रही है और दिल्ली के लिए जाने वाली एकमात्र ट्रेन है।

इस ट्रेन का मार्ग परिवर्तन करके इसको हटाया गया तो फर्रुखाबाद वालों को बहुत परेशानियां होगी।स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार को ज्ञापन में बताया गया कि किसी भी सूरत में कालिंदी एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन न किया जाए और इसे नई दिल्ली से फर्रुखाबाद तक चलाया जाए। संभव हो तो इसको कन्नौज होते हुए मंधना तक चलाया जाए । मंधना से लेकर अनवरगंज रेलवे स्टेशन तक एलिवेटेड ट्रैक तैयार होने के कारण इस रूट को बंद किया जा रहा है । अब फर्रुखाबाद से ट्रेन केवल मंधना तक जाएंगे तो यदि आवश्यक हो तो कालिंद्री एक्सप्रेस को मंधना तक जारी रखा जाए और नहीं तो पूर्व की भांति इस ट्रेन को फर्रुखाबाद से भिवानी तक ही चलाया जाए। फर्रुखाबाद से ट्रेन को रेलवे डिपार्टमेंट हटाने की ना सोचे। यह फर्रुखाबाद वालों के लिए लाइफलाइन भी है और दिल्ली के लिए मात्र एक ट्रेन है ।स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि उनकी पूरी कोशिश होगी की कालिंद्री एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन ना किया जाए। इसको पूर्व की भांति नई दिल्ली से फर्रुखाबाद तक चलाया जाए। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला महामंत्री अंगद पांडे उर्फ कोमल पांडे , नीतीश दुबे उर्फ नीशूपूर्व सभासद. उमेश जाटव, ( सभासद), महेश अग्निहोत्री बाबू (पूर्व सभासद), नितिन गुप्ता अध्यक्ष व्यापार मंडल (पटरी दुकानदार संगठन) राजीव पाल, सनी बाथम, ओमनिवास पाठक, राजीव वर्मा, रजत वर्मा, आशू मिश्रा, आलोक मिश्रा भूरे, मलखान सिंह राजपूत, लकी गुप्ता, शिवांग बाजपेई, आशुतोष मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# संघर्ष की जीत: हरिओम मिश्र 'राजेन्द्र' के प्रयासों से फिर जगा शिक्षा का दीप

❒ राजकीय महिला महाविद्यालय में शुरू हुआ नामांकन
❒ दशकभर से बंद पड़े 'शिक्षा के मंदिर' में लौटी रौनक
❒ अब बेटियों को नहीं करना पड़ेगा भटकाव, आमजन से अधिकाधिक प्रवेश की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । कभी खामोशी में डूबा, वीरान खड़ा एक महाविद्यालय जिसकी दीवारें सालों तक छात्राओं की आहट का इंतजार करती रहीं। जनपद मुख्यालय के शेख सराय काजियारा, पुराने सीतापुर में स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय लगभग एक दशक तक बनकर भी बंद पड़ा रहा—मानो ल्लशिक्षा का मंदिरङ्क अपने ही द्वार बंद किए बैठा हो।यह वही महाविद्यालय है, जिसकी जरूरत हर उस बेटी को थी जो आगे पढ़ना चाहती थी, लेकिन सीटों की कमी और आर्थिक तंगी के चलते अपने सपनों से समझौता कर लेती थी। कई छात्राओं को मजबूरी में दूसरे जनपदों का रुख करना पड़ता था, जबकि अनेक बेटियां घर की चौखट तक ही सीमित रह जाती थीं।लेकिन अब तस्वीर बदल चुकी है।

वर्षों के लंबे इंतजार और संघर्ष के बाद इस बंद पड़े महाविद्यालय के दरवाजे आखिरकार खुल गए हैं। इस बदलाव के पीछे लोक निर्माण संघ के संस्थापक अध्यक्ष हरिओम मिश्र 'राजेन्द्र' का लगातार प्रयास और जिद सबसे बड़ा कारण बनकर सामने आई है। बताया जाता है कि हरिओम मिश्र ने इस मुद्दे को लगातार उठाया, शासन-प्रशासन तक आवाज पहुंचाई और हार नहीं मानी। उनके इसी संघर्ष का परिणाम रहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उच्च शिक्षा विभाग सक्रिय हुआ और इस महाविद्यालय को संचालित करने की प्रक्रिया शुरू हुई। अब वर्ष 2026-27 के लिए यहां नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जो जनपद की बेटियों के लिए किसी नई सुबह से कम नहीं है। महाविद्यालय परिसर में महिला छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे दूर-दराज क्षेत्रों की छात्राओं को रहने की परेशानी नहीं होगी।हरिओम मिश्र 'राजेन्द्र' ने इसे जनपद की बेटियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि अब सीतापुर की बेटियों को शिक्षा के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। यह महाविद्यालय उनके सपनों को साकार करने का माध्यम बनेगा, खासकर उन परिवारों के लिए जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। आज यह महाविद्यालय सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि उम्मीद की एक नई किरण बन चुका है—जहां से हजारों बेटियों के सपनों को उड़ान मिलेगी।

जनपद के सभी अभिभावकों से आग्रह है कि वे अपनी बेटियों का अधिक से अधिक संख्या में इस राजकीय महिला महाविद्यालय में प्रवेश कराएं और इस सराहनीय पहल को सफल बनाने में सहयोग दें। क्योंकि बंद दरवाजे जब खुलते हैं, तो सिर्फ रास्ते नहीं—किस्मतें भी बदलती है।

## रेलवे ट्रैक के पास मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

**देवरिया, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की देवरिया जनपद बरियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे ट्रैक के पास बुधवार को एक अधेड़ का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू के दी है।थानेदार दीपक सिंह ने बताया कि बभनी रेलवे ट्रैक के पास एक वृद्ध का शव होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंचकर मृतक की पहचान जय प्रकाश (50) निवासी मालीबारी के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि अभी यह साफ नहीं हो सका है कि अधेड़ की मौत ट्रेन की चपेट आकर हुई है या कोई अन्य कारण है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## बीएएमएस के विद्यार्थियों ने ली कैडेवरिक ओथ, चिकित्सा नैतिकता के पालन का संकल्प



**गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) में संस्कृत समिति और रचना शरीर विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को बीएएमएस (बैच 2025) प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कैडेवरिक ओथ सेरेमनी का आयोजन किया गया।आचार्य साध्वी नंदन पांडेय और डॉ. दीपू मनोहर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात सरस्वती वंदना, कैडेवरिक श्लोक पाठ तथा आचार्य सुश्रुत के जीवन पर आधारित प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों द्वारा भगवद्गीता के श्लोकों की सामूहिक प्रस्तुति ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक वातावरण प्रदान किया। इस अवसर पर रचना शरीर विभाग के अध्यक्ष डॉ. दीपू मनोहर ने कैडेवर डिसेक्शन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को चिकित्सा क्षेत्र में अनुशासन एवं समर्पण के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में प्रथम वर्ष बीएएमएस विद्यार्थियों ने कैडेवर डिसेक्शन हेतु शपथ ग्रहण की तथा मानव शरीर के प्रति सम्मान और चिकित्सा नैतिकता का पालन करने का संकल्प लिया। आभार ज्ञापन डॉ. ब्रह्मदेव भारती ने किया। कार्यक्रम में डॉ. शांति भूषण, डॉ. नवीन, डॉ. विनम्र शर्मा, डॉ. प्रज्ञा सिंह, डॉ. अमृता पाल आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

## मनुष्य की उपेक्षा से बिगड़ रहा पर्यावरण संतुलन : संजीव

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गांधी नेत्र अस्पताल के मुख्य द्वार पर भारत स्काउट गाइड के तत्वावधान में चल रहे पांचवें दिन स्काउट गाइड ने प्यास से व्याकुल राहगीरों और यात्रियों को शीतल जल पिलाया। बच्चों का उत्साह देखते ही बना। स्काउट संस्था के जिला मुख्यायुक्त एवं प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश चंद्र सक्सेना ने बच्चों के कार्य की सराहना की। जिला संगठन कमिश्नर मु.असरार ने कहा कि प्रकृति हमें नदियां, तालाब और वर्षा के रूप में जल देती है, लेकिन हम ही उसे प्रदूषित और नष्ट कर रहे हैं। जल की बर्बादी सीधे- सीधे प्रकृति के साथ अन्याय है। यदि हम प्रकृति का सम्मान करेंगे और जल का सही उपयोग करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियों को भी स्वच्छ और पर्याप्त जल मिल सकेगा। संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि प्रकृति और जल एक-दूसरे के पूरक हैं। जल के बिना न तो हरियाली संभव है और न ही जीवन। आज पेड़ों की कटाई और जल स्रोतों की उपेक्षा ने प्राकृतिक संतुलन को बिगाड़ दिया है। हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाते हुए जल संरक्षण करना होगा, तभी धरती पर जीवन सुरक्षित रह पाएगा। शैक्षिक नवाचार के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्रकृति का संतुलन जल पर ही निर्भर करता है। जब जल की कमी होती है, तो खेती, पशु-पक्षी और मानव जीवन सभी प्रभावित होते हैं। इसलिए हमें जल संरक्षण को एक जन आंदोलन बनाना चाहिए और प्रकृति की रक्षा करते हुए हर बूंद का मूल्य समझना चाहिए। यही हमारे उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। गांधी नेत्र अस्पताल की आजीवन सदस्य पुष्पा टंडन और कोषाध्यक्ष विनोद कुमार सक्सेना ने शिविर का निरीक्षण किया। इस मौके पर शगुफ्ता परवीन, शीबा, समरीन खान, रुचित बाबू, सागर, इकरा अनीस, अनम, शगूफी, अलफिशा,अलीशा, हुमैरा, तारिशा, अज्जाम अहमद आदि मौजूद रहे।

## श्रम विभाग की बड़ी पहल प्रचार प्रसार हेतु हेल्प डेस्क स्थापित

**बदायूँ , कैनविज टाइम्स संवाददात ।** सहायक श्रमायुक्त बदायूं द्वारा श्रम विभाग की विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार एवं आमजन को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से कार्यालय स्तर पर हेल्प डेस्क स्थापित किए जाने के संबंध में आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, उप श्रमायुक्त बरेली क्षेत्र बरेली के पत्र के क्रम में श्रम कल्याण आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में यह व्यवस्था लागू की गई है। इसके अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक सरलता से पहुंचाने एवं उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए हेल्प डेस्क का संचालन सुनिश्चित किया जाएगा। हेल्प डेस्क के सुचारू संचालन हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। प्रथम पाली में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 02 बजे तक मुकेश कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर मोबाइल नंबर 6396306442 को तैनात किया गया है। द्वितीय पाली में अपराह्न 02 बजे से सायं 05 बजे तक रमेश यादव, कम्प्यूटर ऑपरेटर मोबाइल नंबर 9760372422 अपनी सेवाएं देंगे। दोनों कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे ड्यूटी के दौरान प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का निस्तारण करते हुए समय-समय पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराते रहें। इसके अतिरिक्त, हेल्प डेस्क के नोडल अधिकारी के रूप में अमित कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, बदायूं मोबाइल नंबर 9169539693 को नामित किया गया है, जो संपूर्ण व्यवस्था की निगरानी एवं समन्वय सुनिश्चित करेंगे। कार्यालय द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि हेल्प डेस्क पर आने वाले श्रमिकों एवं आमजन को योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाए तथा उन्हें लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में मार्गदर्शन दिया जाए। इस पहल से श्रमिकों को विभागीय योजनाओं का अधिकाधिक लाभ मिल सकेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

## डीएम ने किया निर्माणाधीन महिला पीएसी बटालियन के भवन का निरीक्षण

**बदायूँ , कैनविज टाइम्स संवाददात ।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने बुधवार को संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ तहसील दातागंज के सैजनी में निर्माणाधीन महिला पीएसी बटालियन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के अभियंताओं व अधिकारियों के साथ बैठक कर गुणवत्ता के साथ कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान पाया कि महिला पीएसी बटालियन के अनावासीय भवनो का निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा आवासीय भवनों का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को दिए। मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने बताया कि अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की कुल लागत 112.31 करोड रुपए है तथा आवासीय भवनों की कुल लागत 300.47 करोड रुपए हैं। आवासीय भवनों का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। जुलाई 2026 तक कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश पूर्व में कार्यदायी संस्था को दिए जा चुके हैं। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी व कार्यदायी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

# खड़े पिकअप से टकराई बाइक नाबालिग की मौत, तीन घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर । नौबस्ता थाना क्षेत्र में बुधवार को सड़क किनारे खराब खड़े पिकअप के पीछे बाइक टकरा गई। हादसे में एक नाबालिग की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो चचेरी बहनें और एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।नौबस्ता थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि यशोदा नगर एलिवेटेड हाईवे पर एक पिकअप देर रात खराब हो गया था। चालक द्वारा वाहन खराब होने की सूचना एनएचएआई को दी गई थी। चकेरी मवैया के रहने वाले बृजेश गौतम के परिवार में बिधनू के हरबंसपुर गांव में मंगलवार को पारिवारिक कार्यक्रम था।आज उनका बेटा शिवा (17) अपनी बाइक से चचेरी बहन हर्षिता अंशिका व चचेरे भाई दीपक के साथ लौट रहा था, यहीं पर एक पिकअप जो देर रात से खराब खड़ी थी, में उसकी बाइक पीछे से जा भिड़ी। इस हादसे में शिवा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य नाबालिग बच्चे हर्षिता अंशिका व दीपक गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया जबकि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# प्रसूता की ऑपरेशन के दौरान मौत पर गायत्री हॉस्पिटल सीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फर्रुखाबाद। जिले में तैनात मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) अवनींद्र कुमार ने बुधवार को कादरी गेट थानाक्षेत्र स्थित गायत्री हॉस्पिटल को सीज कर दिया। यहां भर्ती मरीजों को लोहिया अस्पताल में शिफ्ट किया गया ।सीएमओ ने बताया कि बीती सोमवार को गायत्री हॉस्पिटल में प्रसूता की ऑपरेशन के बाद मौत हो गई थी। इस घटना पर परिजनों ने हॉस्पिटल में हंगामा कर संचालक पर कार्रवाई की मांग की थी। घटना की सूचना पर पहुंचे सीएमओ ने जांच के बाद जिलाधिकारी डॉ अंकुर लाठर के निर्देश पर तीन सदस्यी जांच कमेटी गठित कर जांच आख्या मांगी थी।प्रसूता की मौत के मामले में जांच कमेटी ने मंगलवार को गायत्री हॉस्पिटल की जांच में ऑपरेशन के दौरान लापरवाही पाई गई । जांच कमेटी को सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर सीएमओ डॉक्टर अवनेंद्र कुमार के नेतृत्व में बुधवार को गायत्री हॉस्पिटल को खाली कराकर सील कर दिया गया। चाबी नर्सिंग होम संचालक अरविंद राजपूत को सौंप दी। कार्रवाई टीम में डिप्टी सीएमओ डॉ दीपक कटारिया, डॉ शोभा सक्सेना, डॉक्टर श्वेता सिंह, वरिष्ठ लिपिक आलोक सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग, पर्यावरण विभाग और गंगा स्वच्छता समिति के सदस्य मौजूद रहे।सीएमओ अवनींद्र कुमार ने बताया कि नर्सिंग होम बिना एमबीबीएस डॉक्टर के संचालित किया जा रहा था। इस वजह उसे सीज कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई जिलाधिकारी के निर्देश पर की जाएगी।

नर्सिंग विद्यार्थियों ने हीट वेव पर ग्रामीणों को किया जागरूकगोरखपुर, 06 मई (हि.स.)। नर्सेज वीक के उपलक्ष्य में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय की बीएससी नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने बालापार ग्राम में बुधवार को हीट वेव (लू) पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।विद्यार्थियों ने रोल प्ले के माध्यम से हीट वेव के लक्षण, प्राथमिक उपचार, पर्याप्त जल सेवन, धूप से बचाव तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों को सरल एवं रोचक तरीके से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में अधिक पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने तथा दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की सलाह दी। संकाय सदस्य खुशबू ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण, गंदगी पर जतायी नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जौनपुर । उत्तर प्रदेश के जौनपुर में नवागत जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों और पटलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव, कार्यालयी कार्यप्रणाली, लंबित प्रकरणों तथा जनहित से जुड़े मामलों की गहन समीक्षा की।

कई कार्यालयों में गंदगी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने नजारत कक्ष का निरीक्षण करते हुए एआरके बाबू से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि पेंशन व अन्य देयकों का भुगतान समयबद्ध तरीके से किया जाए, जिससे कर्मचारियों को अनावश्यक परेशानी न हो। इसके साथ ही एलआरसी से वेतन भुगतान की प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए किसी भी प्रकार की देरी न करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने आईजीआरएस कक्ष, अभिलेखागार (रिकॉर्ड रूम), अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) न्यायालय, भूमि राजस्व अनुभाग, उप जिलाधिकारी न्यायालय सदर, नगर मजिस्ट्रेट न्यायालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लीगल एड क्लिनिक, तहसील विधिक सेवा समिति, रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय, भूलेख अनुभाग, आपदा प्रबंधन कार्यालय, अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, नायब तहसीलदार न्यायालय, उप जिलाधिकारी सदर कार्यालय तथा जनगणना कार्यालय का भी निरीक्षण किया।उन्होंने आईजीआरएस से संबंधित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने और शिकायतकर्ताओं से अनिवार्य रूप से फीडबैक लेने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जन शिकायतों के समाधान में पारदर्शिता और तत्परता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) परमानंद झा, अपर जिलाधिकारी (भू-राजस्व) अजय अम्बष्ट, नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन, उपजिलाधिकारी सदर संतवीर सिंह तथा जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# औरैया में समाजवादी पार्टी की बैठक में लिया गया 2027 में जीत का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता




औरैया । उत्तर प्रदेश औरैया जनपद में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक बुधवार को शहर स्थित साई धर्मशाला में आयोजित की गई, जिसमें संगठन को मजबूती देने और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। बैठक का संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश कुशवाह ने किया, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामकरन निर्मल ने कहा कि 2027 का चुनाव समाजवादी पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इसे जीतने के लिए अभी से संगठित प्रयास शुरू करने होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे गांव-गांव और बूथ स्तर तक जाकर जनता के बीच पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को पहुंचाएं।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी की सफलता का आधार बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता होती है। इस दौरान कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सुझाव दिए। बैठक में महेंद्र त्रिपाठी, कमलेश तिवारी, सायरा बानो, विधानसभा अध्यक्ष रामकुमार दोहरे, पूर्व विधायक मदन सिंह गौतम, अशोक गुप्ता, दिनेश मिश्रा, प्रशांत दिवाकर, प्रमोद पाल, अरविंद बर्मा, पुष्पेंद्र यादव, राजेंद्र दोहरे, दीपक सविता, उपेंद्र भारती, योगेश विरासिया सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी को जीत दिलाने का संकल्प लिया और संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी ताकत झोंकने का भरोसा जताया।

# मिलावट पर अंकुश नहीं, सहागल के सीजन पर, जिम्मेदार विभाग सुस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । मुनाफ़े के फ़ेर में मिलावटखोर जनता को जहर बेच रहे है और स्वास्थ्य का पहरेदार प्रशासन सो रहा है। तेल, रिफंाइड, मसाले, आटा, मिठाई, मावा, पनीर शायद ही ऐसी कोई चीज हो,जिसमें यहां मिलावट के मामले समय-समय पर सामने नही आती हों।कार्रवाई के नाम पर प्रशासनिक टीमों ने सिवा कागज भरने के कुछ नहीं किया।नतीजा, मि लावटखोरों के हौंसले बढ़ते रहे और उसके दुष्परि णाम सामने आ रहे है।मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई सिर्फ कागजों पर ही विभाग द्वारा की जा ती है।हैरत करने वाली बात है कि खानापूर्ति के लिए सिर्फ जुर्माना करके ही छोड़ दिया गया।कस्बे व ग्रामीण इलाकों में मिलावटी तेल,मिलावटी ड्राय फ्रूट्स,मिलावटी मसाला,मिलावटी ऑयल, दालची नी सहित कई प्रकार की सामग्री पर कार्रवाई व जांच को लेकर खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग बेपरवाही बरत रहा है।सहागल के सीजन होने के बाद भी मावा,मिठाइयों,पनीर खाद्य सामग्री आदि की जांच अभियान की कार्रवाई में आंख मिचौली की जा रही है।

**खाद्यपूर्ति विभाग स्वास्थ्य से खिलवाड़**

स्वास्थ्य से खिलवाड़ को लेकर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी शांत बने हुए है।सहागल

के सीजन पर खाने पीने के लिए मिलावट खोर स क्रिय हो गए है।मिलावटी मावा बिक्री को तैयार हो रहा है।कस्बे समेत आसपास के इलाकों मिलावटी पनीर बन रहा है।लेकिन अभी तक विभाग अधि कारियों ने ध्यान नही दिया है।लेकिन स्वास्थ्य अधि कारियों को शहर के लोगों की सेहत की चिंता ही नहीं है।शिकायत के बाद भी विभाग के अधिकारी सैंपल लेने नहीं पहुंच रहे हैं।जिससे आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले लोगों पर विभाग कार्रवाई से दूरी बना रहा है।

**मालूम है फिर भी कार्रवाई नहीं**

सूत्रों के मुताबिक शहर व कस्बे सहित क्षेत्र में कुछ स्थानों पर खराब




मिठाइयां, पनीर,मावा बन रहा है लेकिन विभाग इसको लेकर खास तबज्जों नहीं देता।ये मिठाइयां और पनीर सस्ते में दुकानों पर खपाया जाता है लेकिन विभाग को यह नजर नहीं आ रहा।जिससे विभागीय कार्यशैली भी संदेह के घेरे में बनी हुई है।खाद्य पदार्थो में मिलावट करने वालों पर कई तरह सजा के प्रावधान है।लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इन पर लगातार पर्दा डाला जाता है।वही फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड ऐक्ट के तहत मिला वटखोरों पर सजा का प्रावधान है।महकमा सैपल फ़ेल होने पर दुकानदार को पहले नोटिस देता है, अगर किसी खाद्य पदार्थ पर कंपनी का लेबल, प ता,पोषक तत्वों की जानकारी आदि गलत प्रकाशि त की जाती है तो एक्ट के तहत जुर्माना किया जा सकता है।अगर खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता कम पाई जाती है तो सजा व जुमाने का प्रावधान है।अगर खाद्य पदार्थ में कोई केमिकल मिला हो और उस के इस्तेमाल से किसी की मौत हो जाती है तो दो षी पर जुर्माने के साथ जेल का प्रावधान है। वही जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी का काला कारोबार चरम पर है।खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्र शासन विभाग द्वारा जारी हालिया आंकड़ों ने आम जनता की सेहत को लेकर गंभीर चिंताएं बढ़ा दी हैं।विभाग की जांच में सामने आया है कि जिले में बिकने वाला लगभग हर दूसरा खाद्य पदार्थ मिला वटी या अधोमानक है।हाल ही में समाप्त हुए वि त्तीय वर्ष के दौरान विभाग ने कुल 449 नमूने संग्र हित किए थे। इनमें से 334 नमूनों की प्रयोगशाला रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है,जबकि 115 नमूनों की रि पोर्ट अभी आनी बाकी है।प्राप्त रिपोर्टों में से 172 नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे,जो दर्शाता है कि बाजार में उपलब्ध खाद्य सामग्री का एक बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।जांच में यह प्रमुखता से सामने आया है कि दूध और उससे बने उत्पादों में सबसे अधिक मिलावट की जा रही है। त्योहारी सीजन में मांग पूरी करने के लिए मिल्क पाउडर और रिफाइंड तेल के मिश्रण से सिंथेटिक पनीर तैयार किया जा रहा है।मिठाइयों को आक र्षक बनाने के लिए दुकानदार तय सीमा से अधिक और घटिया गुणवत्ता वाले रंगों का प्रयोग कर रहे हैं,जो कैंसर जैसी बीमारियों का कारण बन सकते हैं।दूध, घी, खोया और सरसों तेल जैसे रोजमर्रा के सामानों में भी भारी मिलावट पाई गई है।मिलावट खोरों पर नकेल कसने के लिए विभाग ने अब तक 145 मुकदमे दर्ज कराए हैं।न्यायालय ने इन माम लों पर कड़ा रुख अपनाते हुए दोषियों पर कुल 28 लाख 15 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

मुख्य खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने स्पष्ट किया है कि यह अभि यान निरंतर जारी रहेगा।उन्होंने चेतावनी दी है कि जो दुकानदार जुर्माना जमा नहीं करेंगे, उनके लाइ सेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए जाएंगे। प्र शासनिक सख्ती के बावजूद मिलावटखोरी पर पूरी तरह लगाम नहीं लग पा रही है।ऐसे में उपभो क्ताओं को खरीदारी करते समय विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।खुले सामानों के बजाय पैक्ड और विश्वसनीय ब्रांड्स को प्राथमिकता देना और संदिग्ध सामग्री की शिकायत विभाग से कर ना ही अपनी और अपने परिवार की सेहत बचाने का एकमात्र रास्ता है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, एक की मौत, दूसरा गंभीर,रूप से घायल

गोंडा:जिले के उमरी बेगमगंज क्षेत्र में मंगलवार की देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक एक युव क की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि उसका सा थी गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल की नाजु क हालत को देखते हुए उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, लक्ष्मणपुरवा (दुरौनी) गांव निवासी 25 वर्षीय शैलेश तिवारी और 23 वर्षीय वैभव दत्त तिवारी देर रात एक शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीडी बंधे से पहले उमरी रोड पर एक अनियंत्रित बोल्डर लदे ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शैलेश तिवारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वैभव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही उमरी बेगमगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सामुदायि क स्वास्थ्य केंद्र तरबगंज पहुंचाया गया।वहां प्राथ मिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के



लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर भेज दिया।पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, हादसे के बाद ट्रक और उसके चालक को हिरासत में ले लिया गया है। उमरी बेगमगंज थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि मृतक के पिता राघव राम तिवारी की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक,हादसा रात करीब दो बजे हुआ, जब तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया।घटना के बाद परिजनों में कोह राम मचा हुआ है और गांव में शोक की लहर है।

# 93 श्रमिकों की बेटियों एवं अविवाहित महिला निर्माण श्रमिकों का सामूहिक विवाह सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । श्रम विभाग बहराइच द्वारा गेंद घर के मैदान में देवीपाटन मंडल के चारों जनपदों बहराइच, गोण्डा, बलरामपुर व श्रावस्ती के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की बेटियों एवं अविवाहित महिला निर्माण श्रमिकों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कन्या विवाह अनुदान सहायता योजना के अंतर्गत 93 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर, मा0 मंत्री श्रम, सेवा योजन एवं समन्वय उ.प्र. की प्रतिनिधि जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा भारतीय जनता पार्टी गोण्डा श्रीमती बीना राय व अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, सीडीओ सुनील कुमार धनवंता, उप श्रमायुक्त




सिद्धार्थ मोदियानी, उपश्रमायुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा ने नवविवाहित जोड़ों सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए आर्थिवाद एवं शुभकामनाएं दीं तथा स्वीकृति पत्र का वितरण किया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उप श्रमायुक्त श्री मोदियानी द्वारा उपस्थित सभी महानुभवों का स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित 93 जोडों के सापेक्ष वधु के माता/पिता (जो भी आवेदनकर्ता पंजीकृत श्रमिक हों) अथवा स्वयं पंजीकृत महिला श्रमिक के विवाह करने पर उनके बैंक खाते में रू. 85000 (रू. पच्चासी हजार) मात्र की हितलाभ धनराशि डी.बी.टी. के माध्यम से प्रेषित की जायेगी।

# एसपी ने क्राइम मीटिंग में दिए सख्त निर्देश, 12 अपराधियों की खोली गईं हिस्ट्री शीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जिले की कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से एक सैनिक सम्मे लन एवं अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन कि या यह बैठक रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में स भी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ हुई है।गोष्ठी के दौरान, पुलिस अधीक्षक ने लंबित विवेचनाओं,विशेषकर 60 से 90 दिनों से लंबित सीसीटीएनएस प्रकरणों और महिला अपरा धों की विस्तृत समीक्षा की।उन्होंने सभी थाना प्र भारियों को 'यक्ष ऐप', 'ई-



साक्ष्य' और 'ऑपरेशन दहन' को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए है।एसपी ने एसएसआईडी को एफआईआर से स मयबद्ध तरीके से लिंक करने की प्रक्रिया पूरी कर ने पर जोर दिया।उन्होंने हत्या, लूट,डकैती और चो री जैसे गंभीर अपराधों की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी और वै ज्ञानिक साक्ष्य संकलन के निर्देश दिए।मिशन श क्ति 5.0 के तहत महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई।महिला पुलिस बीट के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में संवाद बढ़ाने और जनसहयोग से प्रमुख चौराहों व बाजारों में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए गए है।इसके अति रिक्त हाईवे पर ई-रिक्शा के संचालन पर रोक लगा ने और यात्रा समय कम करने के लिए प्रभावी कद म उठाने के निर्देश दिए गए,साइबर पीड़ितों की शि कायतों पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। समीक्षा बैठक में पुलिस द्वारा की गई हालिया सख्त कार्यवाहियों का विवरण भी साझा किया गया।एक जनवरी 2026 से अब तक गैंगस्टर एक्ट के तहत कुल 32 आरोपियों के विरु द्ध आठ मुकदमे पंजीकृत किए गए हैं।इस अवधि में 12 नए अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है।गैंगस्टर एक्ट के चार प्रकरणों में अपराध से अ र्जित 60,27,140/- रुपये की संपत्ति जब्त की गई,साथ ही, 60 आरोपियों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। ''ऑपरेशन दहन'' के तहत एनडीपीएस एक्ट से संबंधित 71.05 किलोग्राम मादक पदार्थ (जिसकी कीमत लगभग एक करोड़ रुपये है को जलाकर नष्ट किया गया।



## पुण्यतिथि पर प्रसाद वितरण, श्रद्धा और सेवा का दिखा अनूठा संगम

नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। नानपारा में श्रद्धा और सेवा का अनूठा उदाहरण देखने को मिला, जब भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष अभय मद्देशिया ने अपने प्रतिष्ठान अभय इलेक्ट्रॉनिक, जुबलीगंज में अपने स्वर्गीय पुत्र रवी मद्देशिया एवं स्वर्गीय धर्मपत्नी राजकुमारी मद्देशिया की पुण्यतिथि पर विशाल प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विधायक नानपारा प्रतिनिधि हरिहर वर्मा, पूर्व बीजेपी नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता एवं आशीष पाण्डेय, समाजसेवी नरेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, संत बहादुर वर्मा, सुरेश चंद्र शाह सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर दिवंगत आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की तथा उनके प्रति अपनी भावनात्मक संवेदनाएं व्यक्त कीं। पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति, श्रद्धा और सेवा का वातावरण बना रहा।

## निशुल्क एवं 50 प्रतिशत अनुदानित बीज प्राप्त करने के लिए 10 मई तक कर सकते हैं पोर्टल पर बुकिंग

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा खरीफ 2026 मे संचालित समस्त योजनाओं मे समस्त प्रकार के बीज़ों का वितरण पूर्व की भांति पहले आओ पहले पाओ के सिद्धान्त के स्थान पर नहीं करते हुए, इस वर्ष सर्वप्रथम बुकिंग करते हुए ई-लाटरी के माध्यम से किया जायेगा। विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों को बुकिंग के उपरान्त ई-लाटरी के माध्यम से बीज उपलब्ध कराया जायेगा। डॉ. यादव ने बताया कि खरीफ 2026 मे विभिन्न योजनान्तर्गत सामान्य बीज वितरण एवं मिनीकिट बीज वितरण हेतु निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष समस्त बीज (प्रमाणित/संकर) की बुकिंग विभाग के पोर्टल एग्रीकल्चर डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर 10 मई 2026 आनलाइन बुकिंग की जा सकती है। जनपद के किसानों को सुझाव दिया गया है कि कि अपनी आवश्यकतानुसार बीज की बुकिंग कर लें। बीज वितरण हेतु कृषकों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से किया जायेगा।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष नि:शुल्क वितरण हेतु मिनी किट के रूप में सावा, कोदो, रागी, ज्वार, बाजरा, अरहर उर्द, मूंग, तिल एवं मूंगफली के बीज कृषि विभाग के पोर्टल पर बुकिंग के पश्चात लॉटरी के आधार पर वितरित किए जाएंगे। जबकि 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर धान, ढैचा, उर्द, मूंग, अरहर, तिल एवं अन्य बीज भी कृषि विभाग के पोर्टल पर बुकिंग के पश्चात इस बार लॉटरी के आधार पर वितरित किए जाएंगे जो इससे पूर्व के वर्ष में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर वितरित किए जाते थे। उन्होंने बताया कि यदि 10 मई तक बुकिंग कंप्लीट नहीं होती तो इसके पश्चात बुकिंग की डेट बढ़ाया भी जाएगा ।

## जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 12 मई को

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 12 मई 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

# बिना ओटीपी नहीं मिलेगा गैस सिलेंडर, सरकार ने ब्लैक मार्केटिंग रोकने के लिए उठाया बड़ा कदम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । ईरान इजरायल और अमेरिका सहित खाड़ी देशों में युद्ध के चलते गोंडा जनपद में एलपीजी गै स सिलेंडर की किल्लत चल रही है,लेकिन अब इ सी किल्लत के बीच समय पर गैस सिलेंडरों की बुकिंग और डिलीवरी के चलते लोगों को थोड़ी राहत मिली है।वही तेल-गैस कंपनियों ने गैस सि लेंडर की बुकिंग के नए सिस्टम का आदेश जारी किया है जिसके बाद उपभोक्ता को अब सिलेंडर बुकिंग के समय ओटीपी देकर वेरिफिकेशन करना जरूरी होगा,इसके अलावा कस्टमर किसी मोबाइ ल एप,तेल-गैस कंपनी की वेबसाइट के जरिए अ गर अब गैस बुकिंग कर रहे हैं तो सिर्फ रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी से वेरिफिकेशन के बाद ही बुकिंग होगी लम्बे समय से एलपीजी गैस की किल्लत के चलते विभाग ने यह आदेश जारी किए हैं।इसके अलावा अब राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडर की बुकिंग की अवधि 45 दिन से घटाकर फिर से 25 दिन कर दी गई हैं जिसके चल ते लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। कैनविज

टाइम्स की टीम ने गोंडा जनपद की अलग-अलग गैस एजेंसियों पर पहुंच कर यहां एंजेसियों के मा लिकों से बुकिंग के नियमों को लेकर बात की तो

गैस एजेंसी मालिकों की मिली जुली प्रक्रिया आई कि बुकिंग की अवधि 25 दिन की हैं जिसमें लोग ऑनलाइन रूप से गैस सिलेंडर की बुकिंग कर स कते हैं बुकिंग के बाद एजेंसी की तरफ से उपभो क्ताओं को एक ओटीपी प्राप्त होता है जिसके बाद डिलीवरी के समय ऑफलाइन ब्लू बुक और ऑन लाइन रूप में गैस सिलेंडर लेते समय भी डिलीवरी बॉय को डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड देना उपभो क्ता के लिए अनिवार्य किया गया है ताकि कंपनी के सर्वर पर इस कोड से डिलीवरी की पुष्टि की जा सके. साथ ही होम डिलीवरी के समय, डिलीवरी बॉय कस्टमर की पासबुक या डायरी में इसे अनि वार्य तौर पर लिखना भी अनिवार्य है।

### रजिस्टर नंबर से ही अब होगी सिलेंडर की बुकिंग

गैस बुकिंग के नए नियमों के अनुसार अब केवल ऑथेंटिक बुकिंग विभाग से जारी आदेशों के अ नुसार ही बुकिंग होगी जिसमें अगर उपभोक्ता कि सी दूसरे अधिकृत इलेक्ट्रॉनिक माध्यम जैसे फोन-पे, पेटीएम एप या यूपीआई से बुकिंग करता है तो उस बुकिंग का वेरिफिकेशन भी ओटीपी के जरिए करना होगा,इनके अलावा अन्य किसी माध्यम से बुकिंग स्वीकार नहीं किया जाएगा,इस सिस्टम से केवल ऑथेंटिक बुकिंग ही हो सकेगी और कोई दूसरा व्यक्ति या गैस एजेंसी संचालक अपने स्तर पर उपभोक्ता की गैस बुकिंग नहीं कर सकेगा,भार त गैस एजेंसी के संचालक का कहना है कि 25 दिन के नियम अनुसार लोग अब शहरों और ग्रामी ण क्षेत्रों में गैस सिलेंडर की बुकिंग कर सकते हैं जिसके बाद 2-3 दिन में उनके घर सिलेंडर की डि लीवरी हो जाएगी,लोगों को ज्यादा पैनिक होने की जरूरत नहीं है अन्य गैस एजेंसियों के लोगों का क हना है कि फिलहाल लोग रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से दिए गए नंबर पर कॉल करके इंटरैक्टिव वॉइस रिस्पॉन्स सिस्टम और वॉट्सएप के जरिए बुकिंग करता है तो वह बुकिंग कर ली जाती है लेकिन वि भाग से जारी आदेशों के अनुसार उपभोक्ता अब तेल-गैस कंपनियों की ऑफिशियल वेबसाइट या किसी मोबाइल एप से बुकिंग करते हैं तो उपभो क्ता का सत्यापन उसके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भेजे ओटीपी के जरिए किया जाएगा इसके बाद सिलेंडर की बुकिंग होगी।गैस कंपनियों के संचालकों का कहना है कि ग्रामीण इलाकों में उपयोग कम होने के कारण सिलेंडर की बुकिंग सामान्यता भी एक माह या उससे ज्यादा के अंतराल में आती है लेकिन अब टाइम बढ़ने से डिलीवरी का समय और ज्यादा बढ़ गया था जिसके चलते यह फैसला लिया गया है गैस सिलेंडर की कमी के अलावा शहरी और ग्रामीण इलाकों में अब भी इंडियन, बीपीसीएल,एचपी जैसी तेल कंपनियों के सर्वर में आए दिन दिक्कत आ रही है कभी बुकिंग नहीं हो रही तो कभी बु किंग के बाद मोबाइल पर आने वाले ओटीपी की समस्या से भी लोग परेशान हैं घरेलू गैस सिलेंडर के अलावा प्रदेश में अब भी कॉमर्शियल गैस सिलें डर को लेकर उपभोक्ताओं को परेशानी है दूसरी प्रायोरिटी के सेक्टर वाले व्यापारियों जैसे ढाबा, होटल,रेस्टोरेंट या अन्य फूड इकाइयों पर अब भी एक माह की कुल खपत के 20 फीसदी ही सिलें डर दिए जा रहे हैं।

# सीओ के नेतृत्व में हत्या का खुलासा: अवैध संबंध और ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर दंपति ने की युवक की हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। थाना माधौटांडा क्षेत्र में हुए चर्चित युवक हत्याकांड का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए एक दंपति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर के नेतृत्व एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस ने बुधवार (06 मई 2026) को मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को चित्तरपुर पुल से पूरनपुर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जिला कारागार भेजा जा रहा है माधौटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम बसन्तपुर नौनेर निवासी गुरबाज सिंह 22 अप्रैल 2026 को घर से पूरनपुर जाने की बात कहकर मोटरसाइकिल से निकला था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा परिजनों ने पहले अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली इसके बाद 26 अप्रैल को उसके पिता जसवन्त सिंह ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई इसी दिन पूरनपुर थाना क्षेत्र के तकिया दीनारपुर मंदिर के पास खेत में बने एक खंडहर में एक युवक का शव बरामद हुआ शव के पास खड़ी मोटरसाइकिल के नंबर के आधार पर उसकी पहचान गुरबाज सिंह के रूप में हुई मामले की गंभीरता को देखते हुए परिजनों की तहरीर पर हत्या और साक्ष्य छिपाने का मुकदमा अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया गया हत्या जैसे गंभीर मामले को देखते हुए पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, मोबाइल लोकेशन और घटनास्थल से जुड़े मार्गों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जांच के दौरान मिले ठोस साक्ष्यों के आधार पर पुलिस का शक गांव के ही सतेन्द्र और उसकी पत्नी शुभप्रीत कौर उर्फ गुरजीत कौर पर गया इसके बाद पुलिस ने रणनीति बनाकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया पूछताछ में आरोपी महिला शुभप्रीत कौर ने बताया कि उसके और मृतक गुरबाज सिंह के बीच पिछले लगभग एक वर्ष से अवैध संबंध थे यह बात गांव में फैल गई थी, जिससे उसकी और उसके परिवार की बदनामी हो रही थी उसने कई बार संबंध खत्म करने की कोशिश की, लेकिन गुरबाज सिंह उसे छोड़ने को तैयार नहीं था महिला के अनुसार, गुरबाज सिंह के पास कथित रूप से अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देता था, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान हो गई थी इसी के चलते उसने अपने पति सतेन्द्र के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची योजना के तहत 22 अप्रैल को महिला ने गुरबाज सिंह को तकिया दीनारपुर स्थित उसी खंडहर में बुलाया, जहां वे पहले भी मिलते थे वहां पहले से मौजूद सतेन्द्र के साथ मिलकर लोहे की रॉड से गुरबाज सिंह पर कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई हत्या के बाद आरोपियों ने शव वहीं छोड़ दिया और सबूत छिपाने का प्रयास किया घटना के बाद दोनों आरोपी देर रात तक पूरनपुर क्षेत्र में घूमते रहे और सीधे घर न जाकर दूसरे रास्ते से वापस पहुंचे रास्ते में उन्होंने मृतक का मोबाइल फोन गुलाबटांडा क्षेत्र की नहर में फेंक दिया, ताकि पुलिस को कोई सुराग न मिल सके पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे की रॉड और मृतक के गले की पीली धातु की चैन मय लॉकेट बरामद की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा जा रहा है सतेन्द्र पुत्र जसवन्त सिंह, निवासी ग्राम बसन्तपुर नौनेर, थाना माधौटांडा,शुभप्रीत कौर उर्फ गुरजीत कौर, पत्नी सतेन्द्र, निवासी ग्राम बसन्तपुर नौनेर, थाना माधौटांडा को जेल भेज दिया गया इस पूरे खुलासे में प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल, उपनिरीक्षक लोकेश कुमार, उपनिरीक्षक अमरीश बाबू, महिला उपनिरीक्षक पारूल, कांस्टेबल हितेश तोमर और महिला कांस्टेबल अंकिता की अहम भूमिका रही पुलिस की इस त्वरित और सटीक कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# उड़नदस्ता ठप, पुलिस एक्टिव–वन विभाग की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बना चुके पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वन विभाग की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है बताया जा रहा है कि वृत फील्ड डायरेक्टर कार्यालय से संचालित उड़नदस्ता (फ्लाइंग स्क्वॉड) पिछले करीब दो वर्षों से निष्क्रिय पड़ा है, जिसका सीधा असर जंगल की सुरक्षा व्यवस्था पर पड़ रहा है सूत्रों के अनुसार, पहले यही उड़नदस्ता मुखबिरों के नेटवर्क के सहारे त्वरित कार्रवाई करता था और अवैध कटान, शिकार व वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करता था। कई मामलों में आरोपियों को पकड़कर जेल भेजा गया था लेकिन अब इस व्यवस्था के ठप पड़ने से जंगल में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण कमजोर पड़ता नजर आ रहा है वहीं दूसरी ओर, पिछले लगभग एक वर्ष से पीलीभीत पुलिस जंगल के आसपास सक्रिय भूमिका निभा रही है थानों और चौकियों की पुलिस लगातार अभियान चलाकर शिकारियों और संदिग्धों पर शिकंजा कस रही है कई मामलों में पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपियों को जेल भी भेजा है, जिससे यह सवाल उठ रहा है कि जो जिम्मेदारी वन विभाग की है, वह अब पुलिस क्यों निभा रही है जानकारों का कहना है कि वन विभाग के पास पर्याप्त संसाधन और फील्ड स्टाफ होने के बावजूद यदि कार्रवाई प्रभावी नहीं हो रही है, तो इसके पीछे मुख्य कारण उड़नदस्ता की निष्क्रियता है पहले यह टीम उच्च अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करती थी, लेकिन अब छोटे स्तर के कर्मचारी कई बार घटनाओं को मौके पर ही दबा देते हैं परिणामस्वरूप, जंगल में अवैध कटान और वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं की जानकारी तब सामने आती है, जब काफी देर हो चुकी होती है कई बार तो अधिकारी केवल कटे हुए पेड़ों की जड़ों की गिनती करते नजर आते हैं ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिरकार उड़नदस्ता को फिर से सक्रिय क्यों नहीं किया जा रहा है और क्या उच्च अधिकारी इस ओर ध्यान देंगे या नहीं जंगल की सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण के लिए इस व्यवस्था का सक्रिय होना बेहद जरूरी माना जा रहा है।

## टाइगर रिजर्व में ड्यूटी के दौरान नशे में मिला डिप्टी रेंजर सस्पेंड

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में ड्यूटी के दौरान नशीले पदार्थ के सेवन के आरोप में एक डिप्टी रेंजर को सस्पेंड कर दिया गया है। मामले में प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारी हिमांशु बाबल द्वारा संदेह होने पर तत्काल मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसमें अल्कोहल सेवन की पुष्टि होने पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए निलंबन कर दिया जानकारी के अनुसार, बराही रेंज की जिम्मेदारी संभाल रहे प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारी हिमांशु बाबल को ड्यूटी के दौरान तैनात डिप्टी रेंजर वशिष्ठ कुमार पर शराब के सेवन का संदेह हुआ। इस पर उन्होंने तुरंत मेडिकल परीक्षण कराने के निर्देश दिए मेडिकल रिपोर्ट में डिप्टी रेंजर के मुंह से शराब की गंध मिलने की पुष्टि हुई, जिसके आधार पर विभाग ने उन्हें सस्पेंड कर दिया वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई विभागीय अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है हालांकि, विभाग के अंदरूनी हलकों में यह भी चर्चा है कि नशे की समस्या पहले से ही गंभीर बनी हुई है और पूर्व में भी कई कर्मचारियों की जान शराब और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन के कारण जा चुकी है मामले को लेकर यह सवाल भी उठ रहे हैं कि सख्त कार्रवाई के बावजूद वन विभाग के कर्मचारी नशे की आदत से दूर नहीं हो पा रहे हैं विशेषज्ञों का मानना है कि इस दिशा में कड़ी निगरानी के साथ-साथ जागरूकता और सुधारात्मक कदम उठाने की भी आवश्यकता है।

## उर्स में जाने के दौरान बाइकों की भिड़ंत, विवाद ने लिया हिंसक रूप–कई घायल, एक गंभीर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव धरमंगदपुर स्थित बाग वाले मियां में आयोजित तीन दिवसीय सालाना उर्स के समापन के दिन रविवार रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कव्वाली कार्यक्रम में जा रहे युवकों की दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर के बाद विवाद मारपीट में बदल गया घटना में कई लोग घायल हो गए, जबकि एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है जानकारी के अनुसार, उर्स के समापन अवसर पर रात्रि में कव्वाली कार्यक्रम आयोजित था, जिसे सुनने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे थे इसी दौरान रात करीब 9 बजे लोधीपुर गांव के कुछ युवक बाइक से कार्यक्रम स्थल की ओर जा रहे थे तभी सामने से धरमंगदपुर की ओर से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई टक्कर के बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो कुछ ही देर में मारपीट में तब्दील हो गई। आरोप है कि एक पक्ष के लोग अधिक संख्या में मौके पर पहुंच गए और दूसरे पक्ष के युवकों के साथ मारपीट की इस दौरान लोधीपुर का एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल पीलीभीत रेफर कर दिया गया

## आधार अपडेट में पीलीभीत की बड़ी छलांग, प्रदेश में 15वें स्थान पर पहुंचा जनपद

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। आधार अपडेट के क्षेत्र में पीलीभीत जनपद ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए प्रदेश में 15वां स्थान प्राप्त किया है वहीं, 5 से 17 वर्ष तक के बच्चों के बायोमेट्रिक अपडेट को अब नि:शुल्क कर दिया गया है साथ ही कलेक्ट्रेट स्थित डाकघर में एक आधुनिक आधार सेवा केंद्र भी शुरू किया गया है, जिससे आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी बुधवार को गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में आधार अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुई बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित सभी खंड विकास अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे बैठक में 5 से 15 वर्ष तथा 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के आधार कार्ड अपडेट कराने पर विशेष जोर दिया गया निर्देश दिए गए कि तहसील और विकासखण्ड स्तर पर विशेष कैंप लगाकर आधार पंजीकरण और अपडेट की प्रक्रिया को तेज किया जाए मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कैंप आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों के आधार अपडेट सुनिश्चित करें। वहीं, बेसिक शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि को निर्देश दिए गए कि ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होने से पहले स्कूलों में छात्र-छात्राओं के आधार अपडेट का कार्य पूरा कर लिया जाए प्रशासन का मानना है कि इन प्रयासों से जनपद में आधार अपडेट की गति और तेज होगी तथा अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सके।

## बिलसंडा की कान्हा गौशाला चालू कराने की मांग, 15 दिन में कार्रवाई न होने पर धरने की चेतावनी

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारत हिन्दू महासभा के जिला पदाधिकारियों ने बिलसंडा नगर पंचायत में निर्माणाधीन कान्हा गौशाला को शीघ्र संचालित कराने की मांग उठाई है इस संबंध में संगठन की ओर से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए 15 दिन के भीतर गौशाला चालू न होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री के निर्देश पर बिलसंडा नगर पंचायत में कान्हा गौशाला का निर्माण शुरू हुआ था, जिसका लगभग 90 प्रतिशत कार्य वर्ष 2023 तक पूरा हो चुका है इसके बावजूद अब तक गौशाला चालू नहीं हो सकी है, जिससे नगर व आसपास के क्षेत्रों में गौवंश इधर-उधर भटक रहे हैं ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि खुले में घूम रहे गौवंश के कारण किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा है और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं, शहर में भी गौवंश कूड़ा खाने को मजबूर हैं, जो चिंताजनक स्थिति है संगठन का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से बनी गौशाला को चालू न करना सरकारी धन की बर्बादी है। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि प्रशासन मुख्यमंत्री के गौवंश संरक्षण संबंधी निर्देशों का सही तरीके से पालन नहीं कर रहा है हिन्दू महासभा के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि कान्हा गौशाला को जल्द से जल्द संचालित कराया जाए, ताकि गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन ग्रामीणों के साथ मिलकर जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## दिनदहाड़े चाकूबाजी: पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला,दोनों गंभीर ,हाथ और पैर में लगे कई टांके

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के ब्लॉक रोड पर बुधवार दोपहर हुई सनसनीखेज चाकूबाजी की घटना ने इलाके में दहशत फैला दी किराना दुकान पर बैठे पिता-पुत्र पर धारदार हथियार से किए गए जानलेवा हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने पिता के हाथ और बेटे के पैर में गहरे घाव होने के चलते कई टांके लगाए हैं पीड़ित अशफाक पुत्र इदरीश, निवासी मोहल्ला नूरी नगर, ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि ग्राम सिमरिया निवासी इमरान और अरहान पुत्रगण पूर्व प्रधान मुस्ताक पुरानी रंजिश के चलते उनकी दुकान पर पहुंचे और हमला कर दिया घटना 6 मई 2026 की दोपहर करीब 3 बजे की बताई जा रही है अशफाक के अनुसार, वह अपने पुत्र रेहान के साथ दुकान पर बैठे थे, तभी दोनों आरोपी अचानक पहुंचे और बिना किसी बातचीत के सीधे चाकू से ताबड़तोड़ वार करने लगे हमले में अशफाक के हाथ में गंभीर चोटें आईं, जिन पर कई टांके लगाने पड़े वहीं पिता को बचाने दौड़े रेहान पर भी हमलावर टूट पड़े और उसके पैर पर चाकू से वार कर दिए, जिससे उसे भी गहरी चोटें आईं और कई टांके लगे हैं घटना के दौरान इलाके में अफरा-तफरी मच गई आसपास मौजूद लोगों–हमीदुल्ला (ढका), जाकिर (खानकाह) और राजकुमार (रजागंज) समेत अन्य लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया, जिसके बाद हमलावर फरार हो गए प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि समय रहते लोग नहीं पहुंचते तो दोनों की जान जा सकती थी पीड़ित का आरोप है कि जाते-जाते हमलावर खुलेआम धमकी देकर गए कि अगली बार जान से मार देंगे इस धमकी के बाद परिवार में भय का माहौल है ।

# आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त बिजली व्यवस्था की मरम्मत तेज, जल्द मिलेगी राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। हाल ही में आए चक्रवाती असर और तेज आंधी-बारिश के कारण विद्युत वितरण खंड बल्दीराय की बिजली व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई। कई स्थानों पर 11 केवी लाइनें टूट गई, सैकड़ों बिजली के खंभे गिर गए और ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि विषम परिस्थितियों के बावजूद विद्युत विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए युद्धस्तर पर मरम्मत और पुनर्स्थापन कार्य शुरूकर दिया।

विभाग सेवा ही सर्वोपरि के सिद्धांत पर काम करते हुए उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द राहत देने के लिए सभी संसाधनों का उपयोग कर रहा है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार बल्दीराय क्षेत्र के सभी 38 में से 38 फीडर चालू कर दिए गए हैं जबकि एलटी लाइनों पर बाकी काम तेजी से जारी है। आंधी-तूफान में करीब 800 बिजली पोल क्षतिग्रस्त हुए थे, जिनमें से अब तक लगभग 650 पोल दोबारा खड़े किए जा चुके हैं। वहीं खराब हुए ट्रांसफार्मरों की मरम्मत और बदलने का काम भी प्राथमिकता के आधार पर लगातार जारी है। इस आपदा से लगभग 510 गांव प्रभावित हुए थे, जिनमें अब केवल 50 गांवों में ही आंशिक रूप से बिजली आपूर्ति बाधित है। यानी अब प्रभावित गांवों का प्रतिशत घटकर करीब 9.80: रह गया है जो विभाग के तेज और प्रभावी काम को दर्शाता है। मरम्मत कार्य को तेजी देने के लिए करीब 160 कर्मियों की टीम (80 विभागीय और 80 कार्यदायी संस्था के कर्मचारी) दिन-रात जुटी हुई है। इसके साथ ही 10 हाइड्रा मशीनों की मदद से पोल खड़े करने और लाइनों को दुरुस्त करने का काम तेजी से किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा पूरे कार्य की लगातार निगरानी की जा रही है और उन इलाकों को प्राथमिकता दी जा रही है, जहां बिजली पूरी तरह ठप है। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक जल्द बिजली पहुंचाई जा सके। विभाग ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं तार टूटे हों या पोल गिरे हों तो तुरंत इसकी सूचना संबंधित उपकेंद्र या हेल्पलाइन पर दें। साथ ही, सभी लोग क्षतिग्रस्त बिजली लाइनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। विद्युत विभाग ने भरोसा दिलाया है कि वह उपभोक्ताओं को सुरक्षित, निर्बाध और बेहतर बिजली आपूर्ति देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहेगा।

## हीट वेव बाढ़ एवं सूखा प्रबंधन को लेकर डीएम ने की जिला स्तरीय बैठक

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़, सूखा एवं हीट वेव से बचाव हेतु तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपदवासियों को भीषण गर्मी और लू के प्रभाव से सुरक्षित रखने के लिये व्यापक रणनीति तैयार की गई तथा सभी संबंधित विभागों को सतर्कता और समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये। बैठक में अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने अवगत कराया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद का हीट वेव एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है जिसे प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने योजना की समीक्षा करते हुये स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चौबीस घण्टे चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। साथ ही पर्याप्त दवाओं, ओआरएस और तरल पदार्थों का स्टॉक बनाए रखा जाए तथा 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाओं को पूरी तरह सक्रिय रखा जाय। परिवहन विभाग को बस अड्डों पर छाया एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने, जबकि पशुपालन विभाग को मवेशियों के लिये पानी, टीकाकरण और छाया की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

# पुलिस ने बकरी चोरी के मामले में दो युवकों को भेजा जेल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना संग्रामपुर पुलिस ने चोरी के अभियोग में वांछित दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से चोरी की बकरियों की बिक्री के कुल पांच हजार दो सौ साठ रुपया बरामद हुआ है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग व अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत बुधवार को थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा चोरी के मामले में वांछित प्रवेश कुमार वर्मा पुत्र रामदेव वर्मा निवासी ग्राम भवानीपुर मजरे सरैया कनू थाना संग्रामपुर,रवी शर्मा पुत्र गजाधर शर्मा निवासी ग्राम सांगीपुर कनू थाना संग्रामपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में प्रवेश कुमार वर्मा के कब्जे से तीन हजार दो सौ बीस रुपये व रवी शर्मा के कब्जे से दो हजार चालीस रुपये बरामद हुये। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवकों ने बताया कि उन लोगों ने बीती चार मई को ग्राम भवानीपुर सरैया कनू से तीन बकरी व तीन बकरे चोरी किये थे और बरामद रुपये उन्ही बकरियों के बिक्री के है। इस सम्बंध में थाना संग्रामपुर के थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पकड़े गये युवकों को जेल भेज दिया गया है।

# महिला शिक्षक संघ ने बीएसए से की शिष्टाचार भेंट




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ ने कार्यकारिणी गठन के उपरांत बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह से प्रथम बार भेटवार्ता की और अपनी कार्यकारिणी का परिचय कराया। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने महिला शिक्षक संघ को बधाई दी और महिला शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और समाधान का अश्वासन भी दिया। जिन महिला शिक्षकों को सीसीएल की आवश्यकता है उनका अवकाश अविलंब स्वीकृत हो। गंभीर बीमारी से ग्रस्त, छोटे बच्चों की माता और दिव्यांग शिक्षकों को जनगणना ड्यूटी से मुक्त किया जाए। जिलाध्यक्ष अनीता तिवारी ने भी भरोसा दिलाया कि विभागिए जिम्मेदारियों का अनुपालन हेतु महिला शिक्षक संघ सदैव समर्पित है।विभाग द्वारा किसी भी शिक्षक का वेतन बिना स्पष्टिकरण के बाधित न किया जाए यह भी अनुरोध किया गया जिसका आश्वसन भी बेसिक शिक्षा अधिकारी ने दिया। इस अवसर पर अर्शी नाज, विभा मिश्रा, नीलिमा शुक्ला, सरोज जायसवाल, निशात कौसर, वंदना बाजपेई, प्रागी, शशीप्रभा, नगमा रसूल, आरती सक्सेना, इंदु रावत ,शकुंतला, हिना आदि महिला शिक्षक उपस्थित रहीं है।

## महिला थाना प्रभारी रही कंचन सिंह व तनुज पाल का गैर जनपद हुआ तबादला

अमेठी । जनपद में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिये पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बड़ा बदलाव किया है। एसपी का पदभार संभालने के बाद यह उनका पहला बड़ा फ़ेरबदल है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने थाना पीपरपुर के थानाध्यक्ष श्रीराम पाण्डेय को अमेठी कोतवाली की जिम्मेदारी सौंपी है और अमेठी कोतवाली के निरीक्षक रवि सिंह को गौरीगंज की कमान सौंपी है।अरुण कुमार मिश्रा गौरीगंज कोतवाली से पीपरपुर थाने भेजे गये है।रामराज कुशवाहा को एएचटीयू से हटाकर रामगंज थाने का प्रभारी बनाया गया है।

## यूपीऽउत्तराखंड बॉर्डर पर अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 3 गिरफ्तार

पीलीभीत । अवैध शराब के निर्माण व बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की संयुक्त टीम ने बॉर्डर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक पीलीभीत तथा उप आबकारी आयुक्त बरेली के निर्देशन में 6 मई 2026 को आबकारी और पुलिस टीम ने खटीमा क्षेत्र के ढ़ाकी ग्राम, डीऊनी डैम जंगल, मझोला व देवहा नदी किनारे करीब 10 किमी तक कांबिंग की छापेमारी के दौरान 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई, जबकि 1500 लीटर लहन, 3 भट्ठियां और शराब बनाने के उपकरण मौके पर ही नष्ट कर दिए गए कार्रवाई में आबकारी अधिनियम के तहत 3 मुकदमे दर्ज किए गए हैं साथ ही मझोला बॉर्डर पर सघन वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया गया संयुक्त टीम की कार्रवाई में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# डीएम एसपी ने अपनाया जनसुनवाई का नया तरीका

**जनसुनवाई के दौरान वर्चुअल जुड़ रहे है जिले के अफसर**

**वर्चुअल जुड़े अफसरों से तत्काल जानकारी के साथ निस्तारण का दे रहे है निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले के प्रशासन व पुलिस विभाग की मुखिया इस समय जनसुनवाई के दौरान जिले के सभी अफसरों को वर्चुअल जोड़ कर मामले की जानकारी के साथ निस्तारण का निर्देश दे रहे है। जिससे जनसामान्य को न्याय की उम्मीद जगी है। पूर्व में प्रार्थना पत्रों पर आदेश तो हो जाता था लेकिन क्रियान्वयन बहुत कम ही होता था। जिसके जिले के दोनों वरिष्ठ अफसर बेहद संजीदा दिखाई दे रहे है।

बता दे कि शासन द्वारा निर्धारित जनता दर्शन के समय सुबह के 10 बजे से 12 बजे तक जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह व एसपी चारु निगम अपने अपने कार्यालय के बैठकर जनसुनवाई करते है। जिले के सुदूर इलाकों से आए हुए फरियादियों की समस्या के निस्तारण के लिए दोनों अधिकारियों ने नया प्रयोग शुरू किया है। जिसमे संबंधित विभाग के सभी अधिकारी वर्चुअल जुड़े रहते है। जिस विभाग या अधिकारी से संबंधित मामला जनसुनवाई में पहुंचता है। उससे सीधे संवाद कर मामले की जानकारी के साथ उचित निस्तारण का निर्देश डीएम एसपी द्वारा दिया जा रहा है। ऐसे में जो लापरवाह अधिकारी/कर्मचारी पहले जनसुनवाई के समय अपने कार्यालय से गायब रहते थे उन पर लगाम लग गई। अब उन्हें 10 बजते ही अफिस पहुंचकर वर्चुअल जुड़ना ही पड़ रहा है। दोनो अधिकारियों के इस निर्णय से लोगों के बीच सराहना हो रही है। पूर्व में जो आदेश फाइलों में गुम हो जाते थे अब शिकायत पर तुरंत कार्यवाही का निर्देश मिल रहा है। साथ ही जो लोग झूठी शिकायत लेकर पहुंच जाते थे उन पर भी लगाम लगने की पूरी उम्मीद है। इस तरह पारदर्शी तरीके से आम जन के शिकायत के निस्तारण से लोगो को उम्मीद भी जगी है और काफी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर डीएम एसपी के कार्यालय पहुंच रहे है।

## सम्पादकीय

# डीआरडीओ का योगदान

भारत का रक्षा क्षेत्र आज वहां आ पहुंचा है, जहां तकनीक, अनुसंधान और स्वदेशी क्षमताएं राष्ट्रीय शक्ति का नया आधार बनती जा रही हैं। हाल के वर्षों में सरकार ने रक्षा अनुसंधान को नीति के केंद्र में स्थापित किया है, जिससे देश की सुरक्षा व्यवस्था अधिक सशक्त, आधुनिक और आत्मनिर्भर बन रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा व्यक्त विचार इस दिशा में स्पष्ट संकेत देते हैं कि आने वाला समय तकनीकी श्रेष्ठता का होगा और भारत इस दौड़ में पीछे रहने वाला देश नहीं है। वस्तुतः आज केंद्र सरकार द्वारा रक्षा अनुसंधान एवं विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देना एक दूरदर्शी कदम माना जा सकता है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा अब तक 2,200 से अधिक तकनीकों का उद्योगों को हस्तांतरण इस बात का प्रमाण है कि देश में शोध और उत्पादन के बीच मजबूत पुल तैयार हो चुका है। इस प्रक्रिया ने रक्षा उत्पादन को गति दी है और निजी क्षेत्र को भी नए अवसर प्रदान किए हैं। अनुसंधान पर निरंतर ध्यान बनाए रखना भविष्य के युद्धों में बढ़त दिलाने वाला कारक बन सकता है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास बजट का 25 प्रतिशत हिस्सा उद्योगों, अकादमिक संस्थानों और स्टार्टअप्स के लिए निर्धारित किया जाना एक क्रांतिकारी पहल है। इन संस्थाओं द्वारा 4,500 करोड़ रुपए से अधिक का उपयोग यह दर्शाता है कि देश में नवाचार की ऊर्जा तेजी से बढ़ रही है। इससे एक ओर जहां नई तकनीकों का विकास संभव हुआ है, वहीं युवाओं को भी रक्षा क्षेत्र में योगदान देने का अवसर मिला है। नई टेक्नोलॉजी ट्रांसफर नीति के तहत शुल्क समाप्त करना उद्योगों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन साबित हुआ है। इससे विकास और उत्पादन में साझेदारी को बढ़ावा मिला है। साथ ही पेटेंट्स को मुफ्त उपलब्ध कराने की नीति ने तकनीकी विकास को नई गति दी है। परीक्षण सुविधाओं को उद्योगों के लिए खोलना भी सहयोगात्मक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यही कारण है कि भारत अब डायरेक्टेड एनर्जी वेपन्स, हाइपरसोनिक हथियार, क्वांटम तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ये तकनीकें भविष्य के युद्धों की दिशा तय करेंगी। इन क्षेत्रों में निवेश और अनुसंधान भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना रहे हैं। हमने पिछले साल देखा भी है कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों में स्वदेशी तकनीकों का सफल उपयोग देश की बढ़ती सैन्य क्षमता को दर्शाता है। आकाशतीर, आकाश मिसाइल सिस्टम और ब्रह्मोस जैसी उन्नत प्रणालियां इस बात का प्रमाण हैं कि भारत अब आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। यह उपलब्धि हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। इसके साथ ही कहना होगा कि भारत के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में रक्षा उत्पादन का 1.54 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। रक्षा निर्यात का 38,424 करोड़ रुपए तक पहुंचना इस बात का संकेत है कि भारत अब वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। पिछले एक दशक में 174 प्रतिशत की वृद्धि और निर्यात में कई गुना विस्तार देश की बदलती पहचान को दर्शाता है। जिसमें कि रक्षा निर्यात में निजी क्षेत्र का लगभग 15,000 करोड़ रुपए का योगदान इस क्षेत्र में आए बड़े बदलाव को दर्शा रहा है। अब रक्षा निर्माण सरकारी संस्थानों की पहुंच से आगे उद्योगों और स्टार्टअप्स की सक्रियता में एक व्यापक इकोसिस्टम बन चुका है। स्वभाविक तौर पर इससे नवाचार और प्रतिस्पर्धा दोनों को बढ़ावा मिला है।आज इनोवेशंस फॉर डिफेंस एक्सीलेंस, एडीआईटीआई और टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड जैसी योजनाएं रक्षा क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार कर रही हैं। इन पहलों ने युवाओं और उद्यमियों को रक्षा तकनीकों के विकास में भाग लेने का अवसर दिया है। इससे देश में नवाचार की संस्कृति मजबूत हो रही है। ऐसे में यह भी ध्यान में आता है कि भारत का लक्ष्य अब तकनीकी संप्रभुता हासिल करना है, जिसमें महत्वपूर्ण तकनीकों का विकास, स्वामित्व और संरक्षण देश के भीतर ही हो। क्वांटम-सिक्योर कम्युनिकेशन जैसी उपलब्धियां इस दिशा में बड़ी प्रगति को दर्शाती हैं।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बंगाल चुनाव

कल कार्ल मार्क्स का जन्मदिवस था और इधर भारत में उनसे प्रेरित राजनैतिक दल का बोरिया-बिस्तर एकमात्र बचे हुए प्रांत से भी उठ गया। दूसरी ओर भारत के सभी राजनैतिक दल (भाजपा को छोड़कर) जिस सामाजिक संगठन आरएसएस का विरोध करते रहे हैं, या कभी न कभी उसके विरुद्ध खड़े हुए, वह आज देशभर में अपना जन्म शताब्दी वर्ष मना रहा है। उसकी प्रेरणा से राजनीति में खड़े हुए दल भाजपा ने देश के कोनेऽकोने में अपनी पैठ बनाई है। बंगाल विजय तो कल का ही उदाहरण है। वस्तुतः इसकी वास्तविकता को जानने के लिए हमें एक सदी पूर्व के भारत में जाना होगा।

सन 1925 में भारत में दो संगठनों की नींव रखी गई। एक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिसका आरम्भ एक मेडिकल शिक्षा प्राप्त किये युवक ने नागपुर में 15ऽ20 स्थानीय साथियों को लेकर किया। दूसरा संगठन संसारभर में विख्यात हो चुकी कम्युनिस्ट पार्टी का था, जिसका गठन कानपुर में देश के विभिन्न प्रांतों से एकत्र हुए सैकड़ों प्रबुद्ध लोगों ने किया। पार्टी के प्रेरणापुंज कार्ल मार्क्स की गणना विश्व के महानतम विचारकों में होती थी। सन 1917 की रूस की क्रांति की कीर्ति के कारण कम्यूनिस्ट पार्टी आरंभ में ही देशभर में चर्चित हो गई। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद तो रूस, चीन जैसी अंतरराष्ट्रीय महाशक्तियों का समर्थन भी उन्हें मिलने लगा था। देश के सभी प्रमुख संस्थानों पर साम्यवाद और समाजवाद की गहरी छाप थी। जबकि संघ को आरंभिक वर्षों में नागपुर से बाहर कोई नहीं जानता था। देश स्वाधीन होते ही उस पर न केवल प्रतिबंध लगा, सरकारों द्वारा संघ के कार्यकर्ताओं को निराधार लांछित और प्रताड़ित भी किया गया। आगे फिर प्रतिबंध लगाया गया। सबकी उपेक्षा, उपहास और तिरस्कार झेलते हुए भी संघ चुपचाप अपना कार्य करता रहा।

आज एक शताब्दी बाद हम देखते हैं कि सारी दुनिया को बदलने का दावा करने वाले, देश में क्रांति करके सत्ता प्राप्ति का स्वप्न देखने वाले कम्युनिस्ट एक कोने में सिमटकर रह गए। जबकि आज देश का ऐसा कोई कोना नहीं, जहां संघ का वर्चस्व नहीं, संघ की उपस्थिति नहीं। विचारणीय प्रश्न है कि यह जमीनऽआसमान का अंतर कैसे संभव हुआ? संघ के निरंतर उत्कर्ष और उसके समान्तर कम्युनिज्म के निरंतर अपकर्ष के मूलभूत कारण क्या रहे? इस पर गहरा मंथन करना चाहिए। वास्तव में किसी भी संगठन की ऐसी असाधारण उपलब्धि कार्यकर्ताओं की निस्वार्थ कर्मनिष्ठा, समर्पण और त्याग के बिना संभव नहीं। यह सभागारों और विश्वविद्यालयों में बैठकर सिद्धांत बघारने से नहीं समाज में प्रत्यक्ष काम करने से हासिल होती है। कोरी बौद्धिकता झाड़ने से वैचारिक हलचल तो हो सकती है, किन्तु व्यक्ति का मन नहीं जुड़ता। वह जुड़ता है उनके बीच जाकर प्रत्यक्ष कार्य करने से, प्रेमपूर्ण व्यवहार से। व्यक्तियों के संगठन आंदोलकारी नारों से नहीं, नियमित संपर्क और सेवा कार्यों से निर्मित होते हैं। मत भूलिए कि संघ ही एकमात्र ऐसा संगठन है जहाँ हजारों उच्च शिक्षा प्राप्त नवयुवक अपने सुखमय जीवन को ठोकर मारकर संघ के प्रचारक बन गए। आजीवन अविवाहित रहने का भीष्म संकल्प उन्होंने इसलिए लिया कि उनके जीवन का एकमात्र ध्येय संघ कार्य करना था। लाखों गृहस्थ प्रतिदिन कुछ न कुछ समय संगठन के लिए निकालते हैं।

इसलिए संघ सैद्धांतिक तर्कऽवितर्क एवं शास्त्रार्थ के पचड़े में नहीं पड़ा। बनावटी बौद्धिक वातावरण बनाने में शक्ति खर्च नहीं करता। दिखावटी प्रचार के फंदे में नहीं फँसता। उसका स्पष्ट ध्येय है व्यक्ति को संस्कारित करना, समाज में सज्जनों की संगठित शक्ति खड़ा करना और समाज के बीच में प्रत्यक्ष उपस्थित होकर क्षमता अनुसार कार्य करना। उसके असधारण कार्यविस्तार एवं व्यापक जनस्वीकृति का यही एकमात्र आधार था। इतिहास साक्षी है कि जिन्होंने तथाकथित वैचारिक क्रांतिकारी पैदा किए वे आपस में ही मारऽकाट में लग गए। सत्ता प्रतिस्पर्धा में पड़ गए। स्वयं को प्रतिष्ठापित करने में ही उनकी शक्ति चुक गई। किन्तु संघ ने व्यक्ति निर्माण की पाठशालाएं चलाई। व्यक्तियों को गढ़ने और जोड़ने की वे छोटीऽछोटी पाठशालाएं आज विश्व का व्यक्ति निर्माण का सबसे बड़ा विश्विद्यालय बन गया।

**आज एक शताब्दी बाद हम देखते हैं कि सारी दुनिया को बदलने का दावा करने वाले, देश में क्रांति करके सत्ता प्राप्ति का स्वप्न देखने वाले कम्युनिस्ट एक कोने में सिमटकर रह गए। जबकि आज देश का ऐसा कोई कोना नहीं, जहां संघ का वर्चस्व नहीं, संघ की उपस्थिति नहीं। विचारणीय प्रश्न है कि यह जमीनऽआसमान का अंतर कैसे संभव हुआ? संघ के निरंतर उत्कर्ष और उसके समान्तर कम्युनिज्म के निरंतर अपकर्ष के मूलभूत कारण क्या रहे? इस पर गहरा मंथन करना चाहिए। वास्तव में किसी भी संगठन की ऐसी असाधारण उपलब्धि कार्यकर्ताओं की निस्वार्थ कर्मनिष्ठा, समर्पण और त्याग के बिना संभव नहीं। यह सभागारों और विश्वविद्यालयों में बैठकर सिद्धांत बघारने से नहीं समाज में प्रत्यक्ष काम करने से हासिल होती है। कोरी बौद्धिकता झाड़ने से वैचारिक हलचल तो हो सकती है, किन्तु व्यक्ति का मन नहीं जुड़ता। वह जुड़ता है उनके बीच जाकर प्रत्यक्ष कार्य करने से, प्रेमपूर्ण व्यवहार से। व्यक्तियों के संगठन आंदोलकारी नारों से नहीं, नियमित संपर्क और सेवा कार्यों से निर्मित होते हैं। मत भूलिए कि संघ ही एकमात्र ऐसा संगठन है जहाँ हजारों उच्च शिक्षा प्राप्त नवयुवक अपने सुखमय जीवन को ठोकर मारकर संघ के प्रचारक बन गए। आजीवन अविवाहित रहने का भीष्म संकल्प उन्होंने इसलिए लिया कि उनके जीवन का एकमात्र ध्येय संघ कार्य करना था। लाखों गृहस्थ प्रतिदिन कुछ न कुछ समय संगठन के लिए निकालते हैं।**



ध्यान रखिए संघ हिन्दू संगठन है किन्तु संघ का कार्य केवल हिंदुओं के लिए नहीं संपूर्ण समाज के अभ्युदय के लिए है। समाज का अभ्युदय राष्ट्र के अभ्युदय के लिए है। और राष्ट्र का अभ्युदय केवल भारतवर्ष के लिए नहीं संपूर्ण विश्व के अभ्युदय के लिए है। पर यह तभी दिखाई देगा जब आप अपना राजनैतिक चश्मा उतारकर देखेंगे। भाजपा के चश्मे से देखेंगे तो भी नहीं दिखेगा। अपने व्यक्तिगत अथवा समूहगत लाभऽलोभ से ऊपर उठकर देखेंगे तभी दिखेगा। भाजपा की बंगाल विजय के प्रत्यक्ष पचास कारण गिनाए जा सकते हैं। निस्संदेह भारतीय जनता पार्टी ने प्राणांतक संघर्ष किया हैं, सैकड़ों राजनैतिक कार्यकर्ताओं ने बलिदान किया है, लाखों लोगों का पसीना बहा है। किन्तु इस विराट परिवर्तन के पीछे संघ के स्वयंसेवकों की सतत साधना को मत भूलिए। आज स्वतंत्रता प्राप्ति के आठ दशक बाद पहली बार बंगाल में भगवा लहराया है, तो निश्चित मानिये कल केरल और तमिलनाडु की बारी है। क्योंकि संघकार्य राजनीति प्रेरित तात्कालिक कार्य नहीं राष्ट्रनीति प्रेरित अनवरत चलने वाला कार्य है, जिसका लक्ष्य सत्ता प्राप्ति नहीं व्यक्ति एवं राष्ट्र निर्माण है।

इंदुशेखर तत्पुरुष

# परिवर्तन की राजनीति नहीं, ये विचार-तप की ऐतिहासिक परिणति

**कैलाश चन्द्र**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के परिणाम भारत की राजनीति में केवल संख्यात्मक उलटफ़ेर नहीं हैं; वे उन अदृश्य धाराओं का सतही प्रकट रूप हैं जिनकी गति दशकों से इस प्रदेश की मिट्टी में प्रवाहित हो रही थी। 294 सीटों वाले इस राज्य में दो चरणों- 23 और 29 अप्रैल में हुए मतदान ने 92.93 प्रतिशत का अभूतपूर्व जनसहभाग दर्ज कराया, और 4ऽ5 मई को आए परिणामों ने लगभग असंभव प्रतीत होने वाला परिदृश्य रचा। भारतीय जनता पार्टी लगभग 206 सीटों पर विजय या बढ़त के साथ स्पष्ट बहुमत प्राप्त करती है, जबकि तृणमूल कांग्रेस 81 के आसपास सिमट जाती है।

यदि इस घटना को केवल राजनीतिक गणित के संदर्भ में पढ़ा जाए, तो यह विश्लेषण अधूरा रह जाएगा। क्योंकि बंगाल में सत्ता-परिवर्तन सामान्यतः राजनीतिक रणनीतियों से नहीं, सांस्कृतिक चेतना के परिवर्तन से होता है और 2026 का यह जनादेश, वस्तुतः, उसी चेतना के पुनरुत्थान की कथा कहता है। बंगाल ने कभी केवल राजनीतिक बदलाव नहीं देखे; उसने वैचारिक हलचलों को जन्म दिया है। यह वह भूमि है जिसने राजा राममोहन राय के सामाजिक नवजागरण, स्वामी विवेकानंद के आत्मजागरण, बंकिमचंद्र के राष्ट्रजागरण, श्री अरविन्द के आध्यात्मिक-राजनीतिक दृष्टिकोण और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के अदम्य राष्ट्र-नेतृत्व को जन्म दिया, इसलिए बंगाल में विचार की आहट, अक्सर राजनीति के कदमों से पहले सुनाई देती है। 2026 का परिणाम इसी गहरे अंतःसंचरण का संकेतक है। वस्तुतः एक ऐसा संचरण जो न किसी दल विशेष की तात्कालिक रणनीति से बना, न किसी नेता की व्यक्तिगत लोकप्रियता से; बल्कि उस दीर्घ सांस्कृतिक-सामाजिक तप से, जिसे लाखों स्वयंसेवकों, शिक्षकों, विचारकों, छात्रों, किसानों और गृहस्थों ने दशकों तक ऋषिऽधैर्य के साथ साधा। इन दशकों में वाम मोर्चे का शासन रहा, उसके बाद तृणमूल कांग्रेस का प्रभुत्व। परंतु राजनीतिक सत्ता जहाँ ऊपर बदलती रही, वहीं समाज की गहराइयों में कोई अन्य कथा शांत गति से अपना पथ बना रही थी। सांस्कृतिक राष्ट्रभावना से प्रेरित कार्यकर्ताओं की यह कथा किसी अख़बार की सुर्खियों में नहीं थी, उनके कार्यों के होर्डिंग नहीं लगे, वे टीवी बहसों में नज़र नहीं आए। फिर भी वे गांवों के चौपालों में, कस्बों के विद्यालयों में, आदिवासी बस्तियों में, पुस्तकालयों और संस्कार केन्द्रों में, योग-प्रार्थना समूहों में, और चाय की दुकानों पर होने वाली सहज संवादऽपरंपरा में अपनी जड़ों को फैलाते रहे।

इस परिश्रम का स्वरूप राजनीतिक नहीं था; वह मन-निर्माण की प्रक्रिया थी, इतनी धीमी कि उसके परिणाम झटके से दिखाई नहीं देते, इतनी गहरी कि जब दिखाई देते हैं तो परिदृश्य ही बदल गया होता है। उनका काम मतदाता बनाना नहीं था; वे मानदाता तैयार कर रहे थे। ऐसे नागरिक, जिनका मन स्वयं निर्णय लेने में सक्षम हो, जो भय या प्रलोभन से प्रभावित न हों, और जो समाज के दीर्घकालिक हितों को राजनीतिक तात्कालिकता से ऊपर रख सकें। 2026 के चुनावों से तीन या छह महीने पहले शुरू किए जाने वाले संपर्क-प्रयास इस परिवर्तन को नहीं घड़ सकते थे। यह जनादेश वर्षों, कभी-कभी दशकों से चल रहे संवाद, सेवा, संस्कार और अध्ययन की उस परंपरा का परिणाम है जिसे प्रतिदिन हजारों स्थानों पर दोहराया गयाः शाखाओं में प्रार्थना और व्यायाम, बौद्धिक सत्रों में राष्ट्रीय विचार का पुनर्पाठ, सेवा-बस्तियों में चिकित्सा शिविर, पुस्तकालयों में भारतीय साहित्य का अध्ययन, युवाऽकार्यक्रमों में नेतृत्व का प्रशिक्षण, और मातृ-शक्ति के जागरण के लिए चलाए गए अभियान। बाढ़, चक्रवात और महामारी जैसी आपदाओं में इन स्वयंसेवकों ने जब सबसे पहले राहत पहुँचाई, तब उनकी बातों में विश्वास का आधार भी निर्मित हुआ। राजनीतिक विश्लेषण भले यह कहे कि भाजपा का वोट-शेयर 45.85 प्रतिशत तक पहुँचा और टीएमसी में 7.22 प्रतिशत की गिरावट आ गयी, परंतु जनमानस की दृष्टि से यह बदलाव सूखते तालाब में अचानक उभर आए पानी का नहीं, बल्कि भूमिगत जलस्त्रोतों के पुनर्जीवित होने का संकेत है। राजनीतिक दलों ने जहाँ मुद्दों- हिंसा, भ्रष्टाचार, सन्देशखली प्रकरण, आरजीकर मेडिकल केस, रोजगार, अवैध घुसपैठ पर अपनी राजनीति की, वहीं समाज के भीतर चल रही चेतना ने इन मुद्दों की व्याख्या एक व्यापक सांस्कृतिक–परिप्रेक्ष्य में की।

## सेहत मंत्र

# हाई ब्लड प्रेशर से परेशान हैं तो इस तरह तुरंत मिलेगी राहत

आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में हर व्यक्ति किसी न किसी बीमारी से पीड़ित है। इन्हीं बीमारियों में एक है हाई ब्लड प्रेशर की समस्या। इसकी गंभीरता की तहफ लोगों का ध्यान ही नहीं जाता। बहुत अधिक ब्लड प्रेशर आपकी किडनियों से लेकर आंखों तक को खराब कर सकता है। इतना ही नहीं, इसके कारण आप पैरालीसिस हो सकते हैं या फिर आपको दिल का दौरा पड़ सकता है। यहां तक कि इसके कारण आप असमय काल के गाल में भी समा सकते हैं। इसलिए जो लोग उच्च रक्तचाप की समस्या से पीड़ित हैं, उन्हें अपने आहार पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। यही आपकी समस्या को बढ़ा सकता है और कम भी कर सकता है। तो चलिए आज हम आपको ऐसे कुछ खाद्य पदार्थों के बारे में बता रहे हैं जो उच्च रक्तचाप के मरीजों के लिए लाभकारी सिद्ध होते हैं- प्याज है फायदेमंदः उच्च रक्तचाप के मरीजों के लिए प्याज का सेवन काफी लाभकारी माना जाता है। इसमें एंडीऑक्सिडेंट, फ्लेवेनॉल, कैसेरटिन आदि तत्व पाए जाते हैं, जो आपके शरीर में रक्त चाप के संतुलन में सहायक होते हैं। इसलिए अगर आप भी रक्त चाप की समस्या से पीड़ित हैं तो प्याज को अपने आहार का हिस्सा जरूर बनाएं। दही का कमालः गर्मी के मौसम में यूं तो दही का सेवन करने की सलाह हर व्यक्ति को दी जाती है, लेकिन उच्च रक्तचाप से पीड़ित व्यक्ति को फैट फ्री प्लेन दही का सेवन करना चाहिए। इससे आपको कैल्शियम के अतिरिक्त पोटेशियम व मैग्नीशियम भी प्राप्त होता है। जो आपके रक्त चाप को संतुलित करने का कार्य करता है। अजवाइन को करें शामिलः रक्तचाप से पीड़ित व्यक्ति को किसी न किसी रूप में अजवाइन को अपने आहार में अवश्य शामिल करना चाहिए। दरअसल, अजवाइन में कार्वाक्रोल नामक यौगिक पाया जाता है, जो धमनियों के दबाव को कम करता है जिससे हार्ट रेट में कमी आती है। अजवाइन के सेवन का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह सिर्फ उच्च रक्तचाप पीड़ित व्यक्ति ही नहीं, बल्कि लो ब्लडप्रेशर के मरीजों के लिए भी फायदेमंद है।

## धर्म मंत्र

# आक के पुष्पों से पूजा करने से सूर्य होते हैं प्रसन्न

रविवार सूर्य देवता की पूजा का वार है। जीवन में सुख-समृद्धि, धन-संपत्ति और शत्रुओं से सुरक्षा के लिए रविवार का व्रत सर्वश्रेष्ठ है। विद्वानों का मानना है कि रविवार का व्रत करने व कथा सुनने से मनुष्य की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मान-सम्मान, धन-यश तथा उत्तम स्वास्थ्य मिलता है। कुष्ठ रोग से मुक्ति के लिए भी यह व्रत किया जाता है। सूर्य पूजा में उनके पसंदीदा पुष्पों का प्रयोग करें तो भगवान भास्कर अत्यंत प्रसन्न होते हैं। विष्य पुराण के अनुसार सूर्य भगवान को यदि एक आक का फूल अर्पण कर दिया जाए तो सोने की दस अशर्फियां चढ़ाने का फल मिलता है। भगवान आदित्य को चढ़ाने योग्य कुछ फूलों का उल्लेख वीर मित्रोदय, पूजा प्रकाश में भी है। सूर्य को रात्रि में कदम्ब के फूल और मुकुर को अर्पण करना चाहिए तथा दिन में शेष अन्?य सभी फूल चढ़ाए जा सकते हैं। बेला का फूल दिन और रात दोनों समय चढ़ाया जा सकता है। कुछ फूल सूर्य आराधना में निषिद्ध हैं। ये हैं गुंजा, धतूरा, अपराजिता, भटकटैया और तगर इत्यादि। इनका प्रयोग भूल कर भी नहीं करना चाहिए। रविवार को प्रातःकाल स्नान आदि से निवृत्त हो, स्वच्छ वस्त्र धारण कर सूर्य देव का स्मरण करें। घर के ही किसी पवित्र स्थान पर भगवान सूर्य की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। इसके बाद विधि-विधान से गंध-पुष्पादि से भगवान सूर्य का पूजन करें। इसके बाद विधि-विधान से गंध-पुष्पादि से भगवान सूर्य का पूजन करें। एक समय भोजन करें। भोजन इत्यादि सूर्य प्रकाश रहते ही करें। अंत में कथा सुनें। इस दिन नमकीन और तेल युक्त भोजन ना करें। यदि किसी कारणवश सूर्य अस्त हो जाए और भोजन न कर पायें तो अगले दिन सूर्योदय तक वह निराहार रहे तथा फिर स्नानादि से निवृत्त होकर, सूर्य भगवान को जल देकर, उनका स्मरण करने के बाद ही भोजन ग्रहण करे।

## पर्यटन



# घूमने फिरने के लिए विदेश में भारतीयों की पहली पसंद है यूरोप

रोजमर्रा की भागदौड़ भरी जिंदगी में सब कोशिश करते है कि कुछ समय निकाल कर रिलेक्स करने के लिए कहीं घूम कर आया जाए। यूं तो भारत अपने आप में एक स्वर्ग है अगर घूमने फिरने, शांति या कुदरत की सुंदरता को निहारना हो तो यहां बहुत सी खूबसूरत जगह हैं। लेकिन घूमने वालों के लिए आउट ऑफ कंट्री जाने का अपना ही अलग क्रेज होता है और बाहर के देशों में अगर देखा जाए तो घूमने के लिए भारतीयों का पसंदीदा स्थल यूरोप है। ये बात सामने आई है ट्रैवल कंपनी काक्स एंड किंग्स के एक सर्वे में। इस सर्वे के अनुसार घूमने के लिए यूरोप इस साल भी भारतीयों की पसंदीदा जगह बना हुआ है। यूरोप में अगर आप जाते हैं तो तो ऑफिस से लंबी छुट्टियां लेकर जाएं क्योंकि वहां घूमने के लिए बहुत कुछ है। हालांकि लोग अब कम अवधि वाले अवकाश को प्राथमिकता दे रहे हैं। अगर परिवार के साथ वेकेशन पर जाना चाहते हैं तो देखा जाए तो लंबी छुट्टियां बच्चों के साथ गर्मियों में ही मिल सकती हैं। सर्वे के मुताबिक कुल मिलाकर गर्मियों की छुट्टियों के लिए पिछले साल की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। सर्वे के मुताबिक जहां पर लोग सबसे ज्यादा घूमना पसंद करते हैं वो है फ्रांस और स्विट्जरलैंड जो भारतीय पर्यटकों के लिए घूमने का केंद्र हैं। कुछ पर्यटक इन स्थानों के साथ कुछ और देशों को भी अपने यात्रा मार्ग में जोड़ रहे हैं। इनमें आस्ट्रिया, इटली, नीदरलैंड या फिर जर्मनी को शामिल किया जा रहा है। अगर बात अकेले ट्रेवल करने वालों की करें तो सर्वे के अनुसार उनकी पसंदीदा जगहों में आइसलैंड, यूक्रेन, ग्रीस और क्रोशिया प्रमुख हैं। पश्चिम भारतीय राज्यों के टूरिस्टों की अगर बात करें तो गुजरात और महाराष्ट्र के लोग ठंडे समुद्री तटों वाले स्थानों की यात्रा करना पसंद कर रहे हैं। इन राज्यों के पर्यटक मॉरिशस, रियूनियन आइलैंड और सेशेल्स जैसे देशों में जा रहे हैं। इन दोनों राज्यों से इन पर्यटक स्थलों के लिए मांग 15 प्रतिशत तक बढ़ी है।

# नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का शिक्षकों ने किया स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगसपुर बाराबंकी। विकासखंड सिरौलीगौसपुर स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सुषमा सेंगर ने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ।

खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों से विद्यार्थियों की शिक्षा व सुरक्षा के प्रति समर्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया तथा विकासखंड को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक व पदाधिकारी मौजूद रहे।

भाकियू कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन हरपाल गुट एवं भारतीय किसान संगठन के संयुक्त तत्वावधान में जिला अस्पताल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने किया। शिविर में संगठन के आठ कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। वक्ताओं ने कहा कि जरूरतमंदों की जान बचाने के लिए रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म है। इस दौरान संगठन पदाधिकारी व ब्लड बैंक कर्मचारी मौजूद रहे।

# बार एसोसिएशन का चुनाव, शिव प्रकाश अवस्थी बने अध्यक्ष तो कमलापति तिवारी महामंत्री निर्वाचित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। तहसील बार एसोसिएशन रामनगर के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर शिव प्रकाश अवस्थी, महामंत्री पद के प्रत्याशी कमलापति तिवारी तथा उपाध्यक्ष तृतीय पद के दावेदार देवकली प्रसाद रावत विजय घोषित हुए। बुधवार को तहसील बार एसोसिएशन रामनगर का वार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें 137 मतदाताओं में से 136 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। बुद्ध जीवी मतदाताओं में 7 मत अवैध पाए गए। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी शिव प्रकाश अवस्थी को 84 मत मिले व मानसिंह को 48 वोट प्राप्त हुए। 30 मतों से शिव प्रकाश अवस्थी ने जीत हासिल की। महामंत्री पद पर कमलापति तिवारी को 67 मत, सुरेश शास्त्री को 37 तथा आनंद प्रताप सिंह को 30 वोट मिले। जिसमें कमलापति तिवारी 30 वोटों से विजई घोषित किए गए। वहीं पर उपाध्यक्ष तृतीय पद पर देवकली प्रसाद रावत 82 मत तथा पुनीत कुमार वर्मा 53 मत पाकर देवकली प्रसाद रावत 29 वोटो से जीते। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राकेश कांत मिश्रा व निर्वाचन सदस्य गौरी शंकर तिवारी, रामकुमार सोनी, सुनील सिंह व मानिकचंद यादव ने बताया कि पूर्ण पारदर्शिता से चुनाव संपन्न कराया गया है। इसके पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बी डी खान, उपाध्यक्ष प्रथम गिरिजेश कुमार शुक्ला, उपाध्यक्ष द्वितीय चेतन नारायण, संयुक्त मंत्री प्रशासन अरुण कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय हंसराज , कोषाध्यक्ष गुरुदेव, सदस्य वरिष्ठ रामकुमार मिश्र, बृजेश कुमार पांडे, अरविंद कुमार तिवारी, सदस्य कनिष्ठ ललित कुमार त्रिपाठी, महेश कुमार सिंह, चंदन मणि तिवारी का एकल नामांकन होने के चलते निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। विजय प्रत्याशियों को फूल माला पहनकर व मुंह मीठा करके सभी ने शुभकामनाएं दी।



## सेवानिवृत्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री को भावभीनी विदाई



मसौली, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बाल विकास परियोजना में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री गुड्डी देवी के सेवानिवृत्त होने पर पंचायत भवन बड़ागांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उन्हें शॉल ओढ़ाकर व उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सेवा और सेवानिवृत्ति जीवन का हिस्सा हैं। विदाई के दौरान कार्यकत्रियों की आंखें नम हो गईं। कार्यक्रम में सुपरवाइजर बबीता आर्य, सरोज कुमारी, पंचायत सचिव जैसराम समेत क्षेत्र की कई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

## कंचन ने बांधा समां, पत्रकारों का हुआ सम्मान

सिद्धौर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। चंद्रभानपुर गांव में आयोजित भव्य जवाबी कीर्तन और भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सपा विधायक गौरव रावत ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। मध्यप्रदेश की कीर्तन गायिका कल्पना दुबे और छतरपुर की कलाकार कमलेश्वरी कंचन ने भक्तिमय प्रस्तुतियों से पूरी रात माहौल को भक्तिरस में डुबोए रखा। ढोलक, हारमोनियम और झांझ की ताल पर श्रद्धालु झूम उठे। इस दौरान सामाजिक व पत्रकारिता क्षेत्र में सक्रिय लोगों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें दूर-दराज से श्रद्धालु शामिल होते हैं।

## स्कूली वाहनों पर सख्ती: फिटनेस और परमिट फ़ेल होने पर तत्काल सीज के निर्देश

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप परिवहन आयुक्त अयोध्या राजकुमार सिंह ने बाराबंकी में स्कूली वाहनों के खिलाफ अब तक हुई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए परिवहन विभाग को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फिटनेस, परमिट, जीपीएस, सीसीटीवी व अन्य सुरक्षा मानकों में कमी मिलने पर वाहनों को तत्काल सीज किया जाए। समीक्षा बैठक में यूपी इंटीग्रेटेड स्कूली व्हीकल मैनेजमेंट पोर्टल पर अपलोड डाटा की जांच की गई। अधिकारियों को स्कूलों में जाकर वाहनों की जांच करने तथा नियम उल्लंघन पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही डीआईओएस को विद्यालयों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु पत्र भेजने को भी कहा गया।

## नजी कंपनी पर गाड़ी का किराया न देने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से की शिकायत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी थाना क्षेत्र के उमरा औद्योगिक क्षेत्र में एक युवक ने निजी कंपनी पर गाड़ी का किराया न देने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कामीपुर खंभरिया सिरसईपुर निवासी अंकुर यादव ने उमरा चौकी में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने अपनी पिकअप गाड़ी को एक कंपनी में करीब चार महीने तक चलाया। कंपनी द्वारा समय पर भुगतान करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक किराया नहीं दिया गया है। पीड़ित का आरोप है कि जब भी वह अपना बकाया मांगता है तो कंपनी के मालिक फोन पर गाली-गलौज करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। अंकुर यादव ने यह भी बताया कि एक मई की रात उसकी गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया था। इसके बाद उसने कंपनी से अपने पैसे की मांग की ताकि वह गाड़ी की मरम्मत करा सके, लेकिन कंपनी ने भुगतान करने से मना कर दिया। मजबूरी में उसे जो लगभग 60 हजार रुपये कंपनी के मॉल का पैसा मिला था वह खुद खर्च करना पड़ा। पीड़ित का कहना है कि अब भी कंपनी न तो उसका हिसाब कर रही है और उल्टा उसे धमकाया जा रहा है। इस संबंध में पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई कराते हुए बकाया भुगतान दिलाने की मांग की है। उमरा चौकी प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## युवा उद्यमी विकास योजना शिविर में 13 आवेदन जमा

मसौली, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मसौली ब्लॉक सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत आयोजित शिविर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में कुल 13 युवाओं ने स्वरोजगार व व्यवसाय शुरू करने के लिए आवेदन जमा किए। अधिकारियों ने बताया कि पात्र आवेदनों को आगे की प्रक्रिया हेतु संबंधित बैंकों को भेज दिया गया है। योजना का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इस दौरान रवि सिंह, प्रज्ञा यादव, शिवम, सूरज सहित अन्य लोग मौजूद ।

## कोटवा सड़क पर ग्राम चौपाल का आयोजन

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से कोतवाली रामसनेहीघाट अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय कोटवा सड़क पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्रा ने ग्रामीणों विशेष रूप से महिलाओं को सुरक्षा और साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में 108 एंबुलेंस सेवा, 1090 महिला हेल्पलाइन और साइबर ठगी की शिकायत के लिए 1930 नंबर का तुरंत उपयोग करें, किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा न करें और संदिग्ध कॉल या लिंक से सावधान रहने को कहा।चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं भी अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।

# प्रशासन ने ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जा हटवाकर विकास कार्यों को गति दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के तिवारीपुर ग्राम पंचायत में बुधवार को प्रशासन ने ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जा हटवाकर विकास कार्यों को गति दी। उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह के निर्देश पर राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। ग्राम पंचायत की भूमि पर कुछ ग्रामीणों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया था, जिससे सड़क चौड़ीकरण और इंटरलॉकिंग जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्य बाधित हो रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी को मौके पर भेजा गया। नायब तहसीलदार ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान लगभग दस फीट से अधिक विस्तार प्रस्तावित था, लेकिन अवैध कब्जे के कारण कार्य रुक गया था।टीम ने मौके पर पहुंचकर कब्जा हटवाया और रुके हुए कार्य को शुरू कराया।

## प्रधान होने का मतलब गुंडा टैक्स नहीं, मुआवजा विवाद में पीड़ित ने उठाई कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। महादेवा कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहित मकान के मुआवजे को लेकर गांव के प्रधान पर जबरन धन उगाही और धमकी देने का गंभीर आरोप सामने आया है। पीड़ित दिनेश बाजपेई ने स्थानीय पुलिस पर सुनवाई न करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी तथा आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर न्याय और सुरक्षा की मांग की है। ग्राम महादेवा लोधौरा निवासी दिनेश बाजपेई पुत्र रामसहारे ने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी उषा के नाम दर्ज मकान का प्रशासन द्वारा अधिग्रहण किया गया था, जिसका मुआवजा उन्हें प्राप्त हुआ। आरोप है कि गांव के प्रधान अजय कुमार तिवारी मुआवजे की रकम में से ढाई लाख रुपये देने का दबाव बना रहे हैं।

पीड़ित के अनुसार 5 मई की शाम प्रधान अपने सहयोगियों के साथ उनके घर पहुंचे और जबरन रुपये मांगने लगे। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। दिनेश बाजपेई का कहना है कि आरोपियों ने खुलेआम कहा कि ल्लपुलिस और जिलाधिकारी तक हमारी पहुंच है, कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा।ङ्क

घटना के बाद भयभीत पीड़ित ने स्थानीय चौकी पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने पुलिस कप्तान को व्हाट्सएप संदेश भेजकर आत्मरक्षा की गुहार लगाई। साथ ही एसपी और डीएम को प्रार्थना पत्र देने के अलावा आईजीआरएस पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई है।

दिनेश बाजपेई का कहना है कि उन्होंने किसी से कोई कर्ज नहीं लिया है और न ही किसी प्रकार की देनदारी है। ऐसे में मुआवजे की रकम में हिस्सा मांगना पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि ल्लप्रधान होने का मतलब यह नहीं कि कोई गुंडा टैक्स वसूले।

## जनगणना-2027: 7 से 21 मई तक चलेगा स्व-गणना अभियान, हर दिन तय होगी अलग थीम

बाराबंकी। जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत स्व-गणना कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने 7 से 21 मई तक का तिथिवार रोस्टर जारी किया है। अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विभिन्न वर्गों के नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। 07 मई को ल्लराजस्व एवं प्रशासन दिवसङ्क से शुरुआत होगी, जबकि 09 मई को खिलाड़ियों, पत्रकारों व मीडिया कर्मियों तथा 20 मई को ख्रङ्क्तठ्ठ्ठ समुदाय के लिए विशेष दिवस निर्धारित किया गया है। डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने और अभियान को तकनीकी रूप से सफल बनाने के निर्देश दिए हैं। अभियान के लिए मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# 100 करोड़ का अनुमानित बजट ध्वनिमत से हुआ पारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## पालिका में आयोजित बोर्ड बैठक में पारित 2026-27 बजट हुआ पारित



सुल्तानपुर। नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में 04 एजेण्डों पर बोर्ड की बैठक पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आहूत की गयी, बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु बजट, नामान्तरण शुल्क, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में प्रस्ताव भेजे जाने के सम्बन्ध में आहूत की गयी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 का प्रस्तावित बजट अनुमानित आय 73 करोड़ 36 लाख तथा उसके सापेक्ष गतवर्ष की अवशेष धनराशि 33.00 करोड़ को जोड़ते हुए लगभग 100.00 करोड़ का अनुमानित व्यय का प्रस्ताव ध्वनिमत से बोर्ड द्वारा पारित किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने बताया कि 2026-27 के बजट में शहर के बहुआयामी विकास हेतु योजनाएं लायी गयी हैं, जिसके पारित होने से केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं को लागू कराये जाने में सहयोग मिलेगा तथा नगर की पेयजल व्यवस्था, मार्ग प्रकाश, सड़क व जलनिकासी व्यवस्था को सु.ढ़ करते हुए सुन्दर स्वच्छ सुलतानपुर बनाने का कार्य किया जायेगा, जिसके लिए नगर पालिका प्रतिबद्ध है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं झील संरक्षण कार्यक्रम योजना, नगरीय झील तालाब पोखर संरक्षण योजना, नगरीय पेयजल कार्यक्रम (जिला योजना), पेयजल हेतु व्यवस्था, पार्कों का निर्माण एवं विकास योजना, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना (ब्ड.टछल्द्धए मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित व मलिन बस्ती विकास योजना, सीवरेज एवं जल निकासी हेतु व्यवस्था आदि सम्बन्धित योजनाओं में चौराहों व पार्कों का सौन्दर्यीकरण तथा वार्डों में समुचित विकास कार्यों से सम्बन्धित प्रस्ताव प्राप्त कर भेजे जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। चर्चा के दौरान सभासद संजय कप्तान, प्रवीण मिश्र, भैयादीप सिंह, मो0 जाहिद, गिरीश मिश्र, दिनेश चौरसिया, विजय कुमार जायसवाल, रमेश सिंह, अफजल अंसारी सहित कतिपय सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव पालिकाहित एवं जनहित में प्रस्तुत किया। विशेष संकल्प की इस बैठक में 25 वार्ड के सभासदगण, 05 नामित सभासदगण, मा0 सदस्य विधान परिषद शैलेन्द्र प्रताप सिंह सहित 34 में 32 सदस्यगण की उपस्थित सराहनीय रही।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो की मौत, महिला-बच्चे समेत तीन गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम शारदा सहायक नहर की पटरी पर हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। पूरे चंद्रिका मिश्र गांव के पास दो तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला, एक बच्चा और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। चश्मदीदों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार कई फीट दूर सड़क पर जा गिरे। दुर्घटना में एक बाइक चालक और दूसरी बाइक पर पीछे बैठे बुजुर्ग की मौके पर ही सांसें थम गईं। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरूकरते हुए एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल तिलकराज को जिला अस्पताल सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया।

पुलिस जांच में प्रारंभिक रूप से लापरवाही और हेलमेट न पहनना हादसे की बड़ी वजह माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों बाइक चालकों ने हेलमेट नहीं लगाया था, जिससे सिर में गंभीर चोटें आईं और दो लोगों की जान चली गई। मृतकों की पहचान अयोध्या निवासी सुरेशचंद्र मिश्रा (45) तथा अमेठी निवासी राम पटेसर (65) के रूप में हुई है। वहीं घायलों में तिलकराज (43), हिमांशी पाठक (16) सहित अन्य शामिल हैं, जिनका उपचार जारी है। इस हृदयविदारक हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा नियमों, विशेषकर हेलमेट के अनिवार्य उपयोग की अहमियत को उजागर कर दिया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरूकर दी है।

## यहाँ के डीएम हम हैं—प्रधानाचार्य के कथित बयान से बढ़ा विवाद नन्हीं बच्ची को बिना सूचना अकेले भेजा घर

पीलीभीत।जनपद के बल्लभनगर स्थित एक निजी स्कूल पर गंभीर लापरवाही और अभद्र व्यवहार के आरोप लगे हैं छतरी चौराहा निवासी आकाश राठौर ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अपनी 6 वर्षीय बहन के साथ हुई घटना की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है आकाश राठौर के अनुसार, उनकी 6 वर्षीय बहन पायल राठौर का प्रवेश सरकारी योजना के तहत स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल, बल्लभनगर में हुआ है आरोप है कि 5 मई 2026 को दोपहर करीब 12:50 बजे स्कूल प्रबंधन ने बिना परिवार की अनुमति के बच्ची को स्कूल गेट से बाहर कर दिया बच्ची अकेले घर पहुंची, जिसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी हुई परिजनों का कहना है कि जब वे बच्ची को लेकर स्कूल पहुंचे और प्रधानाचार्य से शिकायत की, तो उन्होंने कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी आरोप है कि प्रधानाचार्य ने कहा कि बच्चा सरकारी योजना के तहत पढ़ रहा है, इसलिए उसे कभी भी स्कूल से निकाला जा सकता है और ल्लहमें कानून मत पढ़ाओ, यहां के डीएम हम हैं जैसी बात कही शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि स्कूल में छुट्टी के समय बच्चों को बिना किसी अभिभावक की उपस्थिति और बिना एंट्री रजिस्टर में हस्ताक्षर कराए ही बाहर भेज दिया जाता है, जो बच्चों की सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ है उन्होंने घटना का वीडियो होने का भी दावा किया है आकाश राठौर ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर स्कूल प्रबंधन और संबंधित स्टाफ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की है।

# डीएम का आईटीआई में औचक निरीक्षण देर से पहुंचे 40 से अधिक कर्मचारी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बुधवार को राजकीय आईटीआई जहांगीराबाद का औचक निरीक्षण किया। जांच में नोडल प्रधानाचार्य सहित तीन केंद्रों के 40 से अधिक कर्मचारी निर्धारित समय के बाद उपस्थित मिले, जिस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए स्पष्टीकरण तलब कर कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थियों की उपस्थिति भी कम मिली। डीएम ने प्रशिक्षण को रोजगारपरक और व्यावहारिक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने टाटा मोटर्स प्रशिक्षण केंद्र का भी निरीक्षण कर आधुनिक तकनीक आधारित कौशल प्रशिक्षण को मजबूत करने पर जोर दिया।

# आईपीएल के प्लेऑफ और फाइनल की मेजबानी न मिलने से केएससीए निराश, बीसीसीआई के फैसले पर उठे सवाल

एजेंसी



बेंगलुरु। इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ और फाइनल मुकाबलों की मेजबानी से वंचित रहने पर कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) ने गहरी निराशा व्यक्त की है। साथ ही, भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के स्थल चयन को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

केएससीए ने बुधवार को जारी अपने विस्तृत बयान में कहा कि उसने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में प्लेऑफ मैचों की मेजबानी के लिए अपनी ल्लतैयारी, इच्छा और गहरी रुचिङ्क औपचारिक रूप से बीसीसीआई को बताई थी। संघ के अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद ने इस संबंध में व्यक्तिगत रूप से भी बोर्ड से बातचीत की थी। बयान में कहा गया कि आईपीएल प्लेऑफ मैच अन्य केंद्रों को आवंटित किए जाने से केएससीए निराश है। संघ ने यह भी रेखांकित किया कि इस सीजन बेंगलुरु में आयोजित पांच लीग मुकाबले सफलतापूर्वक संपन्न हुए, जिनकी संचालन व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन और दर्शकों के अनुभव की व्यापक सराहना हुई। गौरतलब है कि बीसीसीआई ने इस बार प्लेऑफ मुकाबले धर्मशाला और मुल्लांपुर में आयोजित करने का फैसला लिया है, जबकि फाइनल अहमदाबाद में होगा। पिछले पांच संस्करणों में यह चौथी बार है, जब फाइनल अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा। परंपरा के अनुसार इस बार फाइनल बेंगलुरु में होने की उम्मीद थी, खासकर क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु मौजूदा चैंपियन है। बीसीसीआई ने अपने फैसले का कारण बताते हुए कहा था कि ल्लकुछ परिचालन और लॉजिस्टिक कारणोंङ्क के चलते इस बार प्लेऑफ तीन अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि स्थानीय संघ और प्रशासन की कुछ आवश्यकताएं बोर्ड के तय दिशा-निर्देशों के अनुरूप नहीं थीं। हालांकि, केएससीए ने स्पष्ट किया कि उसका बोर्ड को भेजा गया संचार पूरी तरह तथ्यात्मक और संचालन संबंधी था, जिसका उद्देश्य केवल पारदर्शिता और स्पष्टता बनाए रखना था। संघ ने यह भी बताया कि बेंगलुरु में आईपीएल 2008 से ही एक समान संचालन व्यवस्था लागू रही है, जिसे इस सीजन भी अपनाया गया। बयान में आगे कहा गया, ल्लहमारी पूरी तैयारी और इच्छा के बावजूद बीसीसीआई ने अन्य स्थानों को चुना है। हालांकि इसके पीछे के कारण हमें औपचारिक रूप से नहीं बताए गए हैं, लेकिन हम बोर्ड के निर्णय और अधिकार का सम्मान करते हैं।ङ्क

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान हुई भगदड़ के बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोई मैच नहीं हुआ था। लेकिन इस सीजन से पहले सरकारी एजेंसियों द्वारा सुरक्षा समीक्षा के बाद इसे मैचों की मेजबानी के लिए मंजूरी मिल गई थी। बीसीसीआई ने इस मैदान को भविष्य के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की भी मेजबानी सौंपी है। इस सीजन बेंगलुरु में आयोजित पांच लीग मुकाबले सफल रहे, हालांकि राज्य सरकार द्वारा विधायकों के लिए वीआईपी टिकट की मांग के चलते कुछ व्यवस्थागत चुनौतियां सामने आई थीं। केएससीए ने अंत में कहा कि वह भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के बड़े मुकाबलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है और बीसीसीआई सहित सभी संबंधित पक्षों को पूरा सहयोग देता रहेगा।

# पहली बार महिला टी-20 विश्व कप खेलेगा नीदरलैंड, बाबेट डी लिडे होंगी कप्तान

एजेंसी



नई दिल्ली। नीदरलैंड ने जून-जुलाई में इंग्लैंड में होने वाले अपने पहले महिला टी-20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा कर दी है। इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट में बाबेट डी लिडे टीम की कप्तानी करेंगी। बाबेट डी लिडे अपने परिवार की विरासत को आगे बढ़ा रही हैं। उनके चाचा टिम डी लिडे और चचेरे भाई बास डी लिडे पुरुष विश्व कप में नीदरलैंड का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

कप्तान बाबेट डी लिडे ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ल्लहम अपने पहले आईसीसी टी20 विश्व कप को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह दुनिया की बेहतरीन टीमों के खिलाफ खेलने और बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का शानदार अवसर है। हम उम्मीद करते हैं कि हम अपने देश को गर्व महसूस कराएंगे और नीदरलैंड में युवा लड़कियों को प्रेरित करेंगे।ङ्क उन्होंने आगे कहा, ल्लटूर्नामेंट हमारे घर के करीब इंग्लैंड में हो रहा है, इसलिए हमें बड़ी संख्या में समर्थकों का समर्थन मिलने की उम्मीद है। यह हमारे लिए ही नहीं, बल्कि हमारे परिवार और दोस्तों के लिए भी जीवनभर का अनुभव होगा।

नीदरलैंड टीम- बाबेट डी लिडे (कप्तान), कैरोलिन डी लैंगे, फ्रेडरिक ओवरडाइक, हन्नाह लैंडहीयर, हीदर सीगर्स, आइरिस ज्विलिंग, इसाबेल वान डेर वोनिंग, लारा लीमहुइस, मिर्थे वान डेन राड, फीबे मोल्केनबोअर, रोबिन राइके, रोजाली लॉरेंस, सान्या खुराना, सिल्वर सीगर्स, स्टेरे कैलिस।

# संक्षिप्त समाचार

## कॉलेज स्पोर्ट्स के लिए 18-19 मई को ट्रायल सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम मुरादाबाद में

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के स्पोर्ट्स कॉलेजों में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। मुरादाबाद मंडल के खिलाड़ियों के लिए चयन/ट्रायल्स का आयोजन 18 व 19 मई को नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम रामगंगा विहार मुरादाबाद में किए जाएंगे। गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, मेजर ध्यानचंद्र स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई, स्पोर्ट्स कॉलेज फतेहपुर व स्पोर्ट्स कॉलेज सहारनपुर में कक्षा 6, 9 व 11 में कुल 518 संभावित सीटों पर प्रवेश होगा। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन शुरू हो चुकी है। क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि अभ्यर्थी खेल साथी पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क 200 रुपये जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि आवेदन करते समय यूडाइस पोर्टल द्वारा जारी पेन (परमानेंट एजुकेशन नंबर) भरना अनिवार्य है। बिना पेन नंबर के आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को हराकर 20 साल बाद चैंपियंस लीग फाइनल में बनाई जगह

लंदन। आर्सेनल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एटलेटिको मैड्रिड को 1-0 से हराकर 20 साल बाद चैंपियंस लीग फाइनल में प्रवेश कर लिया। घरेलू मैदान एमिरेट्स स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल के दूसरे चरण में बुकायो साका के पहले हाफ के अंत में किए गए गोल ने टीम को जीत दिलाई।

पहले चरण में 1-1 से ड्रॉ खेलने के बाद आर्सेनल ने कुल मिलाकर 2-1 से मुकाबला अपने नाम किया। अब फाइनल में उसका सामना पेरिस सेंट-जर्मेन या बायर्न म्यूनिख से होगा, जो 30 मई को बुडापेस्ट में खेला जाएगा।

आर्सेनल के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि है, क्योंकि टीम 2006 के बाद पहली बार चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंची है। उस समय उसे बार्सिलोना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। क्लब अब तक इस प्रतिष्ठित खिताब को जीत नहीं सका है।

मैच में आर्सेनल ने संयमित खेल दिखाया। शुरुआती मिनटों में एटलेटिको ने आक्रामक शुरुआत की, लेकिन आर्सेनल ने जल्द ही नियंत्रण हासिल कर लिया। 44वें मिनट में विक्टर ग्योकेरेस के शानदार मूव पर लिएंड्रो ट्रॉसार्ड ने शॉट लगाया, जिसे गोलकीपर ने रोक तो लिया, लेकिन रिबाउंड पर साका ने मौका भुनाते हुए गोल कर दिया। दूसरे हाफ में एटलेटिको ने वापसी की कोशिश की, लेकिन आर्सेनल की मजबूत डिफेंस और गोलकीपर ने उन्हें सफल नहीं होने दिया।

कोच मिकेल आर्टेटा के नेतृत्व में आर्सेनल इस सीजन शानदार फॉर्म में है और अब प्रीमियर लीग के साथ चैंपियंस लीग खिताब जीतने की दहलीज पर खड़ा है। टीम अपने अंतिम तीन लीग मैच जीतकर खिताब भी अपने नाम कर सकती है।

यह जीत आर्सेनल के लिए मनोवैज्ञानिक रूप से भी बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि हाल के वर्षों में टीम को बड़े मुकाबलों में कमजोर मानसिकता के आरोप झेलने पड़े थे। अब यह टीम इतिहास रचने से सिर्फ एक कदम दूर है।

## फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैंटिनो ने विश्व कप 2026 के टिकटों की ऊंची कीमतों का किया बचाव

बेवर्ली हिल्स। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैंटिनो ने मंगलवार को विश्व कप 2026 के टिकटों की बढ़ती कीमतों का बचाव करते हुए कहा कि वैश्विक फुटबॉल संस्था अमेरिकी कानूनों का लाभ उठाने के लिए बाध्य है, जो टिकटों को मूल कीमत से कई गुना अधिक पर पुनः बेचने की अनुमति देते हैं।

विश्व कप टिकटों की कीमतों को लेकर फीफा की तीखी आलोचना हो रही है। प्रशंसक संगठन 'फुटबॉल सपोर्टर्स यूरोप' (एफएसई) ने इस मूल्य निर्धारण को ल्लअत्यधिकङ्क और ल्लविश्वासघातङ्क करार दिया है। एफएसई ने मार्च में यूरोपीय आयोग में फीफा के खिलाफ ल्लअत्यधिक टिकट कीमतोंङ्क को लेकर मुकदमा भी दायर किया था।

फीफा के आधिकारिक पुनर्विक्रय मंच 'फीफा मार्केटप्लेस' पर पिछले सप्ताह 19 जुलाई को न्यूयॉर्क में होने वाले फाइनल मुकाबले के चार टिकटों की कीमत 20 लाख डॉलर से अधिक प्रति टिकट बताई गई थी।

मिल्केन संस्थान ग्लोबल सम्मेलन में बोलते हुए इन्फैंटिनो ने कहा कि इतनी ऊंची कीमतें विश्व कप देखने की भारी मांग को दर्शाती हैं।

उन्होंने कहा, ल्लअगर कुछ लोग फाइनल के टिकट 20 लाख डॉलर में बेचने के लिए डालते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं कि टिकट की असली कीमत इतनी है, और यह भी जरूरी नहीं कि कोई उन्हें खरीदे।

इन्फैंटिनो ने मजाकिया अंदाज में कहा, ल्लअगर कोई 20 लाख डॉलर में टिकट खरीदता है, तो मैं खुद उसे हॉट डॉग और कोक दूंगा, ताकि उसका अनुभव शानदार रहे। प्रशंसक समूहों ने 2022 कतर विश्व कप और 2026 विश्व कप के टिकटों की कीमतों की तुलना करते हुए भारी अंतर पर सवाल उठाए हैं। 2022 में फाइनल का सबसे महंगा टिकट लगभग 1600 डॉलर था, जबकि 2026 में इसकी मूल कीमत करीब 11,000 डॉलर तक पहुंच गई है।

इन्फैंटिनो ने इन कीमतों को उचित ठहराते हुए कहा कि यह बाजार की स्थिति के अनुरूप है। उन्होंने कहा, हमें बाजार के हिसाब से चलना होता है। अमेरिका में टिकटों का पुनर्विक्रय भी अनुमति प्राप्त है, इसलिए अगर हम कीमत कम रखेंगे तो वे बाद में अधिक कीमत पर बिकेंगे।

उन्होंने बताया कि 2026 विश्व कप के लिए 50 करोड़ से अधिक टिकट आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि 2018 और 2022 विश्व कप के लिए कुल मिलाकर 5 करोड़ से भी कम आवेदन आए थे। इन्फैंटिनो ने यह भी कहा कि ग्रुप चरण के लगभग 25 प्रतिशत टिकटों की कीमत 300 डॉलर से कम रखी गई है। उन्होंने कहा, ल्लअमेरिका में आप किसी कॉलेज खेल को भी 300 डॉलर से कम में नहीं देख सकते, और यह तो विश्व कप है।

# तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में भारत का निराशाजनक प्रदर्शन, पदक से चूकीं पुरुष और महिला टीमें

एजेंसी

शंघाई। तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में भारत की पुरुष और महिला कंपाउंड टीमें उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकीं। मजबूत दावेदार मानी जा रही दोनों टीमों ने निर्णायक मौकों पर निराशाजनक प्रदर्शन किया। सबसे बड़ा झटका महिला टीम को लगा, जिसने पिछले महीने मैक्सिको में आयोजित पहले चरण में भारत को एकमात्र स्वर्ण पदक दिलाया था। ज्योति सुरेखा वेन्नम, प्रगति और अदिति स्वामी की तिकड़ी क्वार्टर फाइनल में तुर्की से 227-233 से हारकर बाहर हो गई। भारतीय महिला टीम तुर्की की हज़ाल बुरुन, डेफ्ने चाकमाक और एमिने राबिया ओगुज़ की निरंतरता का मुकाबला नहीं कर सकी, जिन्होंने दूसरे एंड से बढ़त बनाकर मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी।



पुरुष टीम ने सेमीफाइनल तक पहुंचकर उम्मीद जगाई, लेकिन वहां भी दबाव में प्रदर्शन नहीं कर सकी। ओजस देवताले, साहिल जाधव और कुशल दलाल की टीम को कांस्य पदक मुकाबले में चीन के खिलाफ शूट-ऑफ में हार का सामना करना पड़ा। कांस्य पदक मुकाबले में दोनों टीमों का स्कोर 234-234 से बराबर रहा। शूट-ऑफ में भी दोनों टीमों ने तीन-तीन सटीक निशाने लगाए, लेकिन चीन के दो तीर केंद्र के अधिक करीब रहे, जबकि भारत का केवल एक तीर केंद्र के करीब था, जिससे चीन ने मुकाबला जीत लिया।

मुकाबले के मध्य तक भारत 118-117 से आगे था, लेकिन चीन ने वापसी करते हुए तीसरे एंड में स्कोर बराबर कर लिया। अंतिम एंड में भी दोनों टीमों ने 58-58 का स्कोर किया, लेकिन भारतीय टीम ने दबाव में महत्वपूर्ण अंक गंवा दिए।

सेमीफाइनल में भारत को अमेरिका के खिलाफ 234-235 से करीबी हार झेलनी पड़ी। शुरुआती तीन एंड तक बढ़त बनाए रखने के बावजूद भारतीय टीम अंतिम चरण में पिछड़ गई। इन लगातार हारों ने एक बार फिर दिखाया कि भारतीय टीम निर्णायक मौकों पर दबाव संभालने में संघर्ष कर रही है, जो आगामी एशियाई खेलों से पहले चिंता का विषय है।

चार महीने बाद जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों से पहले यह प्रदर्शन टीम की तैयारियों पर सवाल खड़े करता है। विदेशी कोच की कमी और ठोस योजना के अभाव का असर अब साफ दिखने लगा है। हालांकि मिश्रित युगल वर्ग में ओजस देवताले और अदिति स्वामी की जोड़ी से अभी भी पदक की उम्मीद बनी हुई है। व्यक्तिगत स्पर्धा में भारतीय खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया और सभी कंपाउंड तीरंदाज अंतिम 32 में पहुंचने में सफल रहे।

पुरुष वर्ग में अभिषेक वर्मा, साहिल जाधव, कुशल दलाल और ओजस देवताले ने अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में जगह बनाई। अगले दौर में अभिषेक वर्मा और साहिल जाधव आमने-सामने होंगे।

## अहमदाबाद में होगा आईपीएल फाइनल, क्वालीफायर मैच धर्मशाला और चंडीगढ़ में

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ मुकाबलों का शेड्यूल जारी कर दिया है। रोमांचक लीग चरण के बाद अब टूर्नामेंट निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुका है। क्वालीफायर मैच धर्मशाला और चंडीगढ़ में खेले जायेंगे। 70 मुकाबलों वाले लीग चरण के बाद शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ में जगह बनाएंगी। पहला क्वालीफायर 26 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें अंक तालिका की शीर्ष दो टीमें आमने-सामने होंगी। इस मैच की विजेता टीम सीधे फाइनल में प्रवेश करेगी। इसके बाद 27 मई को न्यू चंडीगढ़ के नए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एलिमिनेटर मुकाबला खेला जाएगा, जिसमें तीसरे और चौथे स्थान की टीमें भिड़ेंगी। इसी मैदान पर 29 मई को दूसरा क्वालीफायर आयोजित होगा, जहां पहले क्वालीफायर की हारने वाली टीम और एलिमिनेटर की विजेता टीम फाइनल में जगह बनाने के लिए मुकाबला करेंगी।

# गगन नारंग और अन्नू राज सिंह के 'प्रोजेक्ट अमरजीत' में देशभर के निशानेबाजों को मिलेगा मुफ्त प्रशिक्षण

एजेंसी

नई दिल्ली। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और चार बार के ओलंपियन गगन नारंग ने अपनी पत्नी और ओलंपियन अन्नू राज सिंह के साथ मिलकर 'प्रोजेक्ट अमरजीत' की शुरुआत की है। यह पहल देश के हर निशानेबाज, कोच और अकादमी के लिए मुफ्त कोचिंग, मेंटरिंग और मार्गदर्शन उपलब्ध कराएगी। इस पहल की शुरुआत 6 मई को गगन नारंग के जन्मदिन के अवसर पर की गई, जिसे उन्होंने अपने जीवन का सबसे खास दिन बताया। 'प्रोजेक्ट अमरजीत' का नाम गगन नारंग की माता अमरजीत के नाम पर रखा गया है, जिसका अर्थ है ल्लजिसकी जीत कभी समाप्त न हो।ङ्क गगन नारंग ने कहा कि यह पहल केवल उनकी मां को समर्पित नहीं है, बल्कि उन सभी माताओं के लिए है जो अपने बच्चों के सपनों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने एक



आधिकारिक बयान में कहा, ल्लयह पहल उन सभी माताओं को समर्पित है, जो अपने बच्चों के लिए हर संभव प्रयास करती हैं। प्रोजेक्ट अमरजीत के माध्यम से हम खेल के जरिए समाज को कुछ वापस देना चाहते हैं। इस पहल के तहत तीन प्रमुख कार्यक्रम चलाए जाएंगे—उड़ान, प्रतिभा और दिशा। 'उड़ान' कार्यक्रम के अंतर्गत 3 से 5 दिन का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें गगन नारंग और अन्नू राज सिंह खुद प्रतिभागियों के पास जाकर प्रशिक्षण देंगे। 'प्रतिभा' कार्यक्रम प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए दीर्घकालिक व्यक्तिगत मेंटरिंग पर आधारित होगा। 'दिशा' कार्यक्रम कोच, अकादमियों और अभिभावकों को मार्गदर्शन प्रदान करेगा। ये सभी कार्यक्रम ग्रासरूट, इंटरमीडिएट और एलीट स्तर पर उपलब्ध होंगे और देश के किसी भी हिस्से से जुड़े लोग इसमें भाग ले सकेंगे। आवेदन की समीक्षा स्वयं गगन नारंग और अन्नू राज सिंह करेंगे। अन्नू राज सिंह ने कहा, ल्लमैंने अपने करियर की कई कठिनाइयों का सामना खुद किया है। मैं चाहती हूं कि आने वाले खिलाड़ियों को वह संघर्ष न करना पड़े। इसी सोच के साथ इस पहल की शुरुआत की गई है। इस परियोजना के संचालन के लिए 'साथी', 'सहयोग' और 'समर्पण' मॉडल अपनाया गया है, जिसके तहत विशेषज्ञ, संस्थान और आम लोग योगदान दे सकेंगे। सभी आर्थिक सहयोग 'गगन नारंग स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन' के माध्यम से लिया जाएगा, जो एक पंजीकृत गैर-सरकारी संगठन है और दानदाताओं को आयकर अधिनियम की धारा 80जी के तहत छूट भी प्रदान की जाएगी।

# 22वीं कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस चैंपियनशिप का ऐलान, 27 जुलाई से 02 अगस्त तक

एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दिल्ली सचिवालय में 22वीं कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 2026 का आधिकारिक ऐलान किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली अब खेलों के वैश्विक मंच पर अपनी नई पहचान दर्ज कराने जा रही है।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि 27 जुलाई से 02 अगस्त तक त्यागराज स्टेडियम में आयोजित होने वाली इस प्रतिष्ठित चैम्पियनशिप में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और मलेशिया सहित 35 से अधिक कॉमनवेल्थ देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह चैम्पियनशिप दिल्ली की आधुनिक खेल सुविधाओं, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और विश्वस्तरीय आयोजन क्षमता को दुनिया के सामने प्रदर्शित करेगी। इस अवसर पर दिल्ली के खेल मंत्री आशीष सूद सहित कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस फ़ेडरेशन और टेबल टेनिस फ़ेडरेशन आफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री आशीष सूद ने कहा कि 22वीं कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में 35 से अधिक राष्ट्रमंडल देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह प्रतिष्ठित आयोजन दिल्ली के विश्व-स्तरीय खेल बुनियादी ढांचे को प्रदर्शित करेगा और ओलंपिक में उत्कृष्टता हासिल करने के

# अप्रैल में भारत का इस्पात उत्पादन और खपत बढ़ी, सभी श्रेणियों की कीमतों में सुधार

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के इस्पात क्षेत्र ने अप्रैल 2026 में अपनी विकास गति को बनाए रखी है। बुनियादी ढांचे और विनिर्माण क्षेत्रों में मज़बूत घरेलू मांग के चलते उत्पादन और खपत में वृद्धि दर्ज की गई है। इस्पात मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में कच्चे स्टील का उत्पादन 14.09 मिलियन टन रहा, जो अप्रैल 2025 के 13.31 मिलियन टन की तुलना में 5.8 फीसदी की सालाना (साल-दर-साल) बढ़ोतरी है। इस दौरान तैयार स्टील का उत्पादन बढ़कर 13.05 मिलियन टन हो गया, जिसमें सालाना आधार पर 3.4 फीसदी की वृद्धि हुई। वहीं, तैयार स्टील की खपत भी 12.99 मिलियन टन तक पहुंच गई, जो 8.1 फीसदी की वृद्धि है। मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि यह वृद्धि निर्माण, बुनियादी ढांचे और विनिर्माण जैसे अंतिम-उपयोग वाले क्षेत्रों में लगातार बनी हुई तेजी को दर्शाती है। इस दौरान हॉट मेटल उत्पादन में भी साल-दर-साल 5.4 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि इस महीने पिग आयरन का उत्पादन 6 फीसदी घटकर 0.69 मिलियन टन रह गया। मंत्रालय ने बताया कि व्यापार के मोर्चे पर भारत एक मामूली शुद्ध आयातक बना रहा, जहां आयात 0.68 मिलियन टन और निर्यात 0.47 मिलियन टन रहा।

इसकी तुलना में अप्रैल 2025 में आयात 0.52 मिलियन टन और निर्यात 0.38 मिलियन टन रहा था। इस प्रकार अप्रैल 2026 में आयात और निर्यात में क्रमशः 30.8 फीसदी और 24.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। इस्पात मंत्रालय के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की कुल स्टील क्षमता लगभग 220 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) रही, जो 2030 तक 300 एमटीपीए के राष्ट्रीय स्टील नीति लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। इस दिशा में सेल, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, जेएसपीएल और एएमएनएस जैसी कंपनियां अपनी क्षमता का विस्तार लगातार जारी रखे हुए हैं।

# शुरुआती कारोबार में बढ़त के बाद बना दबाव सेंसेक्स और निफ्टी ऊपरी स्तर से लुढ़के

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान ऊपरी स्तर से दबाव बनता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में और तेजी आ गई। हालांकि थोड़ी देर बाद ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इनकी चाल में गिरावट का रुख बन गया। राहत की बात यही रही कि बिकवाली होने के बावजूद ये दोनों सूचकांक लगातार हरे निशान में ही कारोबार करते रहे। पहले घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.34 प्रतिशत और निफ्टी 0.41 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंटर ग्लोब एविएशन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ट्रेंट लिमिटेड, बजाज ऑटो और बजाज




फिनसर्व के शेयर 3.17 प्रतिशत से लेकर 1.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, लार्सन एंड टूब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन कंपनी, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन और ओएनजीसी के शेयर 3.34 प्रतिशत से लेकर 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,777 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,940 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 837 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर लिवाली के सपोर्ट दसे हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर सात शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 41 शेयर हरे निशान में और नौ शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 406.57 अंक की मजबूती के साथ 77,424.36 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक उछल कर 77,675.01 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आने लगी। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 261.76 अंक की बढ़त के साथ 77,279.55 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

# पंच परिवर्तन के संकल्प के साथ आगे बढ़ेगा संघ : आलोक कुमार

एजेंसी

शिमला। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार ने कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन के पांच प्रमुख विषयों कुटुंब प्रबोधन, स्व की भावना, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्य पर विशेष रूप से कार्य करेगा, जिससे समाज में सकारात्मक और स्थायी बदलाव लाया जा सके।



शिमला में एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए आलोक कुमार ने कहा कि बीते वर्षों में देश की परिस्थितियों में व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि लगभग दो दशक पहले देश के कई हिस्सों में जाने में लोगों को डर लगता था, जबकि आज स्थिति में सुधार हुआ है। कश्मीर के लाल चौक का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जहां पहले कोई सार्वजनिक उत्सव मनाना मुश्किल था, वहीं अब लोग रात में भी नए साल का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने संघ के इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि हजारों स्वयंसेवकों ने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया और विभाजन के दौरान विस्थापितों की सहायता के लिए तीन हजार से अधिक शिविर लगाए। उन्होंने कहा कि एक छोटे संगठन के लिए यह बहुत बड़ा कार्य था। इसके अलावा गोवा और हैदराबाद के आंदोलनों में भी संघ की भूमिका रही और देश के विभिन्न हिस्सों में संगठन ने सक्रिय रूप से काम किया। आलोक कुमार ने कहा कि संघ देश की सभी भाषाओं को राष्ट्रीय मानता है, जिससे उसे व्यापक स्वीकार्यता मिली है। पंजाब में कठिन परिस्थितियों के दौरान भी संघ ने कार्य किया और भारत माता की जय को जन-जन का नारा बनाया।

उन्होंने पंच परिवर्तन के पांच विषयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुटुंब प्रबोधन के तहत परिवारों को सशक्त बनाना, संस्कार देना और परंपराओं का निर्वहन सुनिश्चित करना जरूरी है। स्व की भावना पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि देश आज आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है और कई देशों को अनाज व बिजली उपलब्ध करा रहा है।

पर्यावरण संरक्षण पर उन्होंने विशेष चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शिमला जैसे शहर, जो सीमित आबादी के लिए बने थे, आज अत्यधिक दबाव झेल रहे हैं। जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि नदियों का प्रदूषण गंभीर समस्या बन चुका है और छोटे-छोटे प्रयासों से इसे सुधारा जा सकता है।

# प्रो़फेसर मजहर आसिफ का बयान एकता का प्रतीक : मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फ्रंट

एजेंसी

नयी दिल्ली। मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फ्रंट (एमआईएफ) ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रो़फेसर मजहर आसिफ के खिलाफ सोशल मीडिया पर चल रही संगठित और दुर्भावनापूर्ण मुहिम को राष्ट्रीय और शैक्षिक गरिमा के विरुद्ध बताते हुए उसकी कड़ी निंदा की है।

मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फ्रंट ने इस संदर्भ में बुधवार को एक राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन बैठक आयोजित की जिसमें देशभर से प्रतिष्ठित शिक्षकों, वरिष्ठ शोधकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और अकादमिक जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में प्रो़फेसर मजहर आसिफ के साथ पूर्ण एकजुटता व्यक्त की गई और उनके खिलाफ चल रही निराधार मुहिम को राष्ट्रीय और शैक्षिक गरिमा के विरुद्ध बताते हुए उसकी कड़ी निंदा की गई। बैठक में प्रतिभागियों ने इस बात पर गहरी चिंता और खेद व्यक्त किया कि प्रो़फेसर आसिफ के हालिया बयान ''सभी भारतीयों का डीएनए महादेव से जुड़ा हुआ है'' को जानबूझकर, संगठित और गैर-जिम्मेदाराना तरीके से उसके संदर्भ से काटकर प्रस्तुत किया गया और एक महत्वपूर्ण बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विमर्श को निरर्थक और कृत्रिम विवाद में बदल दिया गया। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि वास्तव में यह कथन एक गहरा सांस्कृतिक, दार्शनिक और सूफियाना रूपक है, जो भारत की हजारों वर्षों की साझा परंपरा, सांस्कृतिक निरंतरता, आध्यात्मिक समरसता और सामूहिक चेतना को अभिव्यक्त करता है। इस दौरान जामिया मिल्लिया इस्लामिया के गेम्स एंड स्पोर्ट्स के डायरेक्टर प्रो़फेसर ऩफीस अहमद ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक गंभीर, संतुलित और गहन अकादमिक संवाद को जानबूझकर विकृत कर अनावश्यक विवाद में बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर चल रही यह मुहिम इस बात का संकेत है कि हमारे समाज में सहनशीलता, संवाद और बौद्धिक परंपरा धीरे-धीरे कमजोर हो रही है। उन्होंने कहा, ''प्रो़फेसर मजहर आसिफ एक ऐसी शख्सियत हैं जिन्होंने हमेशा ज्ञान, संवाद और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दिया है। उनका यह बयान भारत की साझा आत्मा का प्रतिनिधित्व करता है। यह समय है कि हम अकादमिक समुदाय के रूप में एकजुट होकर ऐसी भ्रामक मुहिमों का डटकर सामना करें और बौद्धिक ईमानदारी की रक्षा करें। प्रो़फेसर ऩफीस अहमद ने यह भी कहा कि प्रो़फेसर मजहर आसिफ का बयान एक गहरी सांस्कृतिक और दार्शनिक समझ का परिचायक है। उन्होंने धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं में प्रतीकात्मक और तार्किक व्याख्या के अंतर को अत्यंत प्रभावी ढंग से स्पष्ट किया है। सूफी परंपरा में ऐसे रूपक हमेशा मानव एकता और साझा सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक रहे हैं। मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फ्रंट के उपाध्यक्ष डॉ. शहबाज़ आमिल ने कहा, ''असहमति एक स्वस्थ अकादमिक परंपरा का हिस्सा है।

# बंगाल में भाजपा सरकार आने के बाद भी 'पुशबैक' की उम्मीद नहीं : बंगलादेश

एजेंसी

ढाका। बंगलादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के बाद उन्हें बंगलादेश में लोगों के 'पुशबैक' (वापस धकेले जाने) की संभावना नहीं दिखती है।

राजधानी के उस्मानी मेमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित जिलाधिकारियों के सम्मेलन के एक सत्र के बाद पत्रकारों से बातचीत में गृह मंत्री ने कहा, ''इसके बावजूद, हमने बॉर्डर गार्ड बंगलादेश (बीजीबी) को सीमाओं पर सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।'' उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसी कोई स्थिति उत्पन्न नहीं होगी।

इस बीच बंगलादेश के स्थानीय ग्रामीण विकास एवं सहकारिता मंत्री मिर्ज़ा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि वर्तमान सरकार पड़ोसी देशों के साथ स्थिर संबंध बनाए रखना चाहती है और लंबे समय से लंबित रोहिंग्या संकट को हल करने के लिए काम करेगी।उन्होंने विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों और दाता एजेंसियों के साथ विचार-विमर्श के बाद कहा कि सरकार ऊर्जा क्षेत्र की चुनौतियों को दूर करने के लिए भी काम कर रही है और अगले तीन महीनों के भीतर गैस निकासी के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

ढाका में आयोजित एक संवाद कार्यक्रम 'सी.ओ.एम.पी.ए.एस.एस. डायलॉग' को संबोधित करते हुए मिर्ज़ा फखरुल ने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास और नीतिगत सुधारों के कारण बांग्लादेश अब वैश्विक निवेश के लिए एक भरोसेमंद गंतव्य बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान के नेतृत्व में देश निरंतर विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और सरकार देश की शांति, स्थिरता और संप्रभुता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के सलाहकार महदी अमीन और बिजली एवं ऊर्जा राज्य मंत्री अनिंद्य इस्लाम अमित सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और विदेशी राजनयिक उपस्थित थे। बिहार मंत्रिमंडल के विस्तार में भाजपा कोटे से पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और पूर्व विधि और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय जैसे कद्दावर नेताओं का मंत्री बनना लगभग तय माना जा रहा है। इनके अलावा डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, अरुण शंकर प्रसाद और डॉ. प्रमोद कुमार भी शामिल किये जा सकते हैं। सबसे ज्यादा चर्चा युवा चेहरों को लेकर है, जिनमें अंतरराष्ट्रीय शूटर और विधायक श्रेयसी सिंह, मैथिली ठाकुर और पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा के नामों की भी चर्चा है।

# मान का बयान देश को तोड़ने वाला: भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा )ने पंजाब के अमृतसर और जालंधर में हुए विस्फोटों पर मुख्यमंत्री भगवंत मान के बयान की निंदा करते हुए उसे देश को तोड़ने वाला तथा इंडिया गठबंधन की निराशा का पराकाष्ठा करार दिया है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पंजाब के अमृतसर और जालंधर में हुए विस्फोटों के पश्चात मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जो बयान दिया है कि ये भाजपा की खुराफात है, ये बहुत ही निंदनीय है। ये बयान उन्होंने राजनीति फायदे के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कहने पर दिया है।

उन्होंने कहा कि श्री मान का बिना ठोस जांच के भाजपा पर आरोप लगाना गलत है। ये बेहद गैर-जिम्मेदाराना बयान है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) द्वारा प्रारंभिक जांच में इसमें इंटर-सर्विसेज़ इंटेलिजेंस (आईएसआई) की भूमिका की आशंका जताई गयी है, जो इस मुद्दे की गंभीरता को साफ दर्शाता है, लेकिन श्री केजरीवाल के कहने पर उन्होंने जो ये बयान दिया है, यह देश को तोड़ने वाला है। यह बहुत ही संवेदनहीन और निंदनीय है। यह इंडिया गठबंधन की निराशा की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा, ''आज मैं पूरे विश्वास के साथ कह रहा हूं कि इंडिया गठबंधन का जो रवैया है, अब ज्यादा दिन तक चलने वाला नहीं है। इंडिया गठबंधन अब पूरी तरह तहस-नहस होने वाला है। जनता सब देख रही है, और इसका करारा जवाब भी देगी। भाजपा नेता ने कहा कि पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि यह आईएसआई की साजिश का प्रयास है। ऐसी परिस्थितियाँ पाकिस्तान और आईएसआई द्वारा आतंकवादियों के माध्यम से पंजाब और जम्मू - कश्मीर में समय-समय पर पैदा की जाती रही हैं।

गौरतलब है कि श्री मान ने इन दोनों जगहों पर हुए विस्फोटों को लेकर कहा था कि भाजपा का यह काम करने का तरीका है कि जिस राज्य में चुनाव लड़ना है पहले वहां दंगे करवा दो, छोटे-मोटे धमाके करवा दो, धर्म, जाति के नाम लोगों को बांट दो। यह भाजपा की चुनाव की तैयारी है।

## कुछ ही सप्ताह में समाप्त हो जाएगा इंडिया गठबंधन

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) ने विधानसभा चुनावों में वोट चोरी के आरोपों को लेकर विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए दावा किया है कि इंडिया गठबंधन कुछ ही सप्ताह में समाप्त होने वाला है तथा इसका श्रेय लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जाएगा। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने बुधवार को यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज सब एक हो गए हैं। श्री गांधी ने ट्वीट किया है कि पहले वोट की चोरी और सीट की चोरी होती थी, लेकिन अब तो पूरी की पूरी सरकार ही चोरी हो गयी है। श्री गांधी कह रहे हैं कि हरियाणा में घुसपैठियों की सरकार है। रोहिंग्या और बंगलादेशियों के साथ खड़े होकर चुनी हुई सरकार को घुसपैठिया कह रहे हैं। उन्होंने कहा, ''श्री गांधी जब चुनाव चल रहे होते हैं, तो आप अंडमान-निकोबार छुट्टी मनाने चले जाते हैं और चीन के इशारे पर उनके लिए दुष्प्रचार करते हैं। श्री गांधी आप एक अयोग्य नेता हैं। मैं एक भविष्यवाणी कर रहा हूँ कि कुछ ही हफ़्तों में इंडिया गठबंधन खत्म होने वाला है। यह ख़बर सूत्रों पर आधारित है। इंडिया गठबंधन खत्म होने वाला है। इसका सारा दोष श्री गांधी के सिर पर आएगा। उन्होंने सवाल किया कि सुश्री बनर्जी ने कल कहा था कि मैं इस्तीफ़ा नहीं दूँगी। क्या भारत के लोकतंत्र में ऐसा कभी हुआ है? श्री एमके स्टालिन ने कल अपना इस्तीफ़ा दिया। श्री पिनाराई विजयन ने परसों अपना इस्तीफ़ा दिया। यह लोकतंत्र और भारत के संविधान का अपमान है।

## वोट चोरी के आरोप पर गरमाई सियासत, राहुल गांधी का चुनाव आयोग और सरकार पर हमला

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनावी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए वोट चोरी का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह खड़े किए। श्री राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि वोट चोरी से कभी सीटें चुराई जाती हैं, कभी पूरी सरकार। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा में भाजपा के 240 सांसदों में से ल्लगभग हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ऐसे लोगों को क्या भाजपा की भाषा में घुसपैठिया कहा जाना चाहिए। हरियाणा का जिक्र करते हुए श्री राहुल गांधी ने कहा, वहां तो पूरी सरकार ही 'घुसपैठिया' है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो संस्थाओं को अपने नियंत्रण में रखते हैं और मतदाता सूचियों व चुनावी प्रक्रिया में हेरफ़ेर करते हैं, वे खुद रिमोट कंट्रोल से संचालित हैं। श्री गांधी ने यह भी कहा कि निष्पक्ष चुनाव होने पर सत्ताधारी दल 140 सीटों के आसपास भी नहीं पहुंच पाएगा। इस बीच, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर भी सियासत तेज हो गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत विपक्ष के कई बड़े नेताओं ने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं।

## संयुक्त कमांडरों का सम्मेलन जयपुर में, राजनाथ करेंगे संबोधित

**नयी दिल्ली।** सेनाओं के संयुक्त कमांडरों का दूसरा सम्मेलन गुरुवार और शुक्रवार को जयपुर में होगा जिसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि यह सम्मेलन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर हो रहा है। ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं का ऐतिहासिक अभियान रहा है जो भारत की अडिग राजनीतिक इच्छाशक्ति तथा सटीकता से परिपूर्ण सैन्य संकल्प का प्रमाण है। संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन का विषय 'नए क्षेत्रों में सैन्य क्षमता' है और इसे प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान भी संबोधित करेंगे। मंत्रालय ने कहा है कि आधुनिक युद्ध अब अधिक जटिल और प्रौद्योगिकी-आधारित स्वरूप में परिवर्तित हो रहा है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मानव रहित प्रणालियों के विकास और उभरते खतरों का गहरा प्रभाव देखने को मिल रहा है।

# पेज एक का शेष

## ईसी नियुक्ति कानून...

मामले की गंभीरता का उल्लेख करते हुए कहा, ''यह मामला किसी भी अन्य मामले से अधिक महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, ''आपके (सॉलिसिटर जनरल के) सहयोगी आज नोट ले लें। याचिकाकर्ता अपनी दलीलें शुरू करें। सभी मामले महत्वपूर्ण हैं। हमने अखबारों में पढ़ा है कि एक टिप्पणी है कि शबरिमला से जुड़ी जनहित याचिका पर अदालत को विचार नहीं करना चाहिए था। इसलिए, पूरे सम्मान के साथ कहें तो नौ न्यायाधीश एक ऐसे मामले में व्यस्त हैं, जिसे लेकर यह भी कहा जा रहा है कि इसे पहले ही सुनवाई के लिए नहीं लिया जाना चाहिए था। इसके बाद पीठ ने सुनवाई जारी रखते हुए निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता अपनी दलीलें बृहस्पतिवार तक समाप्त करें। इसने केंद्र सरकार को बाद की तारीख पर अपनी दलीलें रखने की अनुमति दी। इससे पहले 20 मार्च को प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने इन याचिकाओं की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। उन्होंने कहा था, ''मुझ पर हितों के टकराव का आरोप लगाया जाएगा, (क्योंकि) इसमें हितों का टकराव है। यह कानून दिसंबर 2023 में संसद द्वारा पारित किया गया था, जो उस महत्वपूर्ण फैसले के कुछ महीनों बाद आया था, जिसमें शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया था कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक समिति द्वारा की जाए, जिसमें प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के प्रधान न्यायाधीश शामिल हों। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा था कि यह व्यवस्था तब तक लागू रहेगी जब तक कोई कानून नहीं बन जाता। वर्ष 2023 के नये कानून के तहत चयन समिति में प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष (या सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता) शामिल होते हैं। जनहित याचिकाओं में कहा गया है कि इस समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर करना नियुक्ति प्रक्रिया की स्वतंत्रता को कमजोर करता है। इस कानून को कई याचिकाकर्ताओं ने चुनौती दी है, जिनमें कांग्रेस नेता जया ठाकुर और गैर-सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) शामिल हैं। इससे पहले केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत में 2023 कानून के तहत दो नये चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का बचाव किया था और कहा था कि निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता चयन समिति में न्यायिक सदस्य की मौजूदगी पर निर्भर नहीं करती। मार्च 2023 में पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने फैसला दिया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक समिति की सलाह पर की जाएगी। इस समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारत के प्रधान न्यायाधीश शामिल होंगे।

## 'रक्षा त्रिवेणी संगम'...

हो रहा इकोसिस्टम देश को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। बड़ी संख्या में उद्योगों, स्टार्टअप्स और इनोवेटर्स की भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश डिफेंस टेक्नोलॉजी हब के रूप में उभर रहा है। समापन अवसर पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, सैन्य अधिकारी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञ, स्टार्टअप्स और बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले संस्थानों और प्रतिभागियों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि रक्षा त्रिवेणी संगम की यह पहल भविष्य में देश की सुरक्षा और तकनीकी आत्मनिर्भरता को नई दिशा देगी।

## युद्ध शक्तियां अधिनियम...

संबंध बनाये रखने के लिए इसके कुछ प्रावधानों का पालन करते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष वह चार बार कैपिटल हिल जाकर सांसदों को जानकारी दे चुके हैं, जिसमें सीनेट, प्रतिनिधि सभा, इंटेलिजेंस कमेटी और गैंग ऑफ एट के सदस्य शामिल हैं। श्री रुबियो ने लेबनान के मुद्दे पर कहा कि समस्या 'इजरायल और लेबनान के बीच नहीं, बल्कि हिजबुल्लाह' है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिजबुल्लाह लेबनान की धरती से इजरायल को निशाना बनाता है और साथ ही लेबनानी जनता को भी नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा, ल्लहिजबुल्लाह ईरान की क्षेत्र को अस्थिर करने की इच्छा का विस्तार है। श्री रुबियो ने दावा किया कि हमास, हिजबुल्लाह और हूती जैसे समूहों के पीछे तेहरान का हाथ है। श्री रुबियो ने कहा कि अमेरिका का उद्देश्य लेबनानी सशस्त्र बलों को इतना सक्षम बनाना है कि वे हिजबुल्लाह को चुनौती देकर उसे समाप्त कर सकें। उन्होंने कहा, 'सरकार और हिजबुल्लाह दोनों साथ नहीं हो सकते। केवल सरकार होनी चाहिए। ईरानी विदेश मंत्री की चीन यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री रुबियो ने कहा कि उन्हें इससे चिंता नहीं है, लेकिन उम्मीद है कि चीन तेहरान को स्पष्ट संदेश देगा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में उसकी गतिविधियां उसे वैश्विक स्तर पर अलग-थलग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चीन की अर्थव्यवस्था निर्यात आधारित है और उसके लिए भी यह जरूरी है कि ईरान जलडमरूमध्य में अवरोध समाप्त करे। अमेरिकी प्रतिबंधों को लेकर रुबियो ने चेतावनी दी कि जो भी वित्तीय संस्थान ईरान को प्रतिबंधों से बचने में मदद करेंगे, उन्हें द्वितीयक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा और अमेरिकी वित्तीय प्रणाली तक उनकी पहुंच समाप्त हो सकती है।

## बीएसएफ हेडक्वार्टर...

केएलएफ डीआईजी संदीप गोयल को चेतावनी देती है कि आप, आपका परिवार और आपके रिश्तेदार हमारा निशाना हैं। शहीद रणजीत सिंह के खून का बदला आपके करीबियों और प्यारे लोगों के खून से लिया जाएगा। गोयल परिवार ने बहुत सारे अत्याचार किए हैं। हम इतना खून बहाएंगे कि सब कुछ लाल दिखाई देगा। विशेष की वीडियो जल्द ही जारी की जा रही है। जालंधर में पीएपी चौक के पास रात लगभग आठ बजे स्कूटी के पास धमाका हुआ। सूत्रों के मुताबिक, एक आतंकी पीएपी चौक की ओर से रॉन्ग साइड से पैदल आता दिखा। वह सीधे उस स्थान तक पहुंचा, जहां फुटपाथ पर एक्टिवा खड़ी थी। युवक ने पॅलीथिन में लिपटा पैकेट वहां छोड़ा और बस अड्डे की ओर दौड़ लगा दी। इसके कुछ सेकेंड में धमाका हो गया। धमाका जिस एक्टिवा में हुआ वह बीएसएफ के पूर्व जवान कश्मीर सिंह (गांव गढ़ा) की है। उनका इकलौता बेटा गुरप्रीत सिंह कूरियर बॉय का काम करता है। वह रात को एक्टिवा खड़ी कर हेडक्वार्टर के अंदर पार्सल देने गया था। गुरप्रीत को पुलिस ने बीएसएफ हेडक्वार्टर में हिरासत में ले लिया है। एजेंसियों को आशंका है कि आगे उसका साथी इंतजार कर रहा था और वह किसी वाहन में बैठकर भाग गया। फोरेंसिक टीम को मौके से बम के फटे हिस्से मिले हैं। आज मुख्यमंत्री भगवंत मान जालंधर आने वाले हैं। उससे पहले यह वारदात हो गई। वहीं, अमृतसर में भी आर्मी कैंप खासा के गेट नंबर 5 और 6 के बाहर भी रात करीब 11 बजे ग्रेनेड अटैक हुआ। इसमें केवल टीन शेड को नुकसान पहुंचा है। एजेंसियां मामलों की जांच में जुट गई है। डिलीवरी बॉय गुरप्रीत सिंह उर्फ क्रिस ने पुलिस पूछताछ में बताया- मैं पार्सल देने नहीं, बल्कि लेने आया था। मैंने एक्टिवा फुटपाथ पर खड़ी की और गेट पर पार्सल लेने के लिए फौजी को कॉल किया। मैं इंतजार कर रहा था, तभी एक युवक पास से निकला। कुछ देर बाद धमाका हो गया। उसने बताया- मैं घबराकर गेट की ओर भागा। बीएसएफ कर्मी मौके पर पहुंचे। धमाके में एक्टिवा की नंबर प्लेट उछलकर गिर गई और स्कूटी में आग लग गई। इसके बाद पुलिस ने मुझे हिरासत में लिया। एक महिला अधिकारी ने खुद को एसपी बताया और मुझे अंदर ले जाया गया। मेरा इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। गुरप्रीत के पिता कश्मीर सिंह ने कहा कि उनका 22 वर्षीय बेटा तीन महीने पहले ही इस काम पर लगा था। उन्होंने कहा कि उनका बेटा पूरी तरह बेगुनाह है और उन्हें उससे मिलने नहीं दिया जा रहा। उनका कहना है कि एक फौजी का बेटा कभी देश के खिलाफ नहीं जा सकता। वह आतंकी नहीं हो सकता। रात में ही जांच एजेंसियां बीएसएफ से रिटायर्ड कश्मीर सिंह के गढ़ा स्थित सड़क मोहल्ला पहुंचीं। यहां गुरप्रीत के बारे में जानकारी जुटाई गई। पता चला कि वह अपने ममेरे भाई को घर छोड़कर सीधे बीएसएफ चौक आया था। जांच के बाद टीम वापस लौट गई। अमृतसर आर्मी कैंप पर धमाके को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोहेल मीर कासिम ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि बाइक पर सवार दो नकाबपोशों ने विस्फोटक को हवा में उछालते हुए आर्मी कैंप की तरफ फेंका। दीवार के साथ लगते ही जोरदार धमाका हुआ। धमाके से चारदीवारी पर सेना क्षेत्र को कवर करने के लिए लगाई गई टीन शेड ढह गईं। गेट नंबर 6 और 7 के बीच की दीवार को भी थोड़ानंबर 6 और 7 के बीच की दीवार को भी थोड़ा नुकसान हुआ है। धमाके की आवाज सुनते ही सैन्य अधिकारी और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। अमृतसर के पुलिस अधीक्षक आदित्य वॉरियर ने बताया कि रात 10:50 बजे खासा कैंट के पास धमाके की सूचना मिली थी। बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) और फॉरेंसिक (एफएसएल) टीम ने मौके से नमूने एकत्र किए हैं जिन्हें परीक्षण के लिए भेजा गया है।

## अमेरिका ने पेशावर...

बदलाव के बावजूद पाकिस्तान में अमेरिकी प्रशासन की नीतिगत प्राथमिकताएं कायम रहेंगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका खैबर पख्तूनख्वा के लोगों और अधिकारियों के साथ आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने, क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और अमेरिकी जनता के हितों को आगे बढ़ाने के लिए सार्थक रूप से बातचीत जारी रखेगा। प्रवक्ता ने कहा, ''विदेश विभाग पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास के माध्यम से इस्लामाबाद, कराची और लाहौर में अपने शेष राजनयिक पदों के जरिए अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## आतंकी हमले की...

इसके अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों की जानकारी भी साझा की गई थी। दानियाल ने आतंकी घटना को अंजाम देने के लिए गैंगस्टरों से हथियार और पैसों की मांग भी की थी। वहीं, कृष्णा मिश्रा के मोबाइल से ऐसे वीडियो और ऑडियो मिले हैं, जिनमें पाकिस्तानी एजेंटों द्वारा वर्दीधारी व्यक्ति को गोली मारने और उसका वीडियो भेजने का टास्क दिया गया था। उसके फोन में रेकी से जुड़े वीडियो भी बरामद हुए हैं। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि इंस्टाग्राम के जरिए उनका संपर्क हुआ था, जहां उन्हें लालच दिया गया कि निर्देशों का पालन करने पर उन्हें 'हीरो' बना दिया जाएगा। आरोपियों के पास से असलहा, कारतूस बरामद हुए। हैं।

## रवींद्र जयंती पर होगा...

प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते, मेरे पास ऐसा करने का अधिकार है, और अगर मैं ऐसा नहीं कर पाता, तो मैं अपने पद से इस्तीफा दे दूँगा। मुझे नाम और तस्वीरें दीजिए, और मैं कार्रवाई करूँगा।'' हालांकि, राज्य भाजपा अध्यक्ष ने यह साफ़ कर दिया है कि पार्टी अभी सत्ता में नहीं है। उन्होंने कहा, ''हमने अभी तक ज़िम्मेदारी नहीं ली है। यह एक संक्रांति काल है, और चुनाव आयोग तथा राज्यपाल को इसकी ज़िम्मेदारी लेनी होगी।'' श्री भट्टाचार्य ने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव नतीजों के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया गया और दावा किया कि पार्टी के कम से कम दो सदस्यों की जान चली गई। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि पार्टी किसी भी हाल में हिंसा का समर्थन नहीं करती और उसने पहले ही राज्य प्रशासन से क़ानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख़्त कार्रवाई करने की अपील की थी।

## भारत-वियतनाम...

जीवंत रखने के लिए अब'' हम वियतनाम के प्राचीन चम्पा सभ्यता के मी सॉन और न्हान टवर मंदिरों का रेस्टॉरेशन कर रहे हैं। अब हम चम्पा सभ्यता की पांडुलिपि को डिजिटल रूप देंगे , और इस अमूल्य धरोहर को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करेंगे। भारत और वियतनाम का द्विपक्षीय व्यापार पिछले एक दशक में दोगुना होकर 16 अरब डॉलर तक पहुँच चुका है। वर्ष 2030 तक इसे 25 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लिए हमने आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। हमारी ड्रग अथॉरिटीज़ के बीच एमओयू से अब भारत की दवाइयों का वियतनाम में एक्सेस बढ़ेगा। भारत के एग्रीकल्चर, फिशरीज़ और एनिमल प्रोडक्ट्स का भी, वियतनाम तक एक्सपोर्ट और सुगम होने जा रहा है। बहुत जल्द, वियतनाम भारत के अंगूर और अनार का स्वाद लेगा, और हम वियतनाम के डूरियन और पोमेलो का। श्री मोदी ने कहा कि इसके अलावा दोनों देशों ने भारत-आसियान व्यापार समझौते ''आईटिगा'' को वर्ष के अंत तक उन्नत करने पर भी सहमति बनाई है। इससे भारत और आसियान के सभी देशों के बीच व्यापार और निवेश को नई ऊर्जा मिलेगी। महत्वपूर्ण खनिजों , रेयर अर्थ और ऊर्जा सहयोग में नई पहलों से, दोनों देशों की आर्थिक सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती सुनिश्चित की जायेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों ने वित्तीय संपर्क को आगे बढाने के लिए अपने सेंट्रल बैंकों के बीच सहयोग बढ़ाने का निर्णय किया है। भारत के यूपीआई और वियतनाम के फास्ट पेमेंट सिस्टम भी जल्द ही लिंक होने जा रहे हैं। साथ ही दोनों देशों के बीच ''स्टेट टू स्टेट और सिटी टू सिटी सहयोग को भी मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वियतनाम भारत की ऐक्ट-ईस्ट पॉलिसी और विज़न महासागर का एक मुख्य स्तंभ है। हिन्द प्रशांत क्षेत्र में भी हमारा साझा दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा ,'' हम अपनी सुदृढ़ होते रक्षा और सुरक्षा सहयोग से, कानून के शासन, शांति, स्थिरता और समृद्धि के प्रति योगदान देते रहेंगे। वियतनाम के सहयोग से भारत, आसियान के साथ अपने संबंधों को भी और व्यापक बनाएगा। श्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करने और आतंकवाद के विरुद्ध भारत के संघर्ष में साथ खड़े रहने के लिए वियतनाम के प्रति आभार भी जताया।

# चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े मामले की सुनवाई 7 मई को भी करेगा सुप्रीम कोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली, । उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति में मुख्य न्यायाधीश की भूमिका खत्म करने के केंद्र सरकार के कानून पर रोक की मांग को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई टालने से इनकार कर दिया है। जस्टिस दीपांकर दत्ता की अध्यक्षता वाली बेंच से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की सुनवाई टालने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने इस मांग को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ये मामला देश के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इस मामले पर सुनवाई कल यानि 7 मई को भी जारी रहेगी।

मेहता ने कोर्ट से कहा कि वो फिलहाल सबरीमाला मंदिर से जुड़े नौ जजों की बेंच के सामने व्यस्त हैं। तब जस्टिस दत्ता ने कहा कि ये मामला किसी भी दूसरे विषय से अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने केंद्र सरकार से कहा है कि उनके सहयोगी वकील आज नोट्स लें, लेकिन सुनवाई नहीं रुकेगी।बुधवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कांग्रेस नेता जया ठाकुर की ओर से पेश वकील विजय हंसारिया से पूछा कि क्या कोर्ट संसद को ये निर्देश दे सकती है कि वो निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति में मुख्य न्यायाधीश की भूमिका को भी शामिल करने के लिए कानून बनाएं। कोर्ट ने कहा कि कानून बनाना संसद का विशेषाधिकार है। तब हंसारिया ने कहा कि कोर्ट किसी भी कानून का संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत परीक्षण कर सकता है। इस मामले में एडीआर के अलावा एक याचिका जया ठाकुर ने दायर की है। याचिका में चयन समिति में मुख्य न्यायाधीश को भी रखने की मांग की गई है। इस मामले पर उच्चतम न्यायालय में प्रैक्टिस करने वाले कुछ वकीलों ने भी याचिका दायर कर रखी है। याचिका में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद केंद्र सरकार की ओर से लाए गए नए कानून को चुनौती देते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्तियों में देश के मुख्य न्यायाधीश को भी पैनल में शामिल करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि चुनाव में पारदर्शिता लाने के मद्देनजर मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करने वाले पैनल में मुख्य न्यायाधीश को भी शामिल किया जाना जरुरी है। उच्चतम न्यायालय ने 2 मार्च, 2023 में अपने एक फैसले में कहा था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति करने वाले पैनल में मुख्य न्यायाधीश को भी शामिल किया जाएगा। इसके बाद केंद्र सरकार द्वारा इस फैसले पर एक नया कानून बनाकर नियुक्ति प्रक्रिया में मुख्य न्यायाधीश के बजाय सरकार का एक कैबिनेट मंत्री शामिल कर दिया गया।

# हाई कोर्ट ने प्रो अशोक स्वैन की याचिका पर जवाब देने के लिए केंद्र को दो हफ्तों का समय दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली, 06 मई (हि.स.)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने स्वीडन में भारतीय मूल के प्रोफ़ेसर अशोक स्वैन की ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्ड बहाल करने के कोर्ट के आदेश के बावजूद भारत में प्रवेश करने की अनुमति नहीं देने के खिलाफ दायर याचिक पर केंद्र सरकार को जवाब देने के लिए दो हफ्ते का समय दे दिया है। जस्टिस पुरुषेंद्र कौरव की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को करने का आदेश दिया। बुधवार को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश वकील ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने दो हफ्ते का समय दे दिया। कोर्ट ने 14 नवंबर, 2025 को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था। उच्च न्यायालय ने 28 मार्च, 2025 को प्रोफ़ेसर स्वैन की ओसीआई कार्ड रद्द करने के केंद्र सरकार के आदेश




को निरस्त कर दिया था। स्वैन स्वीडन के उप्पसाला यूनिवर्सिटी में पीस एंड कंफ्लीक्ट रिसर्च के प्रोफ़ेसर हैं। 30 जुलाई, 2023 को केंद्र सरकार ने अपने आदेश में स्वैन का ओसीआई कार्ड निरस्त कर दिया था। इसके पहले 10 जुलाई, 2023 को उच्च न्यायालय स्वैन के ओसीआई कार्ड को निरस्त करने के आदेश को रद्द कर दिया था। स्वैन ने अपनी याचिका में कहा था कि वर्तमान सरकार और उसकी नीतियों का विरोध करने की वजह से उन्हें निशाना नहीं बनाया जा सकता है। स्वैन ने कहा कि इसके पहले भी फरवरी, 2022 में केंद्र सरकार की आलोचना करने की वजह से उनका ओसीआई कार्ड निरस्त कर दिया गया था। उन्होंने न तो कोई भड़काऊ भाषण दिया था और न ही भारत विरोधी गतिविधि में शामिल रहे हैं। एक प्रोफ़ेसर होने के नाते वे सरकार की नीतियों पर चर्चा करते हैं। सरकार की नीतियों की आलोचना करना नागरिकता कानून के तहत भारत विरोधी गतिविधि के तहत नहीं आता है। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से पूछा था कि ये कैसा आदेश है।

# संक्षिप्त समाचार

## बिहार-झारखंड से पुलिस ने फरार तीन इनामी भगोड़े दबोचे

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 12 से 21 साल से फरार चल रहे तीन इनामी घोषित अपराधियों को बिहार और झारखंड से गिरफ्तार किया है। तीनों अलग-अलग जघन्य मामलों में वांछित थे और इन पर कुल 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस टीम ने छह दिनों में 3300 किलोमीटर की यात्रा कर तीनों आरोपितों को दबोचा। गिरफ्तारी के दौरान पुलिसकर्मियों ने कहीं टेंपो चालक तो कहीं सब्जी विक्रेता बनकर आरोपितों तक पहुंच बनाई।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त संजीव यादव ने बुधवार को बताया कि पकड़े गए आरोपितों में दो पोस्को मामलों और एक हत्या के प्रयास के मामले का फरार आरोपी शामिल है। इनमें एक पर 10 हजार रुपये तथा दो पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। तीनों लंबे समय से दिल्ली पुलिस को चकमा देकर अलग-अलग राज्यों में छिपे हुए थे। पुलिस उपायुक्त के अनुसार राजौरी गार्डन थाने में दर्ज पोस्को मामले में वांछित युधिष्ठिर 12 साल से फरार था। उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। जांच में पता चला कि वह झारखंड के दुमका में टेंपो चलाता है। पुलिस टीम ने खुद टेंपो किराये पर लेकर चालक और यात्री बनकर उसकी रेकी की और अंततः उसे दबोच लिया।

छत से भागा, तीन किलोमीटर पीछा कर पकड़ा

वहीं रन्हौला थाने में दर्ज दुष्कर्म व पोस्को मामले में फरार 20 हजार के इनामी मोहम्मद अखलाख उर्फ अमित बिहार के पूर्णिया में छिपा था। पुलिस जब उसके घर पहुंची तो वह छत से कूदकर भागने लगा। टीम ने करीब तीन किलोमीटर पीछा कर उसे पकड़ लिया। जबकि उत्तम नगर थाने में हत्या के प्रयास के वर्ष 2005 के मामले में फरार राम कुमार पिछले 21 साल से पुलिस से बच रहा था। उस पर भी 20 हजार रुपये का इनाम था। पुलिस को सूचना मिली कि वह बिहार के भोजपुर में सब्जी बेचता है। इसके बाद टीम ने सब्जी विक्रेता बनकर जाल बिछाया और उसे आरा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के मुताबिक, लंबे समय से फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। कई महीनों की तकनीकी निगरानी, मानवीय सूचना और लगातार फील्ड वर्क के बाद तीनों की लोकेशन ट्रेस हुई। टीम ने अलग-अलग राज्यों में लगातार छापेमारी कर सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपितों को ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया है। उनसे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि लंबे समय से फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## राज्यपाल से मुख्य सचिव ने की भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) से बुधवार को लोक भवन में मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने मुख्य सचिव से प्रदेश के विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की।वहीं राज्यपाल से लोक भवन में दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुरेखा डंगवाल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कुलपति से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, शोध एवं नवाचार संबंधी विषयों की जानकारी ली।

## केदारनाथ यात्रा : सुदृढ़ व्यवस्थाओं से गदगद श्रद्धालु

देहरादून। केदारनाथ धाम यात्रा 2026 सुचारु रूप से संचालित हो रही है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगमता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। तीर्थयात्री इन प्रबंधों की सराहना कर रहे हैं। यात्रा मार्ग से लेकर धाम परिसर तक पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा, सुरक्षा एवं दर्शन व्यवस्था को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं का यात्रा अनुभव सुखद एवं संतोषजनक बन रहा है।

गाजियाबाद के वैशाली निवासी श्रद्धालु मोनिका वर्मा ने बताया कि पैदल मार्ग से यात्रा करने के दौरान उन्हें हर आवश्यक सुविधा सुलभ रूप से उपलब्ध हुई। उन्होंने कहा कि मार्ग पर पेयजल, खाद्य सामग्री, स्वच्छ शौचालय एवं साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था है। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रा से पूर्व उन्हें कुछ भ्रामक सूचनाओं के कारण चिंता थी, लेकिन धाम पहुंचने पर उन्होंने पाया कि प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं प्रभावी ढंग से की गई हैं। उन्होंने अन्य श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और निश्चिंत होकर यात्रा करें।

अंबाला निवासी श्रद्धालु आकाश ने कहा कि वह प्रतिवर्ष बाबा केदार के दर्शन हेतु आते हैं और इस वर्ष की व्यवस्थाएं पूर्व वर्षों की तुलना में और अधिक सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से समान रूप से दर्शन कराए जा रहे हैं तथा वीआईपी व्यवस्था का अभाव है, जिससे सभी को समान अवसर मिल रहा है। इसके लिए प्रशासन द्वारा प्रभावी बैरिकेडिंग एवं प्रबंधन किया गया है। श्रद्धालु निशा गहतोड़ी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पैदल मार्ग पर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर शौचालय, पेयजल, चिकित्सा इकाइयों एवं सुरक्षा व्यवस्था की उपलब्धता से यात्रा अत्यंत सुगम हो गई है। स्वच्छता व्यवस्था भी संतोषजनक है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा।

तीर्थ पुरोहित पंडित रमेश चंद्र पोस्ती ने कहा कि उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित श्री केदारनाथ धाम में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना चुनौतीपूर्ण कार्य है, किंतु सरकार एवं प्रशासन द्वारा समर्पित प्रयासों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने बाबा केदार से सभी श्रद्धालुओं के जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की।

जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन की टीमें समन्वय के साथ निरंतर कार्य करते हुए यात्रा को सुरक्षित, सुचारु एवं व्यवस्थित बनाए रखने में जुटी हैं। जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे केवल आधिकारिक सूचनाओं पर विश्वास करें तथा यात्रा के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# मुख्यमंत्री ने 7.56 लाख पेंशनर्स को जारी की पेंशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग की विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत 'वन क्लिक' के माध्यम से अप्रैल माह की पेंशन जारी की। इस दौरान कुल 7,56,682 पेंशनर्स के खातों में 111 करोड़ 82 लाख 52 हजार की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की गई। इसमें वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, किसान, परित्यक्ता, भरण-पोषण अनुदान, तीलू रौतेली और बौना पेंशन योजनाएं शामिल हैं।




इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा सरकार अंत्योदय के लिए समर्पित है, इसलिए सरकार आर्थिक- सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के सशक्तिकरण पर विशेष जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को समाज कल्याण विभाग की पेंशन का लाभ दिलाने के लिए लगातार कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके फलस्वरूप अब प्रत्येक वर्ष 60 हजार से अधिक नए लोग समाज कल्याण की पेंशन से जुड़ रहे हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगे भी इस तरह के बहुउद्देशीय कैम्प आयोजित किए जाएं। साथ ही प्रत्येक वर्ष 59 वर्ष की आयु पूरे करने वाले लोगों के बीच सर्वे कर पात्र लाभार्थियों के आवेदन पत्र सहित अन्य औपचारिकताएं पूरी कर लें, ताकि 60 साल की उम्र पूरी होते ही उन्हें योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए वार्षिक आय को व्यावहारिक बनाया जाए, साथ ही पेंशन योजनाओं सहित विभाग की अन्य योजनाओं की जानकारी एक जगह पर उपलब्ध कराने को कहा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नवाचार अपनाने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि, विभाग समाज कल्याण के क्षेत्र में कुछ बेस्ट प्रैक्टिस कर अन्य विभागों के साथ भी साझा करें। साथ ही कॉल सेंटर के माध्यम से बुजुर्गों और पेंशनर्स से संवाद भी करें।

इस मौके पर विभागीय मंत्री खजान दास ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में विभाग, प्रत्येक जरूरतमंद का ख्याल रख रहा है।

उन्होंने कहा कि पेंशन योजनाओं में पूरी तरह पारदर्शिता बरती जा रही है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु,सचिव शैलेश बगौली,अपर सचिव बंशीधर तिवारी,निदेशक समाज कल्याण डॉ.संदीप तिवारी,अपर सचिव समाज कल्याण प्रकाश चंद्र एवं समाज कल्याण विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## आदि कैलाश व ओम पर्वत यात्रा पर 8 को हल्द्वानी से रवाना होगा पहला दल

नैनीताल। कुमाऊं मण्डल विकास निगम (केएमवीएन) की ओर से संचालित आदि कैलाश व ओम पर्वत यात्रा का प्रथम दल आगामी शुक्रवार 8 मई को प्रातः 8 बजे हल्द्वानी से रवाना होगा। इसमें बीस यात्री शामिल होंगे। निगम के व्यवसाय विकास प्रबंधक दीपक पांडे ने बताया कि आदि कैलाश व ओम पर्वत यात्रा पर श्रद्धालुओं का पहला दल शुक्रवार को तिकोनिया स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से अपनी यात्रा प्रारंभ करेगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालु पहले दिन कैंची धाम, चितई गोलू देवता मंदिर एवं जागेश्वर धाम के दर्शन करेंगे। इसके उपरांत दल पर्यटक आवास गृह जागेश्वर में मध्याह्न भोजन करेगा और फिर पिथौरागढ़ के लिए प्रस्थान करेगा। उन्होंने बताया कि प्रथम यात्रा दल में कुल 20 यात्री शामिल हैं, जिनमें 13 महिला एवं 7 पुरुष यात्री हैं। निगम की ओर से यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# बदरीनाथ को स्प्रिचुअल हिल टाउन के रूप में विकसित करने की योजना बना रही सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। राज्य सरकार बदरीनाथ धाम को स्प्रिचुअल हिल टाउन के रूप में विकसित करने की कार्य योजना तैयार कर रही है। यहां मास्टरप्लान के तहत सौंदर्यीकरण, सांस्कृतिक पहचान और आध्यात्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्थलों को विकसित कियाजा रहा है इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष बुधवार को सचिवालय में पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बदरीनाथ धाम के मास्टर प्लान के अंतर्गत चल रहे कार्यों की जानकारी साझा की। बैठक में सचिव पर्यटन धीराज गर्ब्याल ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया गया कि बदरीनाथ को एक आध्यात्मिक स्मार्ट हिल टाउन के रूप में विकसित करने के लिए बहु-आयामी और चरणबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य तीर्थयात्रियों को



आधुनिक सुविधाओं के साथ दिव्य और व्यवस्थित अनुभव देना है। उन्होंने बताया कि मास्टर प्लान के तहत क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, सांस्कृतिक पहचान और आध्यात्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्थलों को विशेष रूप से विकसित किया जा रहा है। देव दर्शनी पॉइंट को इस प्रकार तैयार किया जा रहा है कि श्रद्धालुओं को यहां से बद्रीनाथ धाम के प्रथम दर्शन एक भव्य और दिव्य रूप में प्राप्त हो सकें। वहीं बद्रीनारायण चौक को एक प्रमुख आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं और आकर्षक सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होंगे। बदरीनाथ धाम में आईएसबीटी वॉल पर स्थानीय कला एवं धार्मिक विषयों पर आधारित भित्ति चित्रों के माध्यम से क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया जायेगा। वसुधा वाटिका कलाकृति के माध्यम से प्रकृति, आध्यात्मिकता और उत्तराखंड की पारंपरिक कला का समावेश करते हुए आकर्षक लैंडस्केप तैयार किए जायेंगे।मास्टर प्लान में भगवान विष्णु से जुड़े प्रतीकों को भी प्रमुखता दी गई है, जिनमें पाञ्चजन्य शंख, कौमोदकी गदा, सुदर्शन चक्र, वैकुंठ द्वार जैसी भव्य कलाकृतियों का निर्माण किया जायेगा, जो न केवल धार्मिक महत्व को दर्शायेंगे, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र भी बनेंगे।

# पौआखाली सरकारी अस्पताल की बदहाली पर भड़के विधायक, निरीक्षण में उजागर हुई गंभीर लापरवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता

किशनगंज । ठाकुरगंज प्रखंड के नगर पंचायत पौआखाली स्थित शहरी सरकारी अस्पताल की बदहाल व्यवस्था एक बार फिर सामने आई है। बुधवार को ठाकुरगंज विधायक गोपाल कुमार अग्रवाल के औचक निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई गंभीर खामियां पाई गईं, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान विधायक ने पाया कि अस्पताल में पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं है। बाथरूम और शौचालय गंदगी से भरे पड़े हैं तथा साफ-सफाई का अभाव है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इमरजेंसी में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे रुई, बैंडेज आदि बिखरी हुई मिलीं। वार्ड में कई बेड पर चादर तक नहीं बिछी थी, जिससे अस्पताल की लचर व्यवस्था उजागर हुई। विधायक ने इस संबंध में सिविल सर्जन को अवगत कराते हुए जल्द से जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में इस तरह की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्थानीय लोगों ने भी अस्पताल की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जब पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा ही उपलब्ध नहीं है, तो इलाज की गुणवत्ता का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। अब देखना है कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

# जेपीयू में 913 करोड़ रुपए का बजट हुआ पास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सारण। जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के सीनेट हॉल में विश्वविद्यालय अधिषद की बैठक कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक के दौरान शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 9134276742 रुपये का प्रस्तावित बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक की शुरुआत करते हुए कुलपति प्रो बाजपेई ने सदन को विश्वविद्यालय की विगत एक वर्ष की उपलब्धियों से अवगत कराया।

उन्होंने एकेडमिक सुधारों, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और छात्र हितों के लिए उठाए गए कदमों की विस्तार से जानकारी दी। कुलपति के संबोधन का सीनेट सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया और विश्वविद्यालय की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

वित्तीय परामर्शी इंद्र कुमार द्वारा प्रस्तुत इस बजट को कुल ग्यारह खंडों में विभाजित किया गया है। बजट के अनुसार कुल प्रस्तावित व्यय 9,13,42,76,742 रुपए, आंतरिक स्रोतों से अनुमानित आय 70,13,25,746 रुपए, राज्य सरकार से मांग 8,43,29,50,996 रुपए की मांग की गई है, बजट में शिक्षकों व कर्मचारियों के वेतन, पेंशन, आधारभूत संरचना और शोध कार्यों पर विशेष बल दिया गया है। बैठक में साइंस डीन प्रो केपी श्रीवास्तव ने शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु एकेडमिक, परीक्षा, स्पोर्ट्स और सांस्कृतिक कैलेंडर को सख्ती से लागू करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। इसके साथ ही, 5 मई 2026 को संपन्न हुई विद्वत परिषद और सिंडिकेट की बैठकों के प्रस्तावों को भी सदन ने अपनी मंजूरी दी। बैठक में विधान पार्षद प्रो वीरेंद्र नारायण यादव, आफाक आलम और छपरा विधि मंडल के अध्यक्ष रविरंजन प्रसाद सिंह ने विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए।

# भंडार हिंसा को लेकर 300 नामजद व 800 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण। जिले के पचपकड़ी थाना क्षेत्र के भंडार गांव में विष्णु महायज्ञ के तहत निकाली गई कलश यात्रा को धार्मिक स्थल के समीप रोके जाने के बाद उत्पन्न विवाद मामले में पचपकड़ी थाना में दो अलग-अलग प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं।घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है और गांव में भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। स्थिति फिलहाल पूरी तरह नियंत्रण में बताई जा रही है। पहली प्राथमिकी वहां तैनात मजिस्ट्रेट सह ढाका बीडीओ डॉ. इस्लाम अंसारी के बयान पर दर्ज की गई है। इसमें दोनों पक्षों के करीब 200 नामजद एवं 500 अज्ञात लोगों को आरोपित किया गया है। प्राथमिकी में सरकारी कार्य में बाधा डालने, शांति भंग करने, पथराव करने तथा प्रशासनिक टीम पर हमला करने का आरोप लगाया गया है। दूसरी प्राथमिकी



पचपकड़ी थानाध्यक्ष उत्तम कुमार द्वारा दर्ज कराई गई है। इसमें डीजे संचालक एवं संबंधित लोगों पर बिना अनुमति डीजे बजाने, पथराव करने, पुलिस बल पर हमला करने तथा शांति व्यवस्था भंग करने का आरोप लगाया गया है।थानाध्यक्ष के आवेदन पर 100 नामजद एवं 300 अज्ञात को आरोपित किया गया है। उल्लेखनीय है,कि बीते सोमवार को भंडार गांव में धार्मिक स्थल के समीप डीजे बजाने को लेकर एक पक्ष ने आपत्ति जताई, जिसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और पथराव शुरू हो गया। इस दौरान ढाका बीडीओ सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर अज्ञात आरोपितों की पहचान में जुटी है। गांव में मजिस्ट्रेट की निगरानी में पुलिस बल तैनात है, जबकि थानाध्यक्ष उत्तम कुमार स्वयं पुलिस टीम के साथ कैंप कर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063